


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 07 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 198, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 73,895.54 ▲ +17.39
डॉलर 83.502 ▼ +0.122

**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 71,480
चांदी (1 किलो) 82,770

## लोकसभा चुनाव के दौरान ईडी की बड़ी कार्रवाई, मंत्री आलमगीर आलम के

# पीए के करीबियों के पास से 35 करोड़ मिले

### ■ आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से 31 करोड़ व बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 4 करोड़ जब्त

- नोट गिनने के लिए पीएनबी से मंगाई गई मशीन, 12 बक्से में भर कर नोट को पीएनबी के चेस्ट में रखा गया
- निलंबित ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से मिले इनपुट पर हुई कार्रवाई
- पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर भी छापेमारी, बरियातू, मोरहाबादी, बोड़िया में भी कार्रवाई
- चिरौंदी साइंस सिटी निवासी लोहरदगा में पदास्थापित सिविल इंजिनियर कुलदीप मिंज के घर पर भी हुई छापेमारी



उपेंद्र गुप्ता

**रांची।** झारखंड में अभी लोकसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव 13 मई को होना है, प्रत्याशियों का नामांकन तेजी से चल रहा है। पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दो दिवसीय तूफानी दौरे में राज्य में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए झामुमो और कांग्रेस को इसका भागीदार बता राजनीतिक पारा बढ़ाया तो मंगलवार को कांग्रेस के राहुल गांधी सिसई और चाईबासा में जनसभा करने वाले हैं। मतलब राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। ठीक इसी बीच सोमवार को ईडी ने झारखंड सरकार के मंत्री व कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के सरकारी आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के गाड़िखाना स्थित सैयद अमार्टमेंट के आवास में छापेमारी कर 31.2 करोड़ की भारी नकदी जब्त की। इसके साथ ही संजीव लाल के बिजनेस पार्टनर मुन्ना सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट से ईडी को 4.03 करोड़ कैश मिले, दोनों जगह मिलाकर ईडी ने कुल 35 करोड़ कैश बरामद किया है। ईडी के इस कार्रवाई के बाद राज्य में हडकंप मच गया है। जहां भाजपा ने राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मंत्री आलमगीर आलम ने मामले से झाड़ा पल्ला



ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उन्होंने भी टीवी पर न्यूज देखा कि मेरे आप्त सचिव के घर छापेमारी चल रही है। उन्होंने कहा कि मेरा इस मामले से कोई लेना देना नहीं। संजीव एक सरकारी अधिकारी है। इससे पहले भी वह दो-दो मंत्री के यहां काम कर चुके हैं। इसे देखते हुए ही उन्होंने संजीव को अपने पास रखा था। पैसे किसके हैं कहां से आए इसकी जानकारी संजीव या जहांगीर आलम ही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पूरी जांच नहीं हो जाती तब तक कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

### ईडी ने इन जगहों पर की छापामारी

- सेल सिटी स्थित अपारमेंट में इंजीनियर विकास कुमार के ठिकाने पर
- पीपी कंपाउंड में बिल्डर और ओएसडी संजीव लाल के करीबी मुन्ना सिंह के आवास पर, 4 करोड़ कैश बरामद
- दीनदयाल नगर में मंत्री आलमगीर आलम सरकारी आप्त सचिव के आवास और कांके स्थित ठिकाने पर भी
- मंत्री के आप्त सचिव के नौकर जहांगीर आलम के आवास पर , 31 करोड़ बरामद
- चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के आवास पर , जो फिलहाल लोहरदगा में पदस्थापित हैं।

### कांग्रेस को नोटों से है प्यार : बाउरी

प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने कहा कि चंपाई सरकार के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी में भारी भरकम कैश बरामद हुआ है। नोटों का पहाड़ मिला है। कांग्रेस को नोटों से प्यार है। तिजोरियों में भरकर झारखंड के लोगों के मेहनत की कमाई इन लोगों ने जमा कर रखा था। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के अंदर इस सरकार ने झारखंड को लूटखंड बना दिया है। इस लुटेरी कांग्रेस सरकार का चेहरा एक बार फिर सामने आया है।

### गिरफ्तार इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में हुई छापेमारी

बताया जा रहा है कि ईडी ने ग्रामीण विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में सोमवार को अहले सुबह राजधानी रांची में कई जगहों पर उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की। जिसमें ईडी ने बरियातू, मोरहाबादी, बोड़िया और सेल सिटी समेत अन्य जगहों पर दबिश दी। इसी क्रम में ईडी की टीम ने सेल सिटी में पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार, चिरौंदी साइंस सिटी के ठीक सामने लोहरदगा में पदास्थापित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से मिला नोटों का पहाड़ : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से ईडी ने सोमवार को लगभग 35 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इस रुपये ने सत्यापित कर दिया है। साथ ही कहा कि झारखंड में फिर से एक बार कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से नोटों का पहाड़ मिला है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री के करीबियों के घर से बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार का धन छापेमारी में पकड़ा गया है। ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनाएंगी? धीरज साहू से लेकर आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंघल तक के ठिकानों से जिस प्रकार अथाह काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले पांच सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है। बाबूलाल के मुताबिक, लगता है कि कल्पना सोरेन अब घड़ियाली आंसू बहाना बंद करेंगी। यह कहना भी बंद कर देंगी कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है। इन सभी पैसों का दुरुपयोग कर आम चुनाव को प्रभावित करने की प्रबल संभावना है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग अविलंब सभी राज्यों के महाभ्रष्ट मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुनाव में काले धन का दुरुपयोग रोके और कठोर कार्रवाई करे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी अब 11 मई को आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे लेकिन अब वे 11 मई को ही आएंगे। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यालय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। वहीं राहुल गांधी मंगलवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में 11 बजे जनसभा करेंगे। इसके बाद वह गुमला के सिसई में दो बजे जनसभा में भाग लेंगे। मालूम हो कि राजद नेता तेजस्वी यादव आठ मई को पलामू आ रहे हैं।

### धनबाद में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंदा, मौत

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुंडा पार्क स्थित आठ लाइन पर सोमवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़कर मौके पर पहुंची धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों में डिनोबली स्कूल भूली की नौवीं की छात्रा जिया और उसकी बड़ी बहन है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो मेमको मोड़ की तरफ से विनोद बिहारी चौक की तरफ से काफी तेज गति से आ रही थी। इस बीच स्कॉर्पियो दो लेन का डिवाइडर फांद कर तीसरी लेन में आ गया। इसी दौरान सामने से आ रही स्कूटी को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनों की मौत हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो चालक प्रदीप मंडल और राजू मंडल स्कॉर्पियो का एयरबैग खुलने से बच गए।

### आज के मैच

DELHI CAPITALS VS RAJASTHAN ROYALS

**समय : 07 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : दिल्ली**




## कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन का दुष्प्रभाव कब तक

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभाव के बारे में इंग्लैंड की एक अदालत में उजागर होने के बाद अब भारत में बहुत से लोग इससे हृदयाघात होने, अपने परिजनों की मौत का जिम्मेदार बताने लगे हैं। वैसे तो इसका सबसे ज्यादा मामला बीते वर्ष नवरात्र के समय गरबा नृत्य के दौरान चर्चित मॉडल राज्य गुजरात के कई शहरों में सामने आया। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री को बयान देना पड़ा था कि कोरोना प्रभावित रहे लोगों को अभी कोई बहुत श्रम वाला कार्य या ज्यादा कसरत करने से बचना चाहिए। लेकिन तब तक न तो कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ने, नहीं किसी अदालत में यह बात सामने आयी थी कि कोविड-19 की भारत में जो वैक्सीन लगी है उससे हृदय पर, उसके काम काज पर किसी तरह का असर हो सकता है। लेकिन इंग्लैंड की अदालत में इसके दुष्प्रभाव की बात सामने आने , हार्ट अटैक होने की संभावना की बात आने के बाद अब लोग खुलकर कहने लगे हैं। कुछ दिन पहले वाराणसी में एक उन्नीस वर्ष का लड़का जिम में एक्सरसाइज करते समय गिर कर सीना पकड़ तड़पने लगा , तड़पते हुए ही कुछ देर में उसकी मौत हो गई। इसी तरह से बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर श्रेयस तलपड़े को बीते वर्ष 14 दिसंबर, 2023 को दिल का दौरा आया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान उनको बेचैनी होने लगी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और एंजियोप्लास्टी करवानी पड़ी थी। इस सर्जरी के बाद अब वह ठीक हैं और अपने स्वास्थ्य का भी रखते हैं। लेकिन अब श्रेयस तलपड़े ने हार्ट अटैक को लेकर बड़ा दावा किया है और इसके लिए कोविड-19 वैक्सीन को जिम्मेदार ठहराया है।क्योंकि अब उनको कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर जो कुछ उजागर हुआ है ,उसके बाद लगा है कि कारण वैक्सीन रही। कंपनी की ओर से भी इस बात को कबूला गया है कि इसके साइड इफेक्ट जैसे- थकावट महसूस होना, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भारतीय जूनियर वीमेंस हॉकी टीम में झारखंड की नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय हॉकी ने सोमवार को जूनियर वीमेंस हॉकी टीम की घोषणा की जो यूरोपियन टूर पर जाएगी। 21 से 29 मई के दौरान भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ऑरेंज रूड) के साथ छह मैच खेलेगी। 21 मई से टीम अभियान की शुरूआत करेगी। घोषित की गयी 22 सदस्यीय भारतीय महिला (जूनियर टीम) टीम में झारखंड की भी चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धान और संजना होरो शामिल हैं। रजनी केरकेट्टा और नीरू कुल्लू सिमडेगा जिला की तथा बिनिमा धान और संजना होरो खूंटी जिले की रहने वाली हैं। ज्योति सिंह (डिफेंडर) इस टीम को लीड करेंगी। साक्षी राणा उप कप्तान होंगी। भारतीय टीम में झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

## रांची से इंडी की यशस्विनी, गिरिडीह से इंडी के मथुरा व राजग के चंद्र प्रकाश ने पर्चा भरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष यशस्विनी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य मौजूद थे। नामांकन कर बाहर निकालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि उन्हें जनता का प्यार और समर्थन मिलेगा। चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य विषयों पर जनता को जवाब देना होगा। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उनकी बेटी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हेमंत सोरेन चाचा के श्राद्धकर्म में शामिल होने पैतृक गांव पहुंचे

## नए लुक में दिखे हेमंत सोरेन, दिशोम गुरु और कल्पना के साथ पहुंचे नेमरा



**रांची।** जमीन फजीवाड़े के मामले में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार सुबह पुलिस कस्टडी में चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए निकले। उन्हें पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच ले जाया गया। रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंच कर वह अपने चाचा स्वर्गीय राजाराम सोरेन के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए व परिजनों से मिले। झारखंड हाई कोर्ट ने गत शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दी थी। पुलिस कस्टडी के दौरान कोर्ट ने हेमंत को मीडिया और गवाह से कोई बात नहीं करने या कोई राजनीतिक बयान नहीं देने को कहा है। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नए लुक में दिखे। उनकी पकी हुई दाढ़ी और बढ़ी हुई मुंछे दिशोम गुरु शिबू सोरेन वाला लुक दे रहा था। उनके चेहरे का हाव-भाव देखकर लोग यह अंदाजा लगा रहे थे कि उनका आत्मविश्वास अभी भी बरकरार है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हेमंत सोरेन के हैंडल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया — 15 हजार के नौकर के घर से 31 करोड़ खबर नहीं चेतावनी है



सुनील बादल

**खान,** खनिज और प्राकृतिक संपदा के मामले में सबसे धनी राज्य झारखंड अक्सर गलत कार्यों के लिए चर्चा में रहता है। झारखंडवासियों के अलावा दूसरे राज्यों से पूंजी निवेश के सच्चे मन से आनेवाले लोगों के मन से एक आह निकलती है जब सबसे अधिक संभावनाओं वाला यह धनी राज्य चंद स्वार्थी लोगों की कठपुतली बनकर सबसे दरिद्र और पिछड़े राज्य की तरह तमाशा बन जाता है। चुनाव आयोग की लाख कोशिशों और सुविधाओं के बावजूद झारखंड में इस बार भी मतदान का प्रतिशत कम रहेगा क्योंकि रोजी रोटी की तलाश में लाखों छोटे किसान और मजदूर दूसरे राज्यों में अकुशल मजदूर के रूप में कड़ी धूप में चंद रुपयों के लिए काम कर रहे हैं जो वर्षा के आरंभ से पहले लौटने वाले नहीं हैं जबकि एक मंत्री के पीए के नौकर के घर पर छः घंटे लगातार कई मशीनों से नोट गिनने के बाद 31 करोड़ से अधिक नगद बरामद होता है। चर्चा है 15 हजार वेतन वाले नौकर के मालिक की कमाई कितनी होगी और किस प्रकार होती होगी ? राज्य के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की जेल यात्रा का इतिहास पुराना है। दो वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों सहित अनेकों निडर और निर्लज्ज लोगों की जमानत तक नहीं हो रही पर न तो भ्रष्टाचार रुक रहा है और न करोड़ों की बरामदगी रुक रही है। करोड़पति पीए तो पहले भी पकड़े गए पर अब एक मामूली आदमी के घर से इतने रुपए की बरामदगी एक गंभीर चेतावनी भी है कि प्रशासन और सरकारी तंत्र किस प्रकार पंगु बनकर बैठा है जिसे एक नौकर समानांतर रूप से चला रहा है। यदि इसी प्रकार सरकारी विभागों को मखौल बना दिया जाए तो उग्रवादियों या संगठित आपराधिक या आर्थिक गिरोहों के हाथों सत्ता के भेद चले जाएंगे जो सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता ही नहीं चेतावनी है। अभी चुनाव है और फैसला जनता के हाथों में है पर भविष्य के लिए समाज, अधिकारी वर्ग से लेकर नेताओं को भी इसपर विचार करना चाहिए कि राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था को ध्वस्त कर हम कहां जाएंगे और झारखंड बना किसलिए था? मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि, 'संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं। वह मेरे निजी सचिव हैं। संजीव लाल पहले भी दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं। कई सरकारी कर्मचारी हैं और हम आम तौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिव की नियुक्ति करते हैं। यह सही नहीं है.ह्व ईडी की जांच पूरी होने से पहले छापेमारी पर टिप्पणी करूंगा। झारखंड सरकार में



मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से हैं। खास बात यह है कि आलमगीर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार हैं। इसी सीट से वह चार बार विधायक रह चुके हैं। यही वजह है कि सोरेन सरकार में उन्हें मंत्री भी बनाया गया। हालांकि उन पर विपक्ष लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगाता रहा है। मौजूदा समय में आलमगीर आलम झारखंड सरकार में संसदीय कार्य और ग्रामीण विकास मंत्री हैं।

झारखंड के भाजपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने एक्स अकाउंट पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस 'लूट मॉडल' की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है।' पूर्व सीएम ने कहा है कि गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से कांग्रेस अपने शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने का सपना देख रही है। ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग की दुहाई देने वाली झामुमो-कांग्रेस जनता के सामने अब कौन सा नया बहाना बनाएगी? धीरज साहू से लेकर आलमगिर आलम और पंकज मिश्रा से लेकर पूजा सिंहल तक के ठिकानों से जिस प्रकार अथाह काले धन बरामद हुए हैं, उससे पिछले 5 सालों के दौरान राज्य सरकार द्वारा की गई संगठित लूट जगजाहिर हो चुकी है।'

भाजपा नेता ने आगे लिखा, 'सोचिये कि झारखंड में एक मंत्री के पीए के नौकर के यहॉ पच्चीस करोड़ नगद मिल सकता है तो दूसरे और मंत्रियों ने गरीबों की गाढ़ी कमाई और कितना लूट कर नौकर चाकरों तक के यहॉ छुपा कर रखा हुआ है? हमें लगता है कि कल्पना सोरेन अब घड़ियाली आंसू बहाना और यह कहना बंद कर देंगी कि हेमंत सोरेन का अपराध क्या है?'

उन्होंने अवैध रकम का दुरुपयोग कर आम चुनाव को प्रभावित करने की आशंका जताते हुए चुनाव आयोग से अपील की है कि अविलंब सभी राज्य के मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुनाव में काले धन का दुरुपयोग रोकें और कठोर कार्रवाई करें। राजनीति से इतर सवाल यह है कि इसे रोकेगा कौन और कब?

### अहमदाबाद के 23 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, 11 में हैं मतदान बूथ

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्क्वॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है। ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए। सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं। मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजित राजियाण ने बताया कि स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। टूमेल डॉट आईओ चेक करने पर धमकी भरे ई-मेल मिलने की जानकारी हुई।

## एक नजर

### क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू करने का निर्णय

**छतरपुर।** क्रिकेट का सीपीएल सीजन 14 वीं कराने के लिए क्रिकेट क्लब द्वारा हाई स्कूल के मैदान में बैठक की गई। जिसमें सीजन 14 वीं कराने का निर्णय लिया गया। 20 मई से सीजन 14 क्रिकेट प्रारम्भ किया जाएगा। क्रिकेट क्लब का अध्यक्ष सर्वसम्मति से अध्यक्ष सोलडी सिंह सचिव रितेश चंद्र को बनाया गया। कोषाध्यक्ष राहुल राय एवं मोनू सिंह को बनाया गया। व्यवस्थापक राहुल चंद्र मीडिया प्रभारी रितु रंजन सिंह एवं राहुल चंद्र को बनाया गया। व्यवस्थापक मनु सिंह, भोला सिंह, मित्तल सिंह, नागेंद्र कुमार, संतोष कुमार, आशुतोष कुमार, रितेश रंजन, संरक्षक अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रूपेश सिंह, योगी बघेल, प्रदीप कुमार, शादाब आलम सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में घटिया निर्माण का आरोप

**नावाबाजार।** केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गांव को सड़क सुविधा मुहैया कराकर लोगों का आवागमन सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन संवेदक की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण कार्य को मूलस्वरूप नहीं दिया जाता है और न ही निर्माण कार्य को गति। नावाबाजार प्रखंड के एनएच 98 स्थित कंडा गांव से खमडिहा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां संवेदक के द्वारा प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। घटिया सामग्री सहित जैसे-तैसे निर्माण को गति दी जा रही है। इस संबंध में झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष शत्रुघन कुमार शत्रु ने कहा कि एक सोची समझी नीति के तहत बाहरी संवेदक को कार्य आवंटित किया गया है। उन्होंने पूरी मामले की शिकायत पलामू उपायुक्त से करते हुए मामले की जांच करने की बात कही। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जिले के उपायुक्त समेत सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे भारत का विकास हो रहा है : कालीचरण सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड बकोरिया के कमारू गांव में सोमवार को चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में वोटिंग करने को लेकर सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक व संचालन सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने की। सभा में मुख्य रूप से मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे भारत का विकास हो रहा है। देश ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। हम सभी को कमल फूल पर बटन दबाकर चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को विजय बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए देश को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, महामंत्री चंचल यादव, जिला मंत्री युवा मोर्चा विकास तिवारी, सेवा निवृत्त शिक्षक कन्हाई साहू, प्रज्ञा साहू, सीताराम सिंह, बैजनाथ राम, राजेश गुप्ता, उमेश यादव, अरविंद विश्वकर्मा, राजेंद्र ठाकुर, ललिता देवी, सुखिया देवी, सुमित देवी, पूनम देवी, अजय मेहता, शंभू मेहता, दामोदर मेहता समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# मिट्टी कटाई से उत्तर कोयल मुख्य नहर का अस्तित्व खतरे में, किसानों को होगी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के बगल में नहर खुदाई के समय से डंप की गई मिट्टी का कटाई होने से नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगी। जपला धरहरा नहर मोड़ से राम विगहा होते हुए दरूआ गांव के समीप तक जेसीबी मशीन से मिट्टी कटाई कर प्रतिदिन शहर के कई नव निर्मित मकानों में मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा है। इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में नहर का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। जबकि इस परियोजना से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज क्षेत्रों के अलावा बिहार के औरंगाबाद जिला के नबीनगर, टंडवा, अंबा, कुटुंबा, देव और गया के आमस के इलाके के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचती है। इस परियोजना से झारखंड और बिहार में 11 लाख 15 हजार 521 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई की सुविधा मिलती है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि ट्रैक्टर चालक व जेसीबी संचालक पैसे कमाने के चक्कर में उक्त परियोजना से छेड़छाड़ कर रहे हैं।



# ट्रक ने हाइवा में मारी टक्कर, चालक उप चालक की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला में मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 98 फोरलेन पर सोमवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। खड़े हाइवा में मालवाहक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रक के चालक और सह चालक की मौत हो गयी। दोनो के शव वाहन में ही फंसकर रह गये। करीब 4 घंटे बीत जाने के बाद ट्रक और हाइवा के क्षतिग्रस्त हिस्से को गैस कटर से ट्रक के अगले हिस्सा काटने के बाद शव को बाहर निकाला गया। इस घटना में ट्रक पर सवार एक फल व्यापारी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए हरिहरगंज सीएचसी के बाद रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि महाराष्ट्र के नासिक से अंगूर लेकर एक ट्रक एमएच 40 सीटी 3031 मेदिनीनगर की ओर से हरिहरगंज की ओर जा रहा था। हरिहरगंज के ढाबकला गांव के पास पिछले 24 घंटे से एक हाइवा (बीआर 24एल 3996) किनारे पर खड़ा था। इसी क्रम में अचानक पीछे से गए ट्रक ने हाइवा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के चालक और खलासी दब गए, जबकि फल व्यापारी महाराष्ट्र के वैभव लक्ष्मी सिटी के रहने वाले रौशन शर्मा (38वर्ष) वाहन से नीचे गिर गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों एवं हरिहरगंज थाना पुलिस ने जख्मी फल व्यापारी को इलाज के लिए सीएचसी में भेजा, जबकि जेसीबी और लोडर लगाकर वाहनों को हटाने की कोशिश की, लेकिन बॉडी के फंसे होने के कारण तत्काल सफलता नहीं मिली। करीब चार घंटे बाद गैस कटर से वाहन के हिस्से को काटकर डेड बॉडी के बाहर निकाला गया। इस क्रम में एनएच पर एक तरफ का परिचालन बाधित रहा। फोरलेन पर वन वे परिचालक हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं हरिहरगंज के थाना प्रभारी चंदन कुमार चालक और सह चालक की पहचान करने में जुटे हुए हैं। घटना के वक्त हाइवा के चालक और सह चालक घटनास्थल से कुछ दूर थे। घटना के संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि अंगूर लदा ट्रक तेज गति से एक बस को ओवर टेक कर आगे बढ़ा, तभी पहले से ब्रेकडाउन हाइवे को देख ट्रक पर से चालक नियंत्रण खो दिया और पीछे से हाइवा में टकरा गयी।





# जमारी गांव के ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा किया बुलंद

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के जमारी गांव के ग्रामीणों इस बार के लोक सभा चुनाव में मतदान नही करेंगे। ग्रामीण गांव में सड़क नही बनने के कारण जनप्रतिनिधियों से नाराज चल रहे हैं.ग्रामीणों ने एक बैठक कर इस बार मतदान नही करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। यहां बताते चलें कि जमारी गांव आज भी सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है। इसी से खफा लोग आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे, जबकि मतदान केंद्र संख्या 270 गांव में ही अवस्थित है। सोमवार को ग्रामीणों ने जुलूस के शक्ल में गांव के गलियों में निकले और रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया। जमारी के लोगों ने पंचायत के अन्य गांव के ग्रामीणों से भी मतदान में शामिल नहीं होने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी की इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी जमारी गांव विकास से कोसो दूर है, जबकि यह गांव विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर अवस्थित है। वहीं एनएच 98 से दस किलोमीटर और एनएच 75 से 27 किमी दूर है,बावजूद यह गांव सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा है। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### राजद प्रत्याशी ममता भुइयां का पाटन के दर्जनों गांव में तूफानी दौरा

# शिक्षा, स्वास्थ्य, मुहैया कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी : ममता भुइयां

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** पलामू लोकसभा चुनाव की बिगुल के साथ प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार प्रसार में दमखम के साथ मैदान में डटे हुए हैं। प्रचंड गर्मी में भी प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान में लगे हैं। इसी बीच महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां ने पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में तूफानी दौरा कर ग्रामीण जनता से जनसंपर्क चलाया। यह चुनावी जनसंपर्क पाटन के नौडीहा, पाल्हे, पकरी, अमवा, किशुनपुर, रबदी, लोईंगा समेत दर्जनों गांव में जाकर ममता भुईयां ने लालटेन छाप में वोट देने की अपील किया। इस जनसंपर्क अभियान में ममता भुईयां ने कहा कि पलामू में मुझे अपार जन समर्थन मिल रहा है। पलामू के जल,जंगल, जमीन सब बीजेपी के हाथों बिक रहे हैं। इन सबको इस बार बचा लेना है। बीजेपी का हाल यहां की जनता भली भांति जान चुकी है। दो बार बीजेपी के सांसद रहते हुए इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया। गर्मी के दिनों में क्षेत्र में पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। ये समस्या का समाधान मैं करूंगी। क्षेत्र के कोने-कोने में रोड, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, मुहैया कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस जनसंपर्क अभियान में राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के साथ छतरपुर पाटन विधानसभा प्रत्याशी विजय राम, युवा समाजसेवी राहिल राज उर्फ प्रकाश राम, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, पूर्व प्रमुख नंददेव माझी, गिरजाशंकर सिंह उर्फ गिरी समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।



## जपला एके सिंह कॉलेज में अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक में नदी पर पुल बनाने पर चर्चा

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। संचालन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया। बैठक में कॉलेज की मौजूदा स्थिति पर विचार विमर्श की गई। बैठक में आये अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेज के समीप नदी पर पुल बनाने की बात रखी। अभिभावकों ने कहा कि यदि पुल की निर्माण हो जाती है, तो कॉलेज आने-जाने में डेढ़ से दो किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। इससे विद्यार्थियों को समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुविधा के लिए बस की व्यवस्था अति आवश्यक है। यह अनुमंडल क्षेत्र का इकलौता कॉलेज है। जहां सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को काफी दूरी का सामना करना पड़ता है। खासकर छात्राओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके साथ-साथ अभिभावकों द्वारा कॉलेज परिसर में साइकल स्टैंड समेत अन्य छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने अभिभावकों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि उक्त समस्याओं के समाधान के लिए कॉलेज प्रबंधन सकारात्मक पहल करेगी। उन्होंने कहा कि कालेज प्रबंधन शैक्षणिक गतिविधियों की दिशा में सक्रिय है। इसके लिए गतिविधियां जारी है। उन्होंने कहा कि सभी विषयों के प्रयाप्त शिक्षक उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को नियमित क्लास कर के लाभ उठाने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बेहतरी के लिए आप सबों की सहयोग की जरूरत है। इस मौके पर अभिभावक राम लायक सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र चौधरी, अनिल शर्मा, प्रो. अरुण कुमार सिंह, डॉ. राम सुभाग सिंह, प्रो. राहुल कुमार सिंह समेत कॉलेज के कई शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी व अभिभावक मौजूद थे।




### भाजपा नेताओं ने चलाया जनसंपर्क, प्रत्याशी के पक्ष मतदान करने की अपील

# प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहते है : अजय दुबे

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** भाजपा नेताओं ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने लोगों से पार्टी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा नेताओं ने लोगों को मतदान के प्रति भी जागरूक किया। इसके अलावा भाजपाइयों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री मोदी का संदेश भी सुनाया। जनसंपर्क का नेतृत्व कर रहे युवा भाजपा नेता अजय दुबे ने कहा कि इस बार का आम चुनाव काफी मायने में अहम है। यह चुनाव देश को विश्वगुरु बनाने का है। भ्रष्टाचारी परिवार अपने बेटे बेटियों को स्थापित करना चाहते हैं और प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहते है। निर्णय जनता को लेना है। श्री दुबे ने दावा किया कि भाजपा एनडीए गठबंधन के साथ चार सौ पार करेगी। मौके पर राधेश्याम विश्वकर्मा, शंभू शरण सिंह, उदय तिवारी, विष्णु देव ठाकुर, विनोद पासवान, कृष्ण प्रजापति, प्रसाद सिंह, अनुप गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, सुदर्शन सिंह, कन्हाई राम, मनोरंजन गुप्ता, अवधेश सिंह, बिमल चन्द्रवंशी, जनक शर्मा, मनमोहन पाण्डेय, बैजनाथ सिंह, विनोद प्रजापति, शंकर पाल, परमानन्द पाल, देवेन्द्र चंद्रवंशी, गोपाल ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, जयराम पासवान, विजय गुप्ता, रामसुरेश चौधरी, रामेश्वर चौधरी, दिनेश पासवान, सुरेश पासवान, लालू साल, विरेन्द्र सिंह, बिगन साव, विश्वनाथ चौधरी, घुरा चौधरी, राम शरन चौधरी, नागेश्वर यादव, गोविन्द सोनी, हरीवंश सिंह, सोनाबाचा चौधरी, अनिल विश्वकर्मा सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जनता ने मौका दिया तो विकास में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होगी : राजन मेहता



### बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से पलामू लोक सभा के बसपा प्रत्यासी कामेश्वर बैठा के पक्ष में मतदान करने का अपील की। कहा कि बसपा सर्वजन सुखाए सर्वजन हिताय के संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंच रही है। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का स्पष्ट कहना है कि दबे-कुचले लोगों का न्याय के साथ विकाश किया जायेगा। अगर जनता ने मौका दिया तो विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जहां धर्म की राजनीति कर रही हैं। वहीं इंडिया गठबंधन जात पात की राजनीत कर रही है। जनता इस बार दोनों को नकारते हुए बसपा को अपर समर्थन से जीत दिलायेगी। मौके पर नई महासभा के प्रादेशिक नेता धर्मेंद्र ठाकुर सहित कई बसपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विश्रामपुर नगर परिषद ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किए कई कार्यक्रम

# मतदाता पाठशाला में लोगों को मतदान के लिए दिलायी गई शपथ

### नप कर्मियों ने किया पदयात्रा, जागरूकता रथ को भी किया गया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद द्वारा सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी चौक से किया गया। जहां कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया। श्री हुसैन ने कहा कि लोग अपने मत के अधिकार को समझें और मताधिकार कर देश के जिम्मेवार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने लोगों से आगामी 13 मई को होने वाले पलामू लोस चुनाव में मतदान करने का अपील की। दानिश हुसैन ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित मीडिया कैम्पेन मैं भी ब्रांड एंबेसडर के बारे में लोगों को बताया और इसमें शामिल होने का आग्रह किया। इसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने मतदाता जागरूकता रथ को भी झंडा दिखाकर रवाना किया। यह रथ नप के सभी वार्डों में भ्रमण कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लायेगा। इसके अलावा नप पदाधिकारियों और कर्मियों ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पदयात्रा भी निकाला। पदयात्रा के दौरान डेमोक्रेसी टैक्स का नोटिस भी कई वाहनों में चिपकाया गया। पदयात्रा नगर भ्रमण करते हुए महावीर चौक पहुंचा। जहां मतदाता पाठशाला लगाया गया। जिसमे लोगों को मतदान के अधिकार और उसके ताकत के बारे में बताया गया। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, दीपक कुमार, मुबारक अंसारी, राजेश प्रसाद, सुमित कुमार, सीआरपी रेखा देवी, वंदना देवी, रुखसार प्रवीन, ज्ञांति देवी, नीरा देवी, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि कुमार, परवेज खान सहित स्वय सहायता समूह की महिलाएं, सफाई कर्मी और काफी संख्या में आम लोग मौजूद थे।



# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगाया गया संध्या चौपाल

### देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें : एलआरडीसी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के टाउन हॉल में रविवार की शाम स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जेएस एलपीएस के सखी मंडल की दीदियों व स्थानीय मतदाता शामिल हुए।

इस दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सभी कोकेंडल जलाकर अधिकारियों ने शपथ भी दिलाया।

इस बाबत एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य भाग लें। देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें। आपका एक मत क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। उन्होंने उपस्थित सखी दीदियों से कहा कि मतदान की जानकारी अपने तक सीमित न रखकर अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें और मतदान के दिन अपने साथ पड़ोसियों को भी मतदान के लिए ले जाये।

उन्होंने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। मतदान प्रतिशत में कमी नहीं रहनी चाहिए। जिन्हें मतदान का अधिकार है, उन्हें बूथ तक पहुंच कर अवश्य मतदान करना चाहिए। इस मौके पर सीओ पंकज कुमार, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सीआई अशफाक खान, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार,बीईईओ राम नरेश राम,सुदर्शन सिंह समेत काफी संख्या में मतदाता व सखी मंडल की दीदी मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

मतदान अवश्य करें। अपने संवैधानिक अधिकार से प्रयोग करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनायें।

**डॉ. अनवर नेजाम, लाईफ लाइन हॉस्पीटल, डालटनगंज, पलामू।**

### देशहित में भाजपा के पक्ष में करें मतदान : नवीन तिवारी

मेदिनीनगर। सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने सोमवार को बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का घोषणा किया। श्री तिवारी ने बयान जारी कर बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देशहित के लिए भारतीय जनता पार्टी आज देश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव में बीडी राम की जीत सुनिश्चित है।

## जहरीला पदार्थ खाकर 25 वर्षीय व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी पप्पू भुइयां उम्र 25 वर्ष परिवारिक विवाद में आकर सोमवार की सुबह चूहा मारने का दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर पप्पू भुइयां का अपने परिवार के सदस्यों से बहस हो गया। इस बीच गुस्से में आकर वह घर में रखे चूहा मारने वाले दवा का सेवन कर लिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## पानी नहीं होने के कारण अम्बेडकर छात्रावास छोड़कर जा रहे हैं छात्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पानी की कमी कारण मेदिनीनगर शहर के हर मोहल्ले में देखने को मिलती है। चाहे वह नदी किनारे बसा हुआ बेलवाटिकर हो या फिर आबादगंज, हमीदगंज हो सभी जगह पानी की किल्लत देखी जा रही है। स्थिति यह है कि बाईपास रोड स्थित आम्बेडकर छात्रावास में रह रहे छात्रों को पानी की कमी के कारण छात्रावास छोड़कर अपने घर जाना पड़ रहा है। वास्तविकता यह है कि आधे से अधिक छात्र अपने घर जा चुके हैं। उन्हें शौच के लिए पर्याप्त पानी मिल पा रहा है और ना ही पीने के लिए। नहाने और कपड़ा धोने की तो बात ही दूर है। जबकि छात्रावास में चार चापानाल है, परंतु तीन चापानल खराब है और एक चापानाल मात्र 2 घंटा ही चलता है। मोटर से जो पानी टंकी में चढ़ाया जाता है उसे बोर का लेयर नीचे चला गया है। पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित तो हो ही रही है, साथ ही स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। छात्रों की शिकायत है कि जिला कल्याण पदाधिकारी के इस समस्या के समाधान के लिए बार-बार पत्र लिखने के बाद भी समाधान की दिशा में कल्याण विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया है। छात्रों ने प्रशासन से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि टैंकर से पानी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

## एक नजर

### दीपू गुप्ता के दुकान और गोदाम में हुई थी चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के मदन मोहन रोड में शनिवार की रात करीब 10 बजे दीपू कुमार गुप्ता के महाबीर ट्रेडर्स दुकान एव गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दुकान में भगवान के पास रखे 11 चांदी के सिक्के जिसका कीमत 10 हजार रुपया है उसे चुरा कर फरार हो गए थे, परंतु भूलवश दूसरे दुकानदार का नाम छप गया था। इस संबंध में पप्पू तुलस्यान ने बताया कि उनके दुकान से कोई सामान की चोरी नहीं हुई है।

### मिशन समृद्धि संस्था ने मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के शीला श्रीवास्तव ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व चुनाव में अपना योगदान देश के प्रत्येक नागरिको को देना चाहिए।

### आइसीएसइ परीक्षा में सेक्रेट हर्ट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

# सभी परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास पहले तीन स्थानों पर लड़कियां काबिज

### स्कूल टॉपर समीक्षा रानी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** आइसीएसइ परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। जिसमें स्थानीय सेक्रेट हर्ट स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में स्कूल के 127 परीक्षार्थी बैठे थे। जिसमें सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। वही 38 परीक्षाथियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल टॉपर समीक्षा रानी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वहीं दूसरे नम्बर पर मिताली सत्यज ने 97.2 अंक प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर गौरी सिन्हा ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। लड़कों में पहले स्थान पर आये आर्यन कुमार चौबे ने कुल 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नवीन कुमार ने भी 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। पांचवे स्थान पर उत्कर्ष कुमार सिंह ने 96.2 अंक प्राप्त किया है। सौम्याश्री 95.8 अंक प्राप्त कर छठवीं पायदान पर है। सातवें स्थान पर आये श्रृषव राज ने कुल95.6 अंक प्राप्त किए हैं। जय मंजस लकरा ने 95.2 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान पाया है। वहीं नौवें स्थान पर आयी आस्था चतुर्वेदी ने95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। दसंवी स्थान पर आयी शुभांगी पाण्डेय ने भी 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## तरहसी के छात्र ने व्यावसायिक शिक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के राजकृत प्लस टू उच्च विद्यालय तरहसी के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक एवं इंटर के वार्षिक परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन किया है। बता दें कि विद्यालय में आईसेट एवं रिटेल व्यवसायिक विषय चलाया जाता है रिटेल विषय में 41 एवं आईटी विषय में कुल 52 छात्रों माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एक रिटेल में रंजन कुमार 91 प्रतिशत तथा आईटी में शिवम राज प्रखंड टॉपर प्रवीण यादव एवं प्रकाश सिंह बादल का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में रिटेन विषय में 38 तथा आईटी बिषय मे 49 छात्र छात्राओं ने इस विषय के साथ परीक्षा दी थी और सभी ने अच्छे अंक प्राप्त किए। रिटेल विषय में सर्वाधिक अंक शीतल कुमारी का रहा इसने कला संकाय में विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि आईटी विषय में रिमा कुमारी 93 प्रतिशत का प्रदर्शन अच्छा रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर मनीष कुमार व्यावसायिक प्रशिक्षक निशार अहमद रिटेल एंव मणिकांत आईटी तथा व्यावहारिक समन्वक धीरज कुमार उपाध्याय ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ा है। इन्होंने सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**व्यावसायिक शिक्षा के प्रति छात्राओं का रुझान बढ़ा है। इन्होंने सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है : व्यावहारिक समन्वक**

### डीसी आवास का रसोईया कुकर के भाप से झुलसा

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी गणपत राम पलामू डीसी आवास का 45 वर्षीय रसोईया सोमवार की सुबह कुकर के भाप से झुलस गया। इस घटना के बारे उसके परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह गणपत डीसी आवास में खाना बना रहे थे। इसी बीच गर्म कुकर का ढक्कन खुल गया। इस कारण वह कुकर के भाप से झुलस कर घायल हो गए। इसके बाद अन्य स्टाफ के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद वह खतरे से बाहर हैं।



## मजदूर नेता राकेश सिंह धनबाद रेलवे डिवीजन के अध्यक्ष मनोनीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विदित हो कि भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ ने मजदूर नेता राकेश सिंह को धनबाद रेलवे डिवीजन का अध्यक्ष मनोनीत किया है। झारखंड प्रदेश प्रभारी राजकुमार पासवान एवं झारखंड सचिव महेश पासवान द्वारा मेदिनीनगर रेल हेड प्रांगण में इस बात की घोषणा की गई। साथ ही डाल्टनगंज इकाई को भंग करते हुए श्रमिक सरदार शंभू प्रसाद को संयोजक एवं देवेंद्र ठाकुर, अमारीक यादव, मनोज प्रसाद, संजय सिंह,बाबूलाल यादव को सह संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि 30 दिनों के अंदर कार्यरत श्रमिकों को संघ का सदस्य बनाकर उनके कानूनी अधिकार दिलाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहें। मौके पर कार्यरत श्रमिकों ने इस घोषणा का स्वागत किया। साथ ही झारखंड प्रदेश कमेटी से आए प्रभारी राजकुमार पासवान, महेश पासवान एवं मजदूर नेता सह नव नियुक्त अध्यक्ष राकेश सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मौके पर मजदूरों को संबोधित करते हुए राकेश सिंह ने कहा कि हम आभार प्रकट करते हैं संगठन के प्रदेश एवं केंद्रीय पदाधिकारीगण सहित तमाम रेल हेड में कार्यरत श्रमिक भाइयों का कि हम पर इतना विश्वास कर मजदूरों के भविष्य एवं हित में कार्य करने का मौका दिया गया है । रेल हेड में सीमेंट ,खाद एवं खाद्यान्नों के उतार चढ़ाव लोडिंग अनलोडिंग में कार्यरत श्रमिकों का शोषण एवं दोहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तमाम मजदूर अपनी एकता को बनाए रखें।

## पानी का छिड़काव नहीं होने पर वाहनों के चलने से सड़क पर उड़ रही है धूल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी में एनएच 98 सड़क निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर पानी का छिड़काव नियमित रूप से नहीं होने की वजह से यहां के स्थानीय निवासी और सड़क पर वाहन से चलने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब हो रही है जब बड़े वाहन गुजर हैं तो बड़े वाहनों के पीछे उड़ रही धूल के कारण कुछ दिखाई नहीं देता है। दोपहिया, चारपहिया व पैदल चल रहे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इन लोगों की आंखों में धूल के कण चले जा रहे हैं, जिससे दिखाई देने में समस्या हो रही है। कुछ लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं। उनको भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### स्थानीय निवासी हो रहे हैं धूल से ज्यादा परेशान

चियांकी के स्थानीय निवासी बिपिन उरांव,सुरेश ठाकुर,पंकज उरांव,अमित यादव,सत्येंद्र यादव,बहादुरपुर पाल सहित अन्य लोगों ने कहा कि मार्ग पर पानी नहीं डाले जाने से दिन भर धूल उड़ती रहती है। इससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास रह रहे लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे बसे लोगों के घर धूल से पट जा रहे हैं। यहां के स्थानीय दुकानदार भी परेशान हैं। दुकानों की सफाई दिन में कई बार करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ो हाईवा वाहन गुजर रहे हैं, परंतु इस सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण हाइवा वाहन से उड़ते धूल की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## अरूणा शंकर ने रोड शो कर मांगा भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अरुणा शंकर भाजपा प्रत्याशी बी डी राम के लिए वोट मांगने सैकड़ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची । जहां आशीष सिंहा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकताओं द्वारा पोची ग्राम में भव्य स्वागत किया गया। उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष विजय पाठक सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं के साथ प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया । साथ ही पूरे सतबरवा बाजार में गाजे-बाजे के साथ रोड शो किया और घर-घर जाकर सभी काआशीर्वाद लेते हुए। बी डी राम जी को अपना कीमती वोट देकर अपार मतों से विजय बनाने का अपील की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा सतबरवा से जो कल मुझे प्यार मिला उसे भूल नहीं पाऊंगी खासकर मां ,बहनों ने मुझे गले लगा कर अपना बना लिया। मैं हमेशा उनके बीच रहना चाहूंगी। प्रथम महापौर ने कहा इस बार हर जगह महिलाएं ,लाभुक, युवा और प्रथम बार वोट देने वाले फर्स्ट वोटर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्साही है बस प्रचंड गर्मी को देखते हुए हम भाजपा के कार्यकताओं को बूथ पर वोटर को सुविधा देने की आवश्यकता है। मैं अपने भाजपा के भाइयों से अनुरोध करूंगी पहले अपने एवं अगल-बगल घर की महिलाओं को वोट देने का अवसर दें फिर अपना मतदान करें। प्रथम महापौर ने कहा इस जो गांव-गांव से प्यार मिल रहा है।

## तेजस्वी पलामू और गढ़वा में वीआइपी पार्टी के साथ करेंगे जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पीएम मोदी के बाद राजद के तेजस्वी यादव वीआईपी पार्टी के साथ जनसभा करने जा रहे हैं। इस बात की जानकारी वीआईपी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि आठ मई को वीआईपी सुप्रीमों मुकेश साहनी और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पलामू और गढ़वा में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम इस प्रकार है: आठ मई को 12 बजे दिन में छतरपुर उच्च विद्यालय में और शाम को तीन बजे भवनाथपुर उच्च विद्यालय के मैदान में जन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं पलामू में चैनपुर के हरिनामांड़ में 9 मई को 12 बजे दिन में उच्च विद्यालय के मैदान अपना चुनावी भाषण देंगे। 9 मई को ही विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में उंटारी रोड में प्रखंड के मैदान में तीन बजे शाम को सभा को संबोधित करेंगे। 10 मई को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान में 12 बजे एक जनसभा को संबांधित करेंगे। शाम तीन बजे वे गढ़वा रंका में तीन बजे उच्च विद्यालय में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को लेकर दोनों जिले के नेतृत्वकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ शामिल होने की अपील की गई है। साथ ही महा गठबंधन समर्पित राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के लिए चुनाव प्रचार करने को कहा गया है। प्रेस वार्ता में वीआईपी के पलामू जिला अध्यक्ष भारदूल चौधरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, प्रदेश महासचिव मनदीप मल्लाह, राजेंद्र चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार भुइयां सहित कई लोग मौजूद थे।

### विधायक आलोक चौरसिया ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत नरसिहपुर पथरा में भारतीय जनता पार्टी के पथरा मंडल अध्यक्ष सिकन्दर चौधरी की अध्यक्षता में डाल्टनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया द्वारा चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नरसिंहपुर पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी , भीष्म चौरसिया, ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया ,पूर्व ज़िला पार्षद संटू चौरसिया, राघवेंद्र तिवारी,राहुल श्रीवास्तव, अशेष प्रसाद ,रामकरेश प्रसाद,अमरेन्द्र चौरसिया ,उप मुखिया पथरा प्रेम गुप्ता , राजु गुप्ता, विशाल, पंकज, संजु और तमाम भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

## लोक अदालत में 100 से अधिक एमएसीटी के मामले निस्तारण करायेंगें: पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता**



मेदिनीनगर । 13 जुलाई को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर सोमवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने वेश्म में एमएसीटी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है। साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ मिले कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले निस्तारण में अधिवक्ता जितनी दिलचस्पी दिखाएंगे; उतने अधिक मामले निपटेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामले निस्तारण में अधिवक्ता की भूमिका अहम होती है। अधिवक्तागण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे। ताकि अधिक से अधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए जा सकें। उन्होंने बीमा कम्पनी व एम ए सीटी केस से जुड़े अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो थोड़ा प्रयास करने से मामले निपट सकते हैं । उसके प्रायरिटी विशेष के तौर पर निपटारा करायें। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इंस्युरेंश की तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता दोनों मिल बैठकर मामले निस्तारण का एक रास्ता निकालें, ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखे। बिदित हो कि पलामू जिले में एम ए सी टी के 292 केस न्यायालयों में लम्बित है। पीडीजे ने अधिवक्ताओ से उम्मीद जतायी है कि इस बार के नेशनल लोक अदालत में 100 से अधिक एमएसीटी के मामले निस्तारण करायेंगें। बीमा कम्पनी व क्लेमेंट के अधिवक्ताओं ने भी पीडीजे को आश्वस्त किया है कि इस बार पूर्व की अपेक्षा ज्यादा केस लोक अदालत में निपटारा कराने का प्रयास है। इस मौके पर डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम राज कुमार मिश्रा,सप्तम स्वेता ढिंगरा , अष्टम आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश के अलावे बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दत्ता,अधिवक्ता सीके मिश्रा, राजीव रंजन, शलभ कुमार आदि लोग

## सुधार

### कोच नम्बर दिखाने वाला बोर्ड 31 मार्च से बंद है

# जल्द ही कोच नम्बर दिखाने वाला सिस्टम चालू कर दिया जायेगा : बीरबल कच्छप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कोच की संख्या बताने वाला बोर्ड पिछले एक महीने से बंद पड़ा है। यह कोच की संख्या बताने वाला बोर्ड हर एक लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन में कोच की संख्या को दशार्ता था। यह बोर्ड 31 मार्च से ही बंद है। जबकि डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर यही कोच की संख्या बताने वाला बोर्ड कुछ-कुछ काम कर रहा है, लेकिन डाल्टनगंज के प्लेटफार्म नंबर एक पर यह बंद है। इस संबंध में वरीय सेक्शन अभियंता टेलीकॉम बीरबल कच्छप ने बताया कि कोलकाता की इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट कंपनी को कोच की संख्या के बोर्ड के संचालन का काम दिया गया था। यह काम 31 मार्च को समाप्त हो गया, अब उसके संविदा पर विचार हो रहा है इसे विस्तारीकरण का कार्य दिया जाए या नहीं। कच्छप ने बताया कि डाल्टनगंज प्लेटफार्म नंबर एक पर एक अत्याधुनिक कोच की संख्या बताने वाले उपकरण को लगाया जाना है। इस कार्य में देर होने का कारण यह है कि नया उपकरण लगाने के लिए पुराना सिस्टम जिसे 31 मार्च के बाद काम करना बंद कर दिया है, उसे पूरी तरह प्लेटफार्म नंबर 1 से हटाना पड़ेगा। कच्छप ने जानकारी दी कि रेलवे के अधिकारियों का ध्यान इस बात की ओर ध्यान दिलाया गया हैऔर जल्दी इस महीने में इसका समाधान निकाल लिया जायेगा।

### इस महीने से लिफ्ट का लाभ उठा पायेंगे यात्री : स्टेशन अधीक्षक



वहीं, रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार में जानकारी दी एक प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 लिफ्ट बनाकर पूरी तरह तैयार है। इन दोनों लिफ्ट का जांच परीक्षण भी हुआ, जिसमें इन दोनों लिफ्ट में एक साथ प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 का 10-10 रेल कर्मी सवार हुए और वह सकुशल सुरक्षित और अपने समय के अनुसार इस लिफ्ट से चढ़े और उतरे भी किसी भी तरह की कोई और सुविधा नहीं हुई दोनों लिफ्ट ने टेस्ट को पूरा सफलता से पूरा कर लिया है। कुमार ने बताया कि यह आशा है कि इस महीने के किसी सप्ताह भी इन दोनों लिफ्ट को आम यात्रियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाए। उन्होंने कोई तिथि और समय देने से मना कर दिया यह कहते हुए कि वह इसके लिए सक्षम नहीं है, लेकिन उनके पास के जानकारी के अनुसार यह दोनों लिफ्ट इसी महीने में आम यात्रियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

## सुदना आजाद नगर चौक पर बन रहा भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना आजाद नगर चौक के पास श्रद्धालुओं के पूजा पाठ के लिए समाजसेवी प्रिंस सिंह, नीलू उपाध्याय, मिट्ठू सिंह, सुमित मेहता, शिवम सिंह के नेतृत्व में भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। समाजसेवी प्रिंस सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि जिनसे जितना बन सके वह मंदिर के लिए दान देकर पुण्य का भागी बने। मंदिर निर्माण होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को पूजा -अर्चना करने में काफी आसानी होगी। लोगों की मांग थी कि सुदना में पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण हो जो आज सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि मंगलवार के



दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करने की मान्यता है।

## एक नजर

### इंटर की छात्रा ने कीटनाशक खाकर घर में की आत्महत्या

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित भड़गांव निवासी सह इंटर की छात्रा 19 वर्षीय निरमा कुमारी ने अपने घर में किटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया की उक्त युवती ने कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। लेकिन अबतक हम परिजनों को भी पता नहीं चल पाया है कि वह आत्महत्या क्यों की। बाद में घटना की जानकारी सिसई थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस गुमला भेजवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य किया गया कार्यक्रम

**गुमला ।** जिले में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को स्वीप गतिविधि के तहत एक शाम लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपविकास आयुक्त गुमला, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला स्वीप कोषांग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न संस्था के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता से जुड़े कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बैठक में लगा नारा, बुढ्ढे हों या जवान, पहले मतदान फिर करें जलपान

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों के साथ प्लस टू उच्च विद्यालयों में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मतदान को लेकर कई स्लोगन लिखे गए। छात्र छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों से मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। जबकि छात्राओं ने बूढ़े हो या जवान सभी करें मतदान पहले मतदान फिर जलपान की नारों को भी बुलंद किया। साथ ही जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर शिक्षकों द्वारा प्रबंधन समिति व अभिभावकों की संयुक्त बैठक कर मतदान के प्रति सभी को जागरुक करते हुए 20 मई को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करने के साथ पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरुक करने की बात कही गई। प्रखंड के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर, बारिसखी, द्वारी, इचाक, पिंडारकोण व मंझगांवातरी आदि विद्यालयों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### तीन माह से नहीं हो रहा पेंशनधारियों का भुगतान, परेशानी

**कुंदा (चतरा)।** असहाय व बुढ़ापे के सहारा को लेकर बनी वृद्धापेंशन योजना के तहत कुंदा प्रखंड में लाभुकों को बीते तीन माह से भुगतान नही हुआ है। जानकारी के अनुसार प्रखंड में पेंशनधारियों को विगत तीन माह से पेंशन राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। तपती धूप व उमस भरी गर्मी में बैंक का चक्कर लगा कर थक चुके हैं, अंततः अब पेंशनधारी पेंशन आने की आस में निगाहे टिकाये हुए है। कुंदा प्रखंड के लोटवा गांव निवासी तपेश्वर यादव ने बताया की उम्र के अंतिम पड़ाव में बार-बार भरी गर्मी में बैंक जाना संभव नहीं है। फिर भी पेंशन की आस में चक्कर लगा रहा हूं। वही उन्होंने बताया की भरण पोषण भी पेंशन की राशि से ही चलता है और ऐसे में पेंशन की राशि नहीं मिलने से पिछले तीन माह से परेशान हूं। साथ ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा हूं। हालांकि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

# दो बाइक में हुई आमने-सामने टक्कर एक की मौत, महिला समेत दो घायल







**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** गढ़वा-चिनियां मार्ग पर चिनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत सावधान मोड़ घाटी के समीप सोमवार की सुबह दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक कन्हाई साह 55 वर्ष चिनियां थाना क्षेत्र के चपकली गांव का रहने वाला था। जबकि घायलों में मृतक की पत्नी कुंती देवी तथा एक अन्य मोटरसाइकिल सवार चिनियां थाना क्षेत्र के खुरा गांव निवासी महेंद्र भुइयां पिता स्व. फागु भुइयां शामिल हैं। दोनों घायलों का गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार कन्हाई साह अपनी पत्नी कुंती देवी के साथ मोटरसाइकिल से चपकली गांव से गढ़वा आ रहा था। जबकि डंडई थाना क्षेत्र के तसरार गांव स्थित एक ईंट भट्ठा पर बतौर मजदूर काम करने वाले महेंद्र भुइयां ने अपनी मोटरसाइकिल पर एक अन्य मजदूर रंका थाना क्षेत्र के भलुआनी गांव निवासी जितेंद्र भुइयां पिता सुखबीर भुइयां के साथ खुरा गांव की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महेंद्र भुइयां शराब के नशे में धुत था। इस दौरान सावधान घाटी के समीप दोनों मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में कन्हाई साह, कुंती देवी एवं महेंद्र भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया गया। लेकिन रास्ते में ही कन्हाई साह की मौत हो गई। सदर अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सक ने कन्हाई साह को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर उसके शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर मृतक के स्वजनों को सौंप दिया। मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सुदूरवर्ती बूथों का एसडीपीओ व बीडीओ ने किया निरीक्षण

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के सुदूरवर्ती मेराल पंचायत के विभिन्न बूथों का पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, ऑब्जर्वर, बीडीओ राहुल देव व थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी आदि ने मेराल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरकॉल व उच्च विद्यालय खेरा आदि बूथों में पहुंचकर भौतिक रूप से निरीक्षण करते हुए उपलब्ध मूलभूत सुविधा जैसे अवसान, बिजली, पानी एवं शौचालय आदि का आकलन किया। थाना प्रभारी श्री चौधरी ने निरीक्षण से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव से पहले सभी मतदाता केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही पदाधिकारियों ने संबंधित केंद्र के बीएलओ व प्रधानाध्यापकों को कई अवश्यक दिशा निर्देश मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिए। निरीक्षण में स्थानिय मुखिया व प्रतिनिधि आदि शामिल थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रतिनिधियों को अपने वार्डों में वोटरों को जागरूक करने का दिया निर्देश



**श्रीबंशीधरनगर ।** लोक सभा चुनाव को लेकर शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में सोमवार को नप के प्रतिनिधियों के साथ कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने बैठक किया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने उपस्थित प्रतिनिधियों को अपने अपने वार्डो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है ऐसे में जनप्रतिनिधि का दायित्व है की इस महान पर्व के लिए सहयोग करे। उन्होंने कहा कि नप क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता के लिए व्यवस्था दिया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी ने उपस्थित सभी वार्डो के प्रतिनिधि से अपने अपने वार्ड में प्रभात फेरी निकालने, चौपाल लगाने सहित अन्य कार्य करने का निर्देश देते हुए अभियान का फोटो अपलोड करने का निर्देश दिया। बैठक में इरशाद आलम, हरिओम कुमार, हासिब खलीफा, रंजीत कुमार, आशीष कुमार नंदन, भारत कुमार, अमित, वार्ड पार्षद राजकुमार, रंजन कुमार छोटू, शंभू राम, राजेश कुमार, कामेश पासवान, विजय ठाकुर, संदीप सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## विद्यालयों में अभिभावकों को दिलाई गई मतदान करने की शपथ

**प्रतापपुर (चतरा)।** लोकसभा चुनाव 2024 का चुनाव जिले में 20 मई को होना है। ऐसे में लोग चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शत प्रतिशत मतदान हो। इसके लिए विशेष रुप से जिला प्रशासन द्वारा जागरुक्ता अभियान विभिन्न स्तर पर गांव व कस्बों में चलाए जा रह हैं। ऐसे में सरकारी निर्देश पर सोमवार को प्रतापपुर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों व बच्चों के माता-पिता की संयुक्त बैठक हुई। मौके पर विभाग से अंशु माला भी उपस्थित थीं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ प्रधानाचार्य अवध ठाकुर एवं कुंजेश्वर यादव ने, प्लस 2 उच्च विद्यालय प्रतापपुर में प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दुबे और मध्य विद्यालय प्रतापपुर में प्रखंड साधन सेवी निहाल अख्तर एवं प्रधानाचार्य धीरज कुमार ने मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाई।

## विधवा महिला के अर्धनिर्मित आवास की दीवार तोड़ी, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा ।** कोराम्बे ग्राम में अबुआ आवास योजना का लाभ ले विधवा महिला जमीन सत्यापन के उपरांत निर्माण कार्य मे जुट गई। परंतु रात में अंधेरा का फायदा उठा दीवार गिराने की बात पर पहुंची थाना। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे ग्राम निवासी स्वर्गीय रमेश पांडेय की पत्नी रीता देवी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया था। जिसके बाद योजना को धरातल पर चालू करते ही जमीन विवाद उत्पन हो गया और कार्य को बंद करने की चेतावनी कोराम्बे निवासी स्वर्गीय बासुदेव पांडेय के पुत्र संजय पांडेय के द्वारा दिए जाने के बाबजूद निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसपर अपना जमीन बताते हुए संजय पांडेय द्वारा रोक लगया गया। परंतु रीता देवी द्वारा नहीं मानने पर रात का फायदा उठाते हुए अर्धनिर्मित आवास का दीवार को गिरा दिया गया। जिसकी सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर ए एस आई राजेश राम लोहारा दलबल के साथ कोराम्बे गांव विवादित स्थल पहुंच मामले का जानकारी लेते हुए पुलिस नियम संगत कारवाई में जुट गई। इसी मामला में पूर्व में ही सेन्हा थाना में दो नामजद रीना देवी पति संजय पांडेय तथा संजय पांडेय पिता स्वर्गीय बासुदेव पांडेय के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

## ममता भुइयां के पक्ष में पसीना बहा रहे राजद कार्यकर्ता

**डंडई ।** प्रखंड क्षेत्र में इंडी गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां व भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के प्रचार वाहनों को क्षेत्र में विचरण करते पिछले तीन दिनों से नियमित देखा जा रहा है। विचरण कर रहे प्रचार वाहनों का असर प्रखंड के मतदाताओं पर कितना पड़ रहा है यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में है। जो चुनाव के बाद अवाम के बीच आ जायेगा। लेकिन चिलचिलाती धूप में प्रचार को लेकर पसीना बहा रहे कार्यकर्ताओं के काम का असर उनके प्रत्याशियों पर जरुर पड़ेगा। इंडी गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में चुनाव को लेकर पसीना बहा रहे राजद प्रखंड अध्यक्ष सुभाष मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्याम सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन, उपाध्यक्ष भोला राम, आफताब आलम, ललित नारायण यादव, सूर्यदेव चौधरी, संजय चौधरी, अशर्फी बैठा, नंदू यादव, अक्षय राम, लाला पासवान इत्यादि कार्यकर्ता बताते हैं कि प्रखंड क्षेत्र में हर तरफ इंडी गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां की लहर बह रही है। हर समाज के लोग पलामू की बेटी बता उन्हें अपना बहुमूल्य वोट देकर इस बार दिल्ली के संसद भवन में भेजने की तैयारी कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार की चुनाव वर्ष 2014 और 19 से काफी अलग होने वाला है। दो बार के चुनाव में भाजपा प्रत्यासी से मुहखी खाय मतदाता इस बार बिन कहे पूछे ममता भुइयां को सपोर्ट करने की तैयारी पूर्व में ही कर रखे हैं। साथ ही कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं के मन और मिजाज से ऐसा लगता है कि इस बार के चुनाव में वे ज्यादा वोट ममता भुइयाँ की झोली में डालने का काम कर देंगे। कार्यकताओं ने कहा कि पलामू के लिए बेरोजगारी और महंगाई एक बड़ी समस्या है लोग इसी को ध्यान में रखकर ममता भुइयाँ को संसद बनाने की तैयारी में है। साथ ही कहा कि उक्त प्रत्याशी को जीत दिलाने में हम सभी इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चाहे चिलचिलाती धूप क्यों ना हो उनके प्रचार के लिए हम सभी निकल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ हम सभी कार्यकर्ता तो दूसरी तरफ प्रचार वाहनों के माध्यम लोगों को ममता भुइयाँ के चुनाव निशान लालटेन छाप पर वोट करने की अपील करते चल रहे हैं।

## जुमलेबाजों की सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी की है : लवकुश यादव



**बारियातू ।** राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने राजद कार्यकर्त्ता सहित अन्य आमजनो से आग्रह करते हुए कहा कि गठबंधन को पुरजोर सहयोग करें। गठबंधन की सरकार ही विस्थापितों, शोषित, गरीब मजदूर, सर्वजनों की हक और अधिकार की बात करेगी। जाति धर्म से ऊपर उठकर रोजगार, बढ़ते महंगाई पर, शोषण, अत्याचार के विरुद्ध खड़ा होकर भाईचारगी बंधुत्व, समता और समानता के लिए सदैव तत्पर्य रहेंगे। देश की संविधान पर खरा उतर कर अखंड भारत बनने का सपना पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगा। विशेष कर राजद कार्यकत्ताओं को अपील करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति मे गठबंधन के टक्कर कोई नहीं है। इसलिए आप सभी किसी के चक्कर मे न पड़ते हुए पूर्ण ईमानदारी के साथ गठबंधन को सहयोग करें। साथ ही कहा कि जुमलेबाजों की सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी की है। यदि विस्थापितो को अधिकार दिलाना है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ना और संविधान की रक्षा के लिए, महंगाई बेरोजगारी से राहत के लिए महागठबंधन को सहयोग करना हम सब राजद कार्यकत्ताओं को परम कर्तव्य है। इसलिए नहीं पड़ें किसी के चक्कर मे आपलोगों की सहयोग रहेगा तो कोई नहीं है गठबंधन के टक्कर में, वहीं सहारा इंडिया के भुगतान के बारे मे जिक्र करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी भुगतान के लिए पिछले कई वर्षों से त्रस्त है। दस वर्षों के कार्यकाल मे केंद्र सरकार चाहती तो सहरा के जमाकर्ता को भुगतान कराया जा सकता था। मौके पर राजद के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## भ्रामक जांच रिपोर्ट पर अस्पताल के प्रभारी ने मांगे लैब के कागजात




**भवनाथपुर ।** प्रखंड मुख्यालय में दर्जनों पैथोलॉजी केंद्र संचालित हो रहें हैं। लेकिन एक पास भी पैथोलॉजी लैब संचालन करने का लाइसेंस नहीं है। और न तो कोई डिग्री ना डॉक्टर न प्रशिक्षण का कोर्स और न तो जरूरी मानक। बस मनमाने तरीके अस्पताल के सामने से लेकर गली-मोहल्ले में फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों के अगल-बगल अवैध पैथोलॉजी जांच घर चल रहे हैं। हद तो तब हो गई जब कई पैक्टिशनर खुद इलाज से लेकर पैथोलॉजी जांच केंद्र खोलकर मैट्रिक पास लड़कों को बैठाकर जांच करवा रहें हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा सवालों के घेरे में है,हलांकि अवैध जांच घर और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पहल करते हुए सबकी सूची बनवाई जरूर थी,लेकिन सब ठंढे बस्ते में दबा हुआ है। जिससे आए दिन प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या पैथोलॉजी केंद्र फर्जी तरीके चल रहा है,नतीजतन पैथोलॉजी केंद्र के संचालक जांच के नाम पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहें हैं। मालूम हो कि चार दिन पूर्व भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने पहुंचे मरीज के जांच रिपोर्ट भ्रामक पाये जाने पर ओपीडी में बैठे डॉक्टर दिनेश कुमार ने स्थानीय मॉडर्न पैथोलॉजी केंद्र के संचालक को बुलाकर डिग्री की जानकारी प्राप्त करते लैब के कागजात की मांग की थी, जिसपर संचालक ने लैब की रजिस्ट्रेशन मांगा किया था,जिसपर संचालक ने रजिस्ट्रेशन नहीं होने कही थी। जिसके बाद अस्पताल के प्रभारी डॉ रंजन दास ने स्थानीय मॉडर्न पैथोलॉजी केंद्र के संचालक से 12 घंटे के अंदर जबाब मांगा है। साथ ही जबाब नहीं देने की स्थिति में कानूनी कारवाई करने की चेतावनी भी दी है।

**क्या कहते हैं अस्पताल के प्रभारीः** इस संबंध में सीएचसी के प्रभारी डॉ रंजन दास ने कहा कि भवनाथपुर में एक पैथोलॉजी केंद्र का लाइसेंस नहीं है। पैथोलॉजी केंद्र के संचालकों से कागजात की मांग की गई है। उसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कारवाई की जाएगी।

## निर्वाचन कर्मी एवं आवश्यक सेवा से जुड़े मतदाता कर सकेंगे मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश एवं कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल 18 में निहित प्रावधानुसार निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्राप्त है। जिसके तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में डाक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के निमित मतदान सुविधा केंद्र एवं डाक मतदान केंद्र के माध्यम से अब्सेंटी वोटर्स एवं इलेक्शन ड्यूटी में संलग्न मतदाताओं को मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। जिसके तहत जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 03 मई से 12 मई 2024 तक प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक वैसे विभिन्न मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न रहेंगे एवं मतदान के तिथि के दिन मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने में असमर्थ रहेंगे जैसे मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया जाएगा। महिला महाविद्यालय पुग्गू, गुमला में अधिष्ठापित सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया गया। 6 मई को स्थान पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। वहीं 07 मई से 9 मई 2024 तक दिए गए। निर्धारित समय में पुलिस लाइन चंदालि में सुविधा केंद्र में एवं 10 से 12 मई तक वाहन कोषांग, गुमला में स्थित सुविधा केंद्र में जाकर निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया जाएगा। इसी प्रकार 07 मई से 09 मई तक प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के कार्यालय भवन 01 कक्ष संख्या 10 में डाक मतदान केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है। जहां आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता के द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की



**श्रीबंशीधरनगर ।** गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना की। समस्त झारखंडवासियों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर इंडी गठबंधन के नेताओं ने ममता भुइयां की जीत की शुभकामनाओं के साथ पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की। मौके पर पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव, अमरनाथ पांडेय, राजद नेता अभय कुमार पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, रजनीकांत देव, बंगाली सिंह, योगेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### डंडई में इंडी गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**डंडाई ।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित छोटन यादव के मकान में सोमवार को इंडी गठबंधन का चुनाव कार्यालय खोला गया। इंडी गठबंधन पार्टी के हजारों से भी अधिक कार्यकताओं की उपस्थिति में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी व राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अभय कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उक्त कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान तेज तेजस्वी और लालू प्रसाद यादव के साथ-साथ कांग्रेस झामुमो और माकपा के कई वरिष्ठ नेताओं के खूब नारे लगाए गए। मौके पर जीप अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले हर राजनीतिक पार्टी का एक अस्थाई जगह होना जरूरी होता है।उसी लिहाज से आज डंडाई गांव के मुख्य बाजार में इंडी गठबंधन पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया है। मौके पर सुभाष महतो, राजेश मेहता, सकलदीप पासवान, रघुवीर पासवान, चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश, अनिल प्रसाद, गोपाल प्रसाद, नंदू प्रसाद, मोहर प्रसाद, नारायण राम, नंदू यादव, साबिर अंसारी, नसरुल्लाह अंसारी, रामचंद्र सिंह, सिंगरचंद प्रसाद, देवशरण मेहता, सूर्यदेव चौधरी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**गुमला ।** स्वदेशी जागरण मंच ने मतदाता जागरूकता अभियान विविध क्षेत्र में जाकर चला रहा है स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक संतोष झा ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर मतदाता जागरूकता के लिए बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है फिर भी पिछले चरण में हुए चुनाव को देखकर यह अंदेशा रहता है कि मतदान का प्रतिशत विविध कारन से बहुत कम रहा है अतः सामाजिक दायित्व का निर्वहन सभी संगठन संस्थान को करना चाहिए और मतदाता जागरूक होकर सहजता से मतदान करें इसकी चिंता करनी चाहिए प्रशासन से भी आग्रह है कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए समाचार पत्र होल्डिंग आदि के माध्यम से पहुंचाएं लाइन में लगे मतदाता को सफेद टोपी छाता चना गुड़ जल आदि की सुविधा प्रदान करें एवं मतदान के पश्चात टोपी छाता कलेक्ट कर फिर दूसरे मतदाता को मुहैया कराएं जागरूकता अभियान में शम्मी जी निर्मल सिंह संदीप प्रसाद नवीन जायसवाल मनोज गुप्ता जयप्रकाश साहू नारायण उरांव गोपाल जयसवाल वीरेंद्र प्रसाद संजय भगत रंजीत जैसवाल विजय मिश्रा ओमप्रकाश जायसवाल प्रकाश नायक निरंजन कुमार कपूर्री ठाकुर संजय सोनी शिशिर कुमार आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### 75 वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे जिलिंगसिरा के ग्रामीणों कहा- सड़क नहीं, तो वोट नहीं



**गुमला ।** जिलिंगसिरा गांव में सोमवार को दिन के 1:30 बजे ग्रामीणों ने बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया। बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने घाघरा बिशनपुर मुख्य पथ स्थित जिलिंगसीरा गांव घुसने वाले वाले रास्ते में बैनर लगाकर किसी भी राजनितिक दल के नेता के गांव घुसने पर प्रतिबंध लगाया है।वही बैनर में यह भी लिखा हुआ है की वे सभी सरकार के खिलाफ नहीं है।लेकिन 70 साल में अभी तक गांव का सड़क नहीं बना इसलिए हम लोग वोट का बहिष्कार कर रहे है।वही ग्रामीणों ने एक स्वर में वोट बहिष्कार का नारा लगाया ।और कहां की लगातार सिर्फ हम लोगों से वोट लिया जाता है। बावजूद अब तक उक्त गांव में सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। अब तक न तो सांसद, विधायक और ना ही जिला प्रशासन ने ध्यान दिया। जिसके कारण हम सभी रोड से वंचित हैं। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में सोमा उरांव, वासुदेव उरांव, अमित उरांव लालसू उरांव,अरविंद उरांव, परमा उराईन, रीता उराईन, शीला उराइन,शांति उराईन, गंगी उराईन,फगनी उराईन सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

### इलाजरत बच्चे को रक्तदान कर सहायता की

**गुमला ।** बहुत ही गंभीर स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए मारवाडी युवा मंच गुमला के सदस्य गोकुल अग्रवाल जी ने ए पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत एक बच्चे की सहायता की। मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी के रोहित खंडेलवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था और बच्चे को ए पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यक आवश्यकता थी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए गोकुल अग्रवाल जी ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इनका कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन संगीता कुजूर रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम कल कुडू में

**कुडू-लोहरदगा ।** संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम बुधवार 8 मई को कुडू पहुंचेंगे। उनके साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी उमैर खान, प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित राज्यस्तर के कई नेता और वरिष्ठ कॉंग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। मंत्री श्री आलम समय दोपहर करीब एक बजे कुडू जामा मस्जिद के समीप कांग्रेस कार्यकताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। इसकी जानकारी जिला कार्यकरिणी के सदस्य सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान ने देते हुए प्रखंड के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पार्टी के समर्थको एवं इंडिया गठबंधन दल के सभी लोगों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## न्यूज बॉक्स

### सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल ने लातेहार के कई मतदान केंद्रों में व्यवस्था का लिया जायजा



**लातेहार ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त 04 चतरा लोकसभा क्षेत्र, सामान्य प्रेक्षक श्री निखिल निर्मल के द्वारा सोमवार को बूथ संख्या 211, 212, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट, लातेहार का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं-पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, आदि सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त, तीन युवक घायल, एक गंभीर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के जपुआ बिरहोर कॉलोनी के समीप सोमवार को बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए। जबकि एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि नशे में धुत तीनों युवक बाइक से हजारीबाग की ओर से गिद्धौर आ रहे थे। तभी बिरहोर कॉलोनी के समीप तीखे मोड़ में बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल युवकों में लोवागड़ा निवासी बुधन भुइयां का पुत्र ननकु भारती, सुकर भुइयां का पुत्र बबलू भारती व माथुर भुइयां का पुत्र राजेश भारती शामिल हैं। राजेश कि स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह व सुनील सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां से तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### मनिका पुलिस ने तीन वर्षों से फरार चल रहे वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

**मनिका (लातेहार) ।** मनिका पुलिस ने तीन वर्षों से फरार चल रहे वारंटीयो के घर मनिका थाना क्षेत्र के जान्हो पंचायत के पटना गांव पहुंच कर सोमवार को मनिका थाना सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार समेत पुलिस बल के जवान ने ब्रह्मदेव सिंह, विनोद सिंह, उपेंद्र सिंह के घर पर इस्तेहार चिपकाया फरार चल रहे वारंटी पर मनिका थाना में केस दर्ज है। फरार चल रहे आरोपियों को मनिका पुलिस के द्वारा कई बार पकड़ने का प्रयास किया गया है। परंतु वारंटी तीन वर्षों से फरार है। कोर्ट के आदेश मिलने के बाद मनिका थाना सब इंस्पेक्टर अनुराग कुमार समेत पुलिस बल के जवान फरार चल रहे वारंटी के घर पहुंचकर इस्तेहार चिपकाया और परिजनों से कहा की फरार चल रहे लोगों को प्रस्तुत कीजिए।

### बारियातू में अवेयरनेस ग्रुप के सभी बीएलओ ने मतदाताओं को शपथ दिलाई



**बारियातू ।** प्रखंड के सभी बीएलओ ने रविवार को अपने-अपने बूथों में मतदाताओं के साथ शपथ ग्रहण कराया। शपथ समारोह में उपस्थित लोगों को हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं की हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एंव शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुन्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार प्रयोग करेंगे। इधर भाटचतरा बूथ संख्या 47 में बीएलओ देवँती देवी के नेतृत्व में शपथ दिलाया गया। मौके पर संगीता देवी, ममता देवी, जुली देवी, ऋषि सिंह, अशोक सिंह, गीता देवी, संध्या देवी, पूनम देवी, बिनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### चतरा लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाएं : प्रमोद सिंह



**मनिका (लातेहार) ।** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लैंपस के समीप कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह ने लोगों को कहा कि इंडी गठबंधन के लिए हम सभी राजनीतिक दल के लोगों को निस्वार्थ भाव से काम करने का जरूरत है। चतरा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजय बनाएं। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, संजय सिंह, दरोगी यादव, विश्वनाथ पासवान, मनोज यादव, अरुण सिंह, गणेश यादव, नवल सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### झाबर में राजद ने जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में वोट देने की अपील की



**बालूमाथ ।** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के नेतृत्व में गांव गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत झाबर पंचायत में राजद कार्यकताओं ने गांव-गांव में जाकर लोगों से संपर्क किया और चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगा। मौके पर श्री यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन झारखंड ही नहीं पूरे देश में हावी है। कहा आज पूरा देश महंगाई से लोग त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं जात-पात उच्च नीच का जहर घोल लोगों को तोड़ने का काम केंद्र की जुल्मी भाजपा की सरकार कर रही है। लोगों के बीच मतभेद उत्पन्न हो गया है ऐसी सरकार को हटाना है जिसके लिए गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को हाथ छाप में बटन दबाकर विजय बनाना है। श्री यादव ने यह भी कहा कि केएन त्रिपाठी के प्रति ग्रामीणों में काफी उत्साह है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अलावे पंकज सिन्हा, दशरथ यादव, विजय यादव, जगतनारायण, घनश्याम, राजकुमार उरांव, अर्जुन उरांव, संतोष ठाकुर, धनुषधारी यादव, संजय, वीरेंद्र गंझू सहित सैंकड़ो लोगो के नाम शामिल हैं।

**लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त ने दी जानकारी**

# 23 उम्मीदवारों में एक ने लिया नामांकन वापस, 22 लड़ेंगे चुनाव




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को लोकसभा चुनाव के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को नामांकन से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी के होने के पश्चात 03 मई तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था। जिसमें 04 मई को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 08 उम्मीदवारों का निर्देशन पत्र में त्रुटिपूर्ण रहने के कारण नाम पत्र अस्वीकृत किया गया। वहीं नाम वापसी की पर जय प्रकाश सिंह भोगता, पिता महेन्द्र सिंह भोगता, ग्राम तिलैया, पोस्ट द्वारी, थाना गिद्धौर, जिला चतरा निर्दलीय ने अपना नामांकन वापस लिया। साथ ही शेष 22 उम्मीदवार लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उपायुक्त ने सभी पत्रकार बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि 7 मई के संध्या 6 बजे से 8 बजे रात्रि तक सोशल मीडिया पर कैंपेन चलेगा आप सभी इस कैंपेन में भाग लें। इस बार हर एक मतदाता इलेक्शन एंबेसडर हैं अपने जानने वाले लोगों को भी इस कैंपेन में भाग लेने की अपील की। इस कैंपेन का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करना है। प्रेस कॉन्फ्रेस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

### बाइक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, एक घायल



**हेरहंज/बालूमाथ ।** बालूमाथ-पांकी मार्ग पर हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरु ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने पीछे से खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरु ग्राम निवासी मनौती भुइयां के पुत्र प्रमोद भैया के रूप में हुई है जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी अनुसार एक युवक अपने घर से चंदवा रिश्तेदार के यहां जा रहा था इसी दौरान अनियंत्रित होकर चिरु ग्राम के पास खड़ी एक ट्रक में पीछे से सीधे टक्कर मार दी। जिससे उसका सिर फट गया है और शरीर मे कई जगह पर चोट लगी है।

## मनिका में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पथ सभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मनिका/लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी मनिका मंडल के तत्वाधान में पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर किया गया। प्रखंड क्षेत्र के बरवैया, जान्हो, बंदुआ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजधानी प्रसाद यादव, राजीव रंजन पांडे समेत कई लोग उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने मोदी सरकार के कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल बताते हुए आगामी 20 तारीख को कमल फूल पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने का आग्रह किया। इस दौरान पर बबन पासवान, लव कुमार दुबे, धर्मजीत राय,मंदिप कुमार, सूरज कुमार निराला, अमरेंद्र कुमार, अरुण ठाकुर, संजय यादव, मनोज यादव, श्रवण यादव, वीरेंद्र यादव, ज्ञानचंद प्रजापति, प्रमोद यादव, प्रिंस कुमार, प्रदीप उपाध्याय, रवि प्रसाद, वकील प्रसाद, राजन कुमार, नंदू प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## बैठक में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जिताने का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के मुरू ग्राम में भाकपा माले प्रखंड सचिव के कमलेश सिंह की अध्यक्षता में माले के प्रमुख नेता, कार्यकर्त्ता व गांव के ग्राम प्रधान, बैगा पूर्व मुखिया एवं पंचायत समिति सहित गांव के लोगों की बैठक इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने को लेकर हुई। बैठक में प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के छोटे भाई नकुल त्रिपाठी जी उपस्थित रहें। वही बैठक का संचालन माले जिला कमिटी के सदस्य कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने किया ।प्रखंड सचिव कमलेश सिंह ने कहा की इस बार की चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने की हैं। भूतपूर्व मुखिया देवनाथ सिंह ने कहा की आज आदिवासियों और दलितों का सबसे बड़ा दुश्मन भाजपा और भाजपा के प्रधानमंत्री हैं और हमेशा इन्होंने रोजगार के नाम पर गरीबों को ठगा हैं। पंचायत समिति सदस्य घनश्याम राम ने कहा की मोदी इस बार 200सौ भी पार नहीं करेंगे। बैठक में कॉम दिहल सिंह, सूरजदेव सिंह, ग्राम प्रधान राम वृक्ष सिंह, कॉम देवराज सिंह सहित दर्जनों कैडर उपस्थित रहें और सबों ने भाजपा भगाओ संविधान और लोकतंत्र बचाओ का संकल्प लिया। बैठक का समापन की घोषणा प्रधान रामवृक्ष सिंह ने किया ।जबकि बैठक में आसपास के काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### भगवान गणेश एवं माता ऋद्धि-सिद्धि के विवाह के साथ रुद्र महायज्ञ संपन्न

**चतरा।** शहर के लिपदा में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन भगवान गणेश एवं माता ऋद्धि सिद्धि के विवाह के साथ ही संपन्न हो गया। इस दौरान मध्यप्रदेश सेंधवा से आए कथावाचक ललित जी नागर ने शिव पुराण में वर्णित प्रसंगों की सुंदर अदभुत व्याख्या कर कथा पंडाल में आए हुए श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने कथा वाचन में भगवान शंकर, शक्ति, ब्रह्मांड एवं युगों-युगों में घटित घटनाओं के बारे में भी अलौकिक ज्ञान पर प्रकाश डाला। इस कथा सागर में शिव बारात की झांकी निकाली गई। इस आयोजन में भुनेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, ईश्वर साहू, गोवर्धन सिंह, जयनाथ साहू, टहला साहू, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज दुबे, बिरजू लाल खंडेलवाल, भोला खंडेलवाल, विजय खंडेलवाल, कृष्णा खंडेलवाल, राजेश, उमेश, लखन एवं गोविंद खंडेलवाल ने महती भूमिका निभाई।


जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)
:– आम सूचना :–

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से Home Voting (AVSC/AVPD) के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए निम्नलिखित तिथियॉ निर्धारित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

प्रथम चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.05.24 से 14.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

द्वितीय चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16.05.24 से 17.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

नोट :– बुर्जूग मतदाता–85+ उम्र।
दिव्यांग मतदाता–40%+ दिव्यांगता।

विशेष नोट :– सभी अभ्यार्थी, लोकसभा 4–चतरा (2024) को सूचित किया जाता है कि मतदान तिथि को संबंधित प्रखण्डों मे अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) को नियुक्त करते हुए Home Voting Team के साथ भेजा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।


PR 324475 Election(24-25)D


### विवाहिता से दुष्कर्म के अरोप में युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बलबल में एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिक में हजारीबाग के सफीक मियां के पुत्र सद्दाम अंसारी 24 वर्ष को आरोपी बनाया गया है। इधर पुलिस ने आरोपी सद्दाम अंसारी को गिद्धौर मुख्य चौक से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी कोल वाहन चालक है। महिला ने रविवार देर शाम मारपीट करते हुए दुष्कर्म की बात कही है। थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।


जिला जन–सम्पर्क कार्यालय, गढ़वा।
(मीडिया एवं पब्लिसिटी कोशांग)
प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को ईवीएम के माध्यम से मतदान करने हेतु आवश्यक जानकारी।




ईवीएम के माध्यम से मतदान

वोट देने के लिए तैयार
जैसे ही आप मतदान कक्ष में प्रवेश करते हैं, तीसरा मतदान अधिकारी मतपत्र इकाई (बीयू) करे सक्षम कर देता है। बीयू 'रेडी' लाइट चमकेगी।

अपना मत डालें
अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम/चिन्ह/नोटा विकल्प के सामने बैलेट यूनिट पर नीला बटन दबायें।

बती को देखें
उम्मीदवार के नाम/चिन्ह/चयनित नोटा विकल्प के सामने लाल बत्ती जलेगी।

अपना वोट सत्यापित करें
वीवीपैट चुने गए उम्मीदवार/नोटा के सीरियल नंबर, नाम और प्रतीक वाले पेपर स्लिप को प्रिंट और प्रदर्शित करेगा।

'बीप' सुनें
नियंत्रण इकाई से बीप ध्वनि यह बताता है कि वोट सफलतापूर्वक डाल दिया गया है।

ह०/–
नोडल पदाधिकारी, मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग, गढ़वा।

PR 324468 Election(24-25)D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तरसहभागिता"
कार्यालय
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार
(Postal Ballot & EDC कोषांग)

आम सूचना

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑब्जर्बर, सेक्टर दण्डाधिकारी, वीडियोग्राफर, वेबकास्टिंग कर्मी सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों, वाहन चालक आदि का पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुविधा केन्द्र **(Facilitation Centre)** के माध्यम से पूर्वाहन् 09:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजे तक मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत संचालित होने वाले सुविधा केन्द्रों की तिथिवार विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | प्रशिक्षण स्थल/सुविधा केन्द्र (FC) का नाम एवं इन्चार्ज का नाम, पदनाम एवं मोबाईल नं0 | सुविधा केन्द्र(FC)की संख्या | चरणवार मतदान की तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार (मतदान कर्मी एवं BLO के लिए) श्री संतोष कुमार भगत, जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार (मो0–8292415533) | 06 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 2 | बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार (मतदान कर्मी एवं BLO के लिए) सुश्री कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार (मो0–6206543458) | 04 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21 मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 3 | वाहन कोषांग, जिला खेल स्टेडियम, लातेहार (वाहन चालक, उप चालक, सफाई कर्मी इत्यादि) श्री किशुन मिंज, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लातेहार (मो0–7764987718) | 03 | 5th चरण– 17 मई 2024 से 19 मई 2024 तक | सभी लोकसभा क्षेत्र झारखण्ड। |
| 4 | अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार (कोषांग, सेक्टर पदाधिकारी, माईक्रो आब्जर्वर, जोनल मजिस्ट्रेट, इत्यादि के लिए) श्री अजय कच्छप, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लातेहार (मो0–7294896975) | 01 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 5 | बलिका उच्च विद्यालय, लातेहार (पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए) श्री अनिल कुमार मिंज, कार्यपालक दण्डाधिकारी, लातेहार (मो0–8987900586) | 04 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 6 | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, बालूमाथ (पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए) श्रीमती तृप्ती विजया कुजूर, अंचल अधिकारी, बालूमाथ (मो0–8051141988) | 02 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 7 | बालिका मध्य विद्यालय, बरवाडीह (पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए) रेशमा रेखा मिंज, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह (मो0–9334639814) | 01 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |
| 8 | प्रखण्ड परिसर, महुआडांड़ (पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए) श्री अमरेन डांग, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महुआडांड़ (8651093856) | 02 | 4th चरण– 10 मई 2024 से 12 मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू |
| | | | 5th चरण– 10 मई 2024 से 13 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग |
| | | | 6th चरण– 14 मई 2024 से 18 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर |
| | | | 7th चरण– 21मई 2024 से 25 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा |

जिला निर्वाचन
पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.324430 Election(24-25):D

## एक नजर

### निर्वाचन कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारियों ने किया पोस्टल बैलेट से मतदान



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों ने पुलिस लाईन, लोहरदगा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। मतदाता सुविधा केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट के जरिये किया। मतदाता सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया था।

### भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने भंडरा में किया जनसंपर्क

**भंडरा ।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव ने अपने समर्थकों के साथ देर शाम तक भंडरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का चुनावी दौरा किया। दौरा के क्रम में उनके साथ मुख्य रूप से त्रिपुरा के कैबिनेट मिनिस्टर विकास देव वर्मा सम्मिलित हुए। भंडरा के अलावे भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौरों, बेदाल एवं मसमानो सहित कई अन्य गांव का भाजपा चुनावी जीत हेतु दौरा किया। मौके पर उन्होंने कहा कि देशहित के लिए हम सभी लोग भाजपा को वोट देकर हमे विजयी बनाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, विनोद भगत, संतोष कुमार, लाल देवव्रत, सुकरा पाहन, त्रिभुवन नाथ शाहदेव, त्रिविक्रम नाथ शाहदेव, देवेंद्र सिंह, अमित लाल, आनंद साहू, कलेश्वर साहू, रोहित साहू, विनोद उरांव, हरी पाहन सहित काफी संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा की चुनावी सभा में समीर उरांव को वोट देने की अपील की



**कैरो/लोहरदगा ।** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के दो शक्ति केंद्र सढ़ाबे के टाटी एवं हनहट के हुदू गांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष लखन उरांव के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार समीर उरांव को भारी मतों से विजय दिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने विगत दस वर्षों में भाजपा के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कमल फूल छाप बटन दबाकर समीर उरांव को सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का काम करें। मौके पर लाला उराव दुखन मुंडा प्रभु पांडे हरिलाल उराव भोसा उराव कर्मा उराव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नल जल योजना से वंचित लोगों ने उठाई आवाज, जांच की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा ।** नलजल योजना से वंचित ग्रामीणों की आवाज हुआ बुलन्द। सर्वे कर्मियों पर लगाया आरोप, मुहल्ला चिन्हित कर दिया जा रहा है योजना का लाभ। यह मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड पंचायत ग्राम के साहू मुहल्ला में देखने को मिला। जहां नलजल योजना संचालित करवाने हेतु बोरिंग कराया गया परंतु सही चयन नही होने तथा जरूरत मंद को योजना का लाभ नही मिलने पर सर्वे कर्मियों पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप निर्माण कार्य को बंद करने तथा जांच करवाने का किया मांग। सेन्हा साहू मुहल्ला में ग्रामीणों की बात जेई कृष्णा लोहरा तक पहुंचते ही निर्माण कार्य स्थल पहुंच ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए निदान करवाने का आश्वासन दिया गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुस्लिम मुहल्ला में जगह जगह पर बोरिंग ग्रामीणों के अनुसार कर शतप्रतिशत घरों में योजना का लाभ दिया जा रहा है।लेकिन साहू मुहल्ला तथा अन्य मुहल्ला में योजना लिमिट बता कर सही स्थान का चयन नही करने तथा जरूरत मंद लोगो को योजना से वंचित रखने का आरोप है। इस संदर्भ में जेई कृष्णा लोहरा ने ग्रामीणों की बात गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए कहा कि सर्वे के दौरान पंचायत के मुखिया,जलसहिया तथा एजेंसी कर्मियों द्वारा सर्वे किया गया था।जिसके आलोक में योजना स्वीकृत किया गया है। और चयनित मुहल्ला में योजना का लाभ दिया जा रहा है।साथ ही उन्होंने कहा कि चयनित प्रकिया में गड़बड़ी हुआ है। तो उसका भी जांच किया जाएगा और सम्बंधित पदाधिकारी को आपकी बातों से अवगत कराते हुए निदान किया जाएगा। वही मौके पर साहू मुहल्ला के ग्रामीण मौजूद थे।

## किस्को में पति ने गला दबाकर की हत्या



**लोहरदगा।** किस्को निवासी अख्तर अंसारी ने अपनी पत्नी बालमुनि लोहरा की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद साक्ष्य छुपाने की नीयत से उसने कब्रिस्तान में दफनाने के लिए ले गया। जहां स्थानीय ग्रामीणों और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी मिलने पर किस्को पुलिस दल-बल के साथ किस्को कब्रिस्तान पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी पति को किस्को पुलिस गिरफ्तार कर किस्को थाना ले आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल किसको पुलिस हत्यारा पति को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मृतक के पिता लालदेव लोहार के लिखित आवेदन के आधार पर किस्को पुलिस ने आरोपी पति अख्तर अंसारी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## एआईसीसी के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर सुमेर सिंह चरण एवं वैभव शुक्ला ने मोदी सरकार पर जमकर बोला हमला



**लोहरदगा।** कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में एआईसीसी के राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर सुमेर सिंह चरण एवं वैभव शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला है। सुमेर सिंह चरण ने कहा कि कई मुद्दों पर हमारी चर्चा हुई है। हमलोग राजस्थान से है। प्रथम चरण व द्वितीय चरण का मतदान हो चुका है। जिससे भाजपा को बहुत ह्रास हुआ है। 400 पार का नारा बेकार साबित होता दिखाई दे रहा है। भाजपा के लोग लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया है। भाजपा तानाशाही सरकार चलाती है। लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा संविधान में संशोधन करने की साजिश रचने की कोशिश कर रही है भाजपा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत, संतोष महतो, असलम अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## बिशुनपुर में पत्नी की हत्या कर शव को जलाने का किया प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित करचा नदी के समक्ष से एक महिला की अधजली शव बरामद किया हैं, बताया जाता है कि बिशुनपुर थाना क्षेत्र निवासी राजू यादव की शादी लातेहार जिला अंतर्गत कबरी कोटाम ग्राम निवासी 32 वर्षीय सीमा देवी ने साथ, हिन्दू रीति रिवाज के साथ 2007 में हुई और गत एक मई 2024 को राजू यादव ने अपने गांव में घुम-घुमकर यह बात फैला रहा था कि मेरी पत्नी सीमा देवी शौच के लिए करचा नदी के तरफ गई हुई थी। फिर वापस घर नहीं लौटी है। वह एकाएक गायब हो गई है। इसकी सूचना बिशुनपुर थाना पुलिस को मिली तो बिशुनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कचरा नदी के चारों तरफ मुआयना किया तो बिशुनपुर थाना पुलिस को एक स्थान पर सीमा देवी का अधजली स्थिति में शव बरामद किया गया। शव मिलते ही बिशुनपुर थाना पुलिस ने सर्वप्रथम राजू यादव को गिरफ्तार कर अपने साथ बिशुनपुर थाना ले गई और अपने पुलिसिया अंदाज में राजू यादव से पूछताछ शुरू की तो वह तोते की तरह अपने द्वारा किए गए अपने सभी अपराध को स्वीकार करते हुए अपनी पत्नी सीमा देवी की हत्या कर , तेल छिड़ककर उसके शव को आग लगाकर जलने का प्रयास किया ताकि साक्ष्य को छुपाया जा सके और उसकी पहचान ना हो सके बिशुनपुर पुलिस के समक्ष राजू यादव ने स्वीकार किया हैं बाद में शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक सीमा देवी के परिजनों द्वारा इस संबंध में लातेहार जिला अंतर्गत गारू थाना में राजू यादव के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## इमरजेंसी केयर का रक्तदान शिविर आयोजित

**लोहरदगा।** इमरजेंसी केयर के तत्वावधान में शहरी क्षेत्र के बीआईडी स्थित दुतिका सावित्री अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डाक्टर राजमोहन खलखो, सदर अस्पताल उपाध्यक्ष डा. शंभूनाथ चौधरी, डाक्टर नयन चौधरी, इमरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, एचआर हेड सजल कुमार, प्रोग्राम को-आर्डिनेटर निखिल बर्मन, अमित वर्मा, अरुण राम आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में देर शाम तक 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान को ले अपना निबंधन कराया था। वहीं पच्चास से ज्यादा लोग रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाणपत्र और हेलमेट दिया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर इमरजेंसी केयर द्वारा एक-एक हेलमेट भी दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अजातशत्रु, शताब्दी महेंद्र, सुधांशु कुमार, निखिल कुमार, हनी, अमन, जयजीत चौबे, मोहित, उमेश कुमार, सद्दाम अंसारी, राहुल कुमार, अनुप दास, कुलदीप प्रजापति, तनय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।




## एक कुशल कार्यकर्ता बनने के लिए अनेक कष्ट सहने पड़ते हैं : रंगनाथ महतो

### सीता नवमी कार्यक्रम की विशेष तैयारी करेगी विहिप



**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल जिले की बैठक लोहरदगा संघ कार्यालय में हुआ। जिसमें तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्माता मंत्र एवं तेरह बार विजय महामंत्र से की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में नवीन प्रांत अध्यक्ष का आगमन एवं उनका स्वागत किया गया। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। जैसे आगामी कार्यक्रम सीता नवमी को हर प्रखंड में मनाना है, तथा प्रशिक्षण वर्गों में सभी प्रखंडों से कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण वर्ग में जाएं। बैठक में प्रांत सहमंत्री सह गुमला विभाग पालक रंगनाथ महतो ने कहा कि एक कुशल कार्यकर्त्ता बनने के लिए अनेक कष्ट सहने पड़ते हैं। बैठक को प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने भी संबोधित किया। मौके पर बैठक में संत कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, लाल ओंकारनाथ शाहदेव, कुलदीप सिंह, जिला संगठन मंत्री- कार्तिक विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष- मनोज कुमार गुप्ता, सह मंत्री- रंजीत साहू, रोहित वर्मा, परशुराम गोप, सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, अशोक, जिला दुगार्वाहिनी, आशा सोनी, अनुराधा देवी, कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष जितबाहन महतो, लाल भीमनाथ सहदेव, पूर्व बजरंग दल संयोजक प्रमोद प्रजापति उपस्थित थे।

## चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक चर्च में मनाया गया बाबा दिवस समारोह



**चैनपुर ।** चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक चर्च परिसर में रविवार को धूमधाम से मनाया गया बाबा दिवस समारोह इस अवसर पर सर्वप्रथम विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया मुख्य अधिष्ठाता फादर डीन जेभिरियानुस किण्डो के द्वारा विधि विधान से मिस्सा पूजा संपन कराई गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आज हम बाबा दिवस समारोह मना रहे हैं पिता के सम्मान में यह समारोह मनाया जा रहा है क्योंकि एक पिता अपना सारा जीवन अपने बच्चों एवं परिवार के लिए समर्पित कर देता है पिता खुद तकलीफ में रहकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार प्रदान करता है। ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। आज हम सभी मिलकर प्रभु यीशु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें शक्ति प्रदान करें। जिससे वह अपने कर्तव्यों को भली भांति निभा सके। मौके पर मुख्य रूप से फादर डीन जेभिरियानुस किण्डो, असम से पहुंचे फादर अल्बर्ट तिर्की, फादर पवन लकड़ा, सिस्टर रेजिना बेक, सिस्टर ललिता, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कुजूर, फिलमोन कुजूर, जेम्स रोजारियो तिग्गा, लियोनार्ड खलखो, सुशील दीपक मिंज साहित भारी संख्या में खीस्तीय धर्म विश्वासी उपस्थित रहे।

## आज चलेगा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग कैंपेन

**लोहरदगा/गुमला।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड के निदेश पर कल दिनांक 7 मई को संध्या 6 बजे से रात्रि 8 के बीच सभी सोशल मीडिया हैण्डल्स पर हैशटैग में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग कैंपेन चलाया जाएगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां शामिल की जाएंगी जिसका फोटो व वीडियो ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक भी आयोजित की जाएगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकते हैं। वे अपनी सेल्फी के साथ अपना फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें और उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें। अपना फोटो व वीडियो, जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड और भारत निर्वाचन आयोग को भी टैग करें। साथ ही, हैशटैग मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैशटैग का इस्तेमाल करना ना भूलें।



### कांग्रेस और भाजपा दोनों को इतिहास रचने की जरूरत

## तीन बार से है भाजपा का कब्जा, कांग्रेस को भाजपा से सीट झपटने की चुनौती

**राहुल कौशल । लोहरदगा**

लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए अच्छा नहीं रहा है। इस लोकसभा सीट पर कुल 17 लोकसभा चुनाव हुआ। जिसमें 09 बार के लोस चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। जबकि पांच बार भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। अगर बात करे कांग्रेस की तो वर्ष 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड? वाले जतन खेरवार चुनाव हार गए थे। इसके बाद वर्ष 1962 और 1977 के चुनाव में कांग्रेस के कार्तिक उरांव को हार का सामना करना पड़ा था। फिर 1991 के लोकसभा चुनाव में सुमति उरांव को हार मिली थी। 1996 में चुनाव हुआ तो उस समय कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे बंदी उरांव को हार झेलनी पड़ी थी। जबकि 1999 के चुनाव में इंद्रनाथ भगत जैसे दिग्गज नेता को भी चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि 2004 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. रामेश्वर उरांव भले ही चुनाव जीत गए थे, पर 2009 के चुनाव में उन्हें सुदर्शन भगत ने करारी शिकस्त दी थी। वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत से डॉ. रामेश्वर उरांव को हार का सामना करना पड़ा था। वही 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सुखदेव भगत को करारी हार का सामना करना पड़ा था।

अब जरा भाजपा के चुनाव परिणाम पर नजर डालें तो वर्ष 1982 के उप-चुनाव में भाजपा के लालू उरांव को हार मिली थी। जबकि 1984 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे ललित उरांव फिर से चुनाव हार गए थे। वर्ष 1989 के चुनाव में भी ललित उरांव को हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 1998 के चुनाव में ललित उरांव एक बार फिर चुनाव हार गए थे। जबकि वर्ष 2004 के चुनाव में प्रो. दुखा भगत को हार का सामना करना पड़ा था। कुल मिलाकर कहा जाए तो लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों को इतिहास बदलने की जरूरत है। यहां पर भाजपा पिछले तीन लोकसभा चुनाव से अपना कब्जा जमाए हुए है। जबकि कांग्रेस को भाजपा से सीट झपटने की चुनौती है।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

**कार्यालय :-जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लातेहार**

(Postal Ballot& EDC कोषांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आम सूचना**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में आवश्यक सेवाओं में संलग्न अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं का लोकसभा आम चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट के द्वारा पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre) के माध्यम से मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत स्थापित होने वाले पोस्टल वोटिंग सेंटर(Postal Voting Centre) एवं मतदान की तिथि का चरणवार विवरणी निम्नवत है :-

| क्र0 | प्रशिक्षण स्थल/पोस्टल वोटिंग सेंटर (Postal Voting Centre)का पता | चरणवार मतदान की तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम | मतदान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समाहरणालय, लातेहार का प्रतिक्षालय (प्रथम तल, उपायुक्त कार्यालय के बगल में) | 4th चरण- 10मई 2024 से 12मई 2024 तक | 10 सिंहभूम/11 खुंटी/12 लोहरदगा/13 पलामू | पू0 09.00 बजे से अप0 05.00 बजेतक |
| | | 5th चरण- 14 मई 2024 से 16 मई 2024 तक | 4 चतरा/5 कोडरमा/14 हजारीबाग | |
| | | 6th चरण- 19 मई 2024 से 21 मई 2024 तक | 6 गिरीडीह/7 धनबाद/8 रांची/9 जमशेदपुर | |
| | | 7th चरण- 27 मई 2024 से 29 मई 2024 तक | 1 राजमहल/2 दुमका/3 गोड्डा | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, लातेहार

PR 324431 Election (24-25)_D



**लोकसभा आम चुनाव-2024**
**स्वीप कोषांग, गढ़वा**

**अपील**

प्रिय मतदाताओं,

मैं शेखर जमुआर गढ़वा जिला का उपायुक्त, आप सभी को अपना संदेश देना चाहता हूँ।

मैं इस बात से भली-भांती अवगत हूँ कि आज के दौर में हर व्यक्ति अपने रोजमर्रा के कार्यो में तथा अपनी पारिवारिक एवं कार्य क्षेत्र की जिम्मेदारियों को पूर्ण करने में अत्यधिक व्यस्त हैं। मैं आपकी समस्याओं से अवगत हूँ तथा आपकी भावनाओं एवं जरूरतों को समझता हूँ।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पाँच साल में एक बार हमारे देश में लोकसभा आम चुनाव होता है। इस बार आपके जिले में चुनाव का महापर्व दिनांक-13.05.2024 दिन सोमवार को निर्धारित है। आपके उपायुक्त की आपसे गुजारिश है कि अपने व्यस्ततम दिनचर्या से 15-20 मिनट का समय दिनांक-13.05.2024 दिन सोमवार को निकालें तथा आप सपरिवार जिनका नाम मतदाता सूची में अंकित हो, मतदान आवश्य करें। साथ ही आप सभी से मेरी यह भी अपील है कि आप भयमुक्त होकर किसी भी लालच में आये बिना अपने मताधिकार का सदुपयोग करें तथा एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएँ आपके एक मत डालने से आपका, आपके टोले का, आपके गाँव का महत्वपूर्ण योगदान देश के निर्माण में होगा।

90% से अधिक मतदान वाले मतदान केन्दों पर जिला प्रशासन की ओर से मतदाता पर्व मनाया जायेगा तथा मतदाताओं के साथ मिलकर मतदाता वृक्ष लगाया जायेगा।

आपके लंबे एवं सुखी जीवन की कामना करते हुए मैं, आपके जिले का उपायुक्त पुनः आपसे मतदान करने की करबद्ध अपील करता हूँ।

ह0/-
(शेखर जमुआर भा0प्र0से)
जिला निर्वाचन पदाधिकारी

PR 324427 Election(24-25)#D



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**संशोधित-आदेश**

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 1091/जि0निर्वा0 दिनांक 01.05.2024 के द्वारा कुल 07 Facilitation Centre स्थापित कर मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिसके अनुसार दिनांक 03.05.2024 से 07.05.2024 तक प्रशिक्षण केन्द्र गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा में कुल तीन सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का अधिष्ठापन किया गया था।

किन्तु उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान कर्मियों/माइक्रो ऑब्जर्वर/सेक्टर दण्डाधिकारी आदि की संख्या काफी अधिक होने के कारण सुगमता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने हेतु दो अतिरिक्त सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की गयी है।

अतः सम्यक विचारोपरांत उपरोक्त आदेश ज्ञापांक 1091/जि0निर्वा0 दिनांक 01.05.2024 को निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है -

| क्र0 सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र हेतु चिन्हित स्थल | निर्धारित तिथि एवं समय | प्रपत्र-13A का सत्यापन पदाधिकारी का नाम | मतदान दल की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 80-गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0-17 (भूतल) | 03.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री सुनील कुमार, अंचल अधिकारी, खरौंधी 9430361876 | P1- Manish kumar Tiwari. PGT, RK+2HS Bhandariya, P2-Pawan kumar, Sahayak Adhyapak, UMS Gerua, Meral, P3-Mahesh kumar ravi, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 2 | 80-गढ़वा वि0स0 क्षेत्र (अतिरिक्त) | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0-25 (प्रथम तल) | 04.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री नित्यानंद हंसदा, सहायक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, गढ़वा 8294057073 | P1-Pravind Yadav, PGT,RK+2 HS Ranka, P2- Sandip Kumar, Sahayak Adhyapak, Bijdih Ketar. P3-Ashok Uraon, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 3 | 81-भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0-18 (भूतल) | 03.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री कुमार नरेन्द्र नारायण, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गढ़वा। | P1-Shashikant Pandey, PGT,+2 HS Bargarh P2-Pragas ram, Sahayak Adhyapak, UMS, Block Coloney, Meral P3-Harendra Kumar Giri, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 4 | 81-भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र (अतिरिक्त) | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0-12 (भूतल) | 04.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | मो0 आरीफ, सहायक अभियंता, अनुसंधान प्रमण्डल, गढ़वा, 6203711213 | P1- Krishna Ram. Clerk, RK+2HS Arangi, P2-Ramchandra Chaudhary, Sahayak Adhyapak, UPS Lohbandha, Kharaundhi, P3-Jawed Ansari, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 5 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | गोविन्द +2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0-19 (भूतल) | 03.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री यशवंत कुमार नायक, अंचल अधिकारी, मेराल। | P1-Dilip Kumar Upadhyay, PGT,+2 HS Bhawnathpur, P2- Ramesh Singh, Sahayak Adhyapak, UMS Bhadua Meral. P3-Amit Kumar Singh, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 6 | 80-गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | पुलिस केन्द्र, गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट (भूतल) | 03.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री संदीप मधेशिया, अंचल अधिकारी, विशुनपुरा। | P1-Rakesh Gupta, PGT,+2 HS Meral, P2- Janardan Tiwari, Sahayak Adhyapak, UMS Merauni. P3-Manjur Alam, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 7 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | पुलिस केन्द्र, गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट (भूतल) | 03.05.2024 से 07.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री शिवपुजन तिवारी, अंचल अधिकारी, रंका। | P1-Shubham Prajapati, PGT RK,+2 HS Meral, P2- Ajit Kumar Singh, Sahayak Adhyapak, UMS Khutiya. P3-Sujit Kumar, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 8 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | भूतल पर कमरा संख्या-117 समाहरणालय, गढ़वा। | 09.05.2024 से 11.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री संदीप मधेशिया, अंचल अधिकारी, विशुनपुरा। | P1-Pravind Yadav, PGT,RK+2 HS Ranka, P2- Sandip Kumar, Sahayak Adhyapak, Bijdih Ketar. P3-Ashok Uraon, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |
| 9 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | डिसपैच सेंटर नामधारी कॉलेज, गढ़वा | 12.05.2024 10:00 am to 05:00 pm | श्री हंस हेम्ब्रम, कार्यपालक दण्डाधिकारी, श्रीबंशीधर नगर। | P1- Krishna Ram. Clerk, RK+2HS Arangi, P2-Ramchandra Chaudhary, Sahayak Adhyapak, UPS Lohbandha, Kharaundhi, P3-Jawed Ansari, Clerk, SSJSNC, Garhwa. |

उपरोक्त प्रतिनियुक्त कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि दिनांक 04.05.2024 को पोस्टल बैलेट कोषांग अनुमण्डल कार्यालय, गढ़वा में संचालित पोस्टल बैलेट कोषांग में दिनांक 04.05.2024 को प्रातः 08:00 बजे अपना योगदान देते हुए आवंटित निर्वाचन क्षेत्र/चिन्हित स्थल पर स्थापित सुविधा केन्द्र पर उपस्थित होकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

'सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक'

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, गढ़वा

PR 324428 Election(24-25).D

# चंद्र प्रकाश चौधरी और मथुरा महतो के नामांकन में पहुंचे कई दिग्गज



## मथुरा महतो के साथ पार्टी के महासचिव सूप्रियों भट्टाचार्य व मंत्री बेबी देवी हुई शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर भी चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी बोकारो में नामांकन किया। राजग गठबंधन से जहां वर्तमान सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने पर्चा भरा वहीं इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो ने नामांकन पर्चा भरा।

इस दौरान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी अपने प्रस्तावक व समर्थक के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचें और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान सीपी चौधरी के साथ गोमिया विधायक लंबोदर महतो सहित राजग गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। इस दौरान बिहार के डिप्टी सीएम सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई नेता भी सीपी चौधरी का उत्साह बढ़ाने के लिए बोकारो पहुंचे हुए थे।

इधर गिरिडीह लोकसभा के लिए इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो भी निश्चित समय पर बोकारो में नामांकन पर्चा दाखिल करने के लिए पहुंचे। इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से काफी संख्या में झामुमो कार्यकता बोकारो पहुंचे हुए थे। मथुरा महतो अपने समर्थकों के साथ बोकारो सामहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान श्री महतो के साथ मंत्री बेबी देवी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे। नामांकन के बाद समाहरणालय से बाहर निकलते हुए प्रत्याशी मथुरा महतो ने कहा कि जनता का साथ उन्हें हमेशा मिलता रहा है और इस बार लोकसभा चुनाव में भी जनता का पूरा समर्थन उन्हें प्राप्त होगा।

## एक नजर

### बाइक चोरी मामले में दो को जेल



**गिरिडीह।** गावां थाना पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाकर बाइक चोरी करने के आरोप में दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने पाण्डेयडीह निवासी कुंदन कुमार पांडेय पिता स्व धनेश्वर पांडेय एवं सिरी निवासी अरविंद कुमार यादव पिता रामेश्वर प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाइक चोरी के एक मामले में 5 मई को कांड संख्या 39/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि बाइक चोरी के मामले में छापामारी अभियान चलाकर दो लोगो को जेल भेजा गया है।

### वॉल्व खराब होने से चिरकुंडा के चार वार्डों में जलापूर्ति ठप

**धनबाद।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के नेहरू रोड ब्रह्माकुमारी केन्द्र के समीप राइजिंग पाइप का वॉल्व खराब हो जाने के कारण सोमवार को चिरकुंडा के चार वार्डों में जलापूर्ति ठप रही। करीब आठ हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान रही। बताया गया कि वॉल्व खराब होने के कारण रविवार को नगर परिषद कार्यालय की जलमीनार में पानी नहीं चढ़ सका। इस जलमीनार से वार्ड 18, 19, 20 व 21 में जलापूर्ति होती है। लेकिन सोमवार को घरों में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच सका सका। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि मिस्त्री वॉल्व को ठीक करने में जुटे हुए हैं। मंगलवार की सुबह से लोगों को पानी सुचारू रूप से मिलने लगेगा।

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो सगी बहनों की मौत

**धनबाद ।** धनबाद के बिरसा मुंडा पार्क के समीप सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो सगी बहनों की दर्दनाक मौत हो गई, दोनों बहन गोमो की रहने वाली है। हादसा घर जाने के क्रम में हुआ है। तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो भी पलट गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी के मामले में एक दोषी

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी गोपालीचक पुटकी निवासी चंदन कुमार यादव को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। आरोपी इस मामले में सुनवाई के दौरान फरार हो गया था। उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया। बचाव पक्ष की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने पैरवी की।

# इंडी प्रत्याशी ने गांवों का किया भ्रमण चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**




इंडी प्रत्याशी विनोद सिंह ने गावां बाजार में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव व निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद लोगो को संबोधित करते हुए बिनोद सिंह ने कहा कि मोदी सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। गावां तीसरी लोगो को ढिबरा से रोजगार मिलता था। जिसे बन्द कर दिया गया है। यहां के नौजवान दूर महानगरों में जाकर मजदूरी करने को विवश है। आये दिन काफी संख्या में प्रवासी मजदूरों की मौत महानगरों में हो रही है। इन तमाम मुद्दों पर यहां की सांसद ने कभी भी आवाज नही उठाया। केंद्र सरकार के द्वारा राज्य में पीएम आवास को बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों का लगातार पलायन हो रहा है। क्षेत्र में सिचाई आदि की कोई व्यवस्था नही है। आंदोलन करने पर किसानों पर लाठियां बरसाई जाती है। क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नही होने से यहां के छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे है। स्थानीय सांसद ने कभी भी इस पर पहल नही की। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों का राशि भी उतना नही मिलता है कि रोज का राशन खरीद कर खा सकें। भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है। गावां, माल्डा व पिहरा आदि के व्यवसायियों की सरकार नही है। मोदी सरकार में अगर किसी का विकास हो रहा है तो वह है अडानी और अंबानी। छोटे व्यवसाय करने वालों को बैंक लोन नही देती है और विजय माल्या अडानी अंबानी करोड़ो अरबों रुपये बैंक से कर्जा लेकर अपना विकास करने में लगे है। यह समय आ गया है जनता को समझने की। सभा को राजकुमार यादव, निजामुद्दीन अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह, नागेश्वर यादव, रामेश्वर चौधरी, मरगूब आलम, बिनोद यादव, रंधीर चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत विनोद सिंह ने गावां बाजार, बिरने,पंडरिया एवं बादीडीह आदि गांवो का भ्रमण कर लोगो से मिले।

## 16 मई को पेशम आएंगे पीएम मोदी



**बिरनी गिरीडीह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मई को गिरीडीह जिला के बिरनी प्रखंड के पेशम के अडवार मैदान में जनसभा करेंगे। पुलिस प्रशासन इसकी तैयारी में जुट गई है। सोमवार को सरिया एसडीपीओ धनंजय राम,इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन,सीओ सारांश जैन,भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज पेशम अडवार मैदान पहुंचकर जायजा लिया। जिसमें मुख्य मार्ग, पार्किंग स्थल का चिन्हित किया। जिसमे गादी पंचायत भवन के पास,पेशम क्रिकेट मैदान, खाखीपिपर पेशम के बीच मैदान में अन्य जगहों पर पार्किंग स्थल का चिन्हित किया। मौके पर मीडिया प्रभारी, नारायण पाण्डेय , प्रवीण कुमार समेत दर्जनों लोगों मौजूद रहे।

## बिरनी में इंडिया गठबंधन की बैठक संपन्न

**गिरिडिह।** बिरनी प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब के बगीचा में इंडिया गठबंधन की बैठक की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव पर गंभीर चर्चा हुई। सभी दल से शामिल हुए गठबंधन के नेताओं ने कोडरमा लोकसभा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह को कंधे से कंधा मिलाकर पूरी ताकत के साथ चुनाव में विजय दिलाने का संकल्प लिया। गठबंधन के नेताओं ने कहा कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी को उनके निक्कमेपन का करारा जवाब देने व इस देश से झूठ फरेब और नफरत के शासन व्यवस्था को उखाड़ फेंकने में गठबंधन ने अपनी भूमिका निर्धारित की है । बिरनी प्रखण्ड स्तरीय 15 सदस्यीय चुनाव संचालन समिति की गठन की गई जो पूरे बिरनी में चुनावी गतिविधियों पर रणनीति तय करेगी ।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंदा, मौत

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुंडा पार्क स्थित आठ लाइन पर सोमवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़कर मौके पर पहुंची धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों में डिनोबली स्कूल भूली की नौवीं की छात्रा जिया और उसकी बड़ी बहन है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो मेमको मोड़ की तरफ से विनोद बिहारी चौक की तरफ से काफी तेज गति से आ रही थी। इस बीच स्कॉर्पियो दो लेन का डिवाइडर फांद कर तीसरी लेन में आ गया। इसी दौरान सामने से आ रही स्कूटी को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनों की मौत हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो चालक प्रदीप मंडल और राजू मंडल स्कॉर्पियो का एयरबैग खुलने से बच गए। उन्हें इस घटना में मामूली चोटें आईं है।

# चाइल्डलाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से रोका गया बाल विवाह



**नवीन मेल संवादाता। गिरिडीह**

चाइल्ड लाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सोमवार को तिसरी प्रखण्ड में एक और नाबालिग लड़की का बाल विवाह रुकवाया गया।

मामला प्रखंड के मनसाडीह ओपी क्षेत्र का है। बताया जाता है कि चाइल्ड लाईन की टीम को एक नाबालिग के विवाह होने की गुप्त सुचना मिली थी। सुचना के आधार पर चाइल्ड लाइन के केस वर्कर नरेश कुमार वर्मा ने बच्ची के घर पहुंचकर उसके अभिभावक को समझाया - बुझाया साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कानूनन जुर्म के बारे में बतलाया गया। वहीं बाल विवाह नहीं करने की हिदायत दी गई। इस दौरान सवेरा फाउंडेशन के प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि नाबालिग उम्र में लड़कियों पर विवाह का विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा पहले ही बाधित हो जाती है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। मौके पर मनसाडीह पुलिस के एएसआई बी.एन.मुर्मू समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे ।

# गोविंदपुर में नकली कोल्ड ड्रिंक्स फैक्ट्री के संचालक पिता और पुत्र को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोविंदपुर थाने की पुलिस ने नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री के संचालक पिता पुत्र को सोमवार को जेल भेज दिया। उनपर केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स बाजार में बेचने का भी आरोप है। पुलिस ने रविवार को बरियो मोड़ स्थित देवकी वस्त्रालय के पीछे छापेमारी कर नकली कोल्ड ड्रिंक्स की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए फैक्ट्री संचालक टीटीचापुड़ी निवासी श्यामपद मंडल और उसके बेटे मनोज मंडल को गिरफ्तार किया था। यह जानकारी डीएसपी शंकर कामती व गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दोनों बाप-बेटा फैक्ट्री में केमिकल युक्त कोल्ड ड्रिंक्स तैयार कर बाजार में बेचते थे। उनके पास कोल्ड ड्रिंक्स बनाने का लाइसेंस भी नहीं था। इस तरह के कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन करने से लोगों के जीवन पर घातक असर पड़ सकता था।

डीएसपी ने बताया कि ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर की आड़ में कपड़ा दुकान के पीछे इस फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापेमारी की। वहां से कोल्ड ड्रिंक्स बनाने वाली मशीन भी जब्त की गई है। इसके साथ ही नकली मैंगो फ्रूटी फ्रेशन जूसी (200 एमएल बोतल) की 22 पेटी, फ्रेश फ्रूटी जूस मैंगों बोतलों की दो पेटी, हरा रंग की मैंगो फ्रूटी फ्रेश एंड जूसी की बोतलोकं की तीन पेटी समेत बड़े पैमाने पर रैपर, बोतलें, ढक्कन व अन्य सामग्री जब्त की गई। छापामारी में थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, दारोगा चिंतामन रजक, गुरुदयाल सबर, अमृता खलको, जमादार लक्ष्मी नारायण महतो व अन्य जवान शामिल थे।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

कार्यालय :–जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार।

(Postal Ballot& EDC कोषांग)

आम सूचना

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में आवश्यक सेवाओं में संलग्न अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं (85+ आयुवर्ग के वरिष्ठ एवं 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग नागरिक) का लोकसभा आम चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट के द्वारा होम वोटिंग (Home Voting) के माध्यम से मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत मतदान की तिथि 09.05.2024 से 14.05.2024 तक निर्धारित है।

| प्रखण्ड का नाम | वरिष्ठ + 85 वर्ष अथवा अधिक उम्र वाले मतदाताओं की कुल संख्या | दिव्यांग मतदाताओंकी कुल संख्या | मतदान की तिथि | मतदान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 लातेहार | 2 | 3 | दिनांक– 09.05.2024 से 14.05.2024 तक | पूर्वाहन् 09:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजेतक |
| 02 बालूमाथ | 3 | 2 | | |
| 03 बारियातु | 1 | 0 | | |
| 04 हेरहंज | 6 | 0 | | |
| 05 मनिका | 0 | 2 | | |
| 06 बरवाडीह | 3 | 0 | | |
| 07 गारू | 0 | 1 | | |
| 08 महुआडांड़ | 2 | 3 | | |
| कुल :– | 17 | 11 | | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 324433 Election(24-25)D

## गांडेय प्रखंड में चलाया जन संपर्क अभियान

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के बरमसिया 2 पंचायत के कई गांवों का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया गया तथा कोडरमा और गांडेय से इंडिया प्रत्याशियों क्रमशः विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई।

## लोकसभा आम निर्वाचन-2024
## पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला

(Email id —postalballotcellgumla@gmail.com)

आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर पुलिस कर्मी आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापित है।

In pursuance of sub-section (1) and sub-section (3) of section 26 of the Representation of the people, 1963 (43 of 1951) here by appoint the officers specified in column 4, 5,6 & 7 of the table below Attestating Officer, poling officer-1, poling officer-2, poling officer-3, respectively for the specified in Team no 1 to 9 for assembly constituency 67-sisai, (ST) 68-Gumla, (ST), 69-Bishunpur, (ST) forming part of parliamentary constituency 12-Lohardaga(ST)

**Facilitation Centre%** & महिला महाविद्यालय पुग्गू गुमला में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र – दिनांक 06.05.2024 से 07.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | पुलिस कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी, गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती ललिता मिंज, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , भरनो। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 2 | | कमरा नम्बर 2 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी , गुमला। | श्री राहुल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुंमला। | श्री दिनेश्वर भगत, प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय , गुमला। | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | 1 | 2 |
| 3 | | कमरा नम्बर 3 | श्री खाखा सुषील कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, चैनपुर । | श्री अनिल उरांव, लिपिक, जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती मेझरेन पन्ना , प्रधान लिपिक , अंचल कार्यालय , भरनो। | श्री ललित किड़ो , लिपिक, जिला आपूर्ति कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 4 | | कमरा नम्बर 4 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय ,सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

पुलिस लाईन, चन्दाली में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र :–दिनांक–08.05.2024 से 09.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

| क0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 5 | On Election Duty पुलिस पदाधिकारी /होम गार्ड/पुलिस कर्मी/अन्य पुलिस कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी , गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | मो0 गुलाम सादिक, लिपिक, जिला स्थापना, शाखा गुमला। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 6 | | कमरा नम्बर 2 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

पोस्टल वोटिंग सेन्टर – **(PVC)**

समाहरणालय, गुमला भवन सं0–01, स्थित कमरा नम्बर–10

दिनांक–07.05.2024 से 08.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | अनिवार्य सेवा के अनुपस्थित मतदाता | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 10 | श्री पुनीत मिंज, श्रम अधीक्षक, गुमला। | श्री बासुदेव उरांव , लिपिक , जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्री अनुरंजन मिंज, लिपिक , अंचल कार्यालय, कामडारा। | श्री अजय कुमार बेसरा, लिपिक ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

वाहन कोषांग में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र– दिनांक–10.05.2024 से 11.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | ( गैर सरकारी मतदाता) On Election Duty ड्राईबर, कण्डक्टर | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा कमरा नम्बर 1 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

अतिरिक्त सुविधा केन्द्र –

पोलिटेक्निक कॉलेज, चन्दाली , गुमला दिनांक–12.05.2024 समय पूर्वाह्न 6.00 बजे से मतदान कर्मी के प्रस्थान तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | शेष मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न है। | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 01 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गुमला | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | श्री अनुप बघेरा , लिपिक,अंचल कार्यालय सिसई। | श्री निरंजन कुमार सहायक षिक्षक, चाहा । | 1 | 2 |

मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन के अनुरूप डाक मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर प्रक्रिया के पूर्ण प्रभार में श्री शेखर कुमार, भूमि सुधार उप सामाहर्त्ता बसिया सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व निर्वाहन करेगें।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी ( पोस्टल बैलेट ) का दायित्व :–

निर्दिष्ट सहायक निर्वाची पदाधिकारी (Postal Ballot) का दायित्व होगा कि मतपेटी में डाले गए पोस्टल बैलेट से संबंधित लिफाफा को लोकसभा क्षेत्रवार छटनी कर अलग–अलग कपड़े के थैले में जिसपर स्पष्ट रूप से Facilitation Centre का नाम, लोकसभा क्षेत्र का नाम , मतदान की तिथि , थैले में डाले गए कुल मतों की संख्या अंकित करते हुए सील करायेगें। उक्त सारी प्रक्रिया facilitation Centre पर उपस्थित अभियर्थी/उनके अभिकर्त्ता (Agent) के समक्ष की जायेगी एवं सील थैले पर उनका भी हस्ताक्षर प्राप्त किया जायेगा। साथ ही एनेक्श्चर–6 में प्रतिवेदन तीन प्रति में तैयार कर एक प्रति Strong Room में तथा एक–एक प्रति क्रमशः वरीय पदाधिकारी, डाक मतपत्र कोषांग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला को उपलब्ध करायेगें।

प्रथम मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदान की गई निर्वाचन कर्त्तव्य पर मतदाताओं की सूची का प्रभारी रहेगें।
2. मतदाता के मतदाता पहचान पत्र या अन्य फोटो पहचान पत्र (आयोग द्वारा निर्धारित) के आधार पर मतदाता की पहचान के लिए जिम्मेवार होगें।
3. परिशिष्ट–5 के अनुसार एक पंजी में प्रत्येक मतदाता के हस्ताक्षर प्राप्त करना है।
4. मतदान समाप्त होने के बाद, पंजी को फॉर्म–17 ए में पंजी की तरह ही मुहरबंद किया जायेगा और नियम 93(1) में उल्लेखित अन्य वैधानिक कवर के साथ रखा जायेगा । उपरोक्त पंजी की प्रति उन अभ्यर्थियों को दी जा सकती है जो इसके लिए अनुरोध करते है।

द्वितीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. Postal Ballot मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाएंगें।

तृतीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेगें कि मतपत्र की कम संख्या फॉर्म–13 बी और फॉर्म 13 ए पर अंकित करना है।
2. फॉर्म 13 सी को मतदाता को सौंपते समय उस पर मतदाता का हस्ताक्षर करावाना है।

सत्यापन पदाधिकारी के दायित्व :– गुप्त मतदान कक्ष में डाक मत पत्र में अपता वोट डालने के बाद कर्मचारी स्वंय डाकमतपत्र को फॉर्म 13–बी ( कवर ए ) में डाला जायेगा।

1. प्रतिनियुक्त सत्यापन पदाधिकारी सुविधा केन्द्र के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए Postal Ballot के प्रपत्र 13 A पर प्राप्त घोषणा का सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी होगें।
2. मतपत्र का क्रम संख्या घोषणा मे दिये गये स्थान पर भरा हुआ है, यह उसकी उपस्थिति में निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित है, उसका पता विधिवत उल्लेखित सही है। सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेगें, पदनाम हाथ से लिखा जायेगा या कार्यालय का पता दर्शाने वाला मुहर लगायेगें। तत् पश्चात सीलिंग process कराकर सीलबंद सेट को सुविधा केन्द्र में रखे मतपेटी में डालने की कार्रवाई करायेगें।
   सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी भारत निर्वाचन आयोग क दिशा निर्देश का अक्षरशःअनुपालन करना सुनिश्चित करेगें।

आदेश ज्ञापांक 66 दिनांक 24.04.2024 के आलोक में सुविधा केन्द्र संचालित किया गया। **Voters on election Duty** एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता के डाक मत पत्र द्वारा मतदान को सुनिश्चित कराने एवं डाक मतदान प्रक्रिया के अधिकतम आच्छादम के उद्देश्य से पूर्व निर्गत आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

वरीय नोडल पदाधिकारी
डाक मत–पत्र कोषांग–
सह–परियोजना निदेशक
आई0टी0डी0ए0, गुमला।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला

PR.NO.324476 Election(24-25):D

सुप्रभात

**सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है। इसलिए किसी को भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए : सुभाष चंद्र बोस**



# कीटनाशकों से बचाव कम खतरे ज्यादा

***बढ़ते*** मुनाफे के लिए कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग नित नए खतरों को जन्म दे रहा है। अनुमान है की खेतों में इस्तेमाल होता यह जहर हर साल 11 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले रहा है। इनमें से करीब 60 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। इतना ही नहीं यह कीटनाशक दुनिया भर में 38.5 करोड़ लोगों के बीमार पड़ने की भी वजह है। 'पेस्टिसाइड एटलस 2022' में ये चेतावनी आई थी तब से यह खतरा और भी बढ़ा है। एटलस के मुताबिक दुनिया भर में इन कीटनाशकों के उपयोग के चलते जो 38.5 करोड़ लोगों के बीमार पड़ने के मामले सामने आए हैं उनमें से ज्यादातर लगभग 25.5 करोड़ एशिया में दर्ज किए गए थे। वहीं अफ्रीका में 10 करोड़ से ज्यादा और यूरोप में 16 लाख मामले सामने आए थे। अकेले दक्षिण एशिया में इसकी वजह से हर साल 18 करोड़ से ज्यादा लोग बीमार पड़ रहे हैं, जबकि यह कीटनाशक यहां होने वाली 9,401 लोगों की मौत की वजह है। पता चला है कि इन कीटनाशकों से होने वाली 60 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कई बार चेतावनी और गाइडलाइन जारी कर चुका है कि किसान निर्धारित मात्रा में ही इनका इस्तेमाल करें और बेचने के कम से कम दो दिन पूर्व इसका प्रयोग न करें पर इसका पालन नहीं हो रहा है । 1962 में जीवविज्ञानी रेचल कार्सन ने अपनी पुस्तक 'साइलेंट स्प्रिंग' में कीटनाशक के उपयोग और उसके हानिकारक प्रभावों का वर्णन किया था। इसके बावजूद वर्षों से चलती बहस के बावजूद इन कीटनाशकों का उपयोग आज भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। लेकिन आज 60 साल बाद भी इन कीटनाशकों के खतरों को दरकिनार करते हुए इनका उपयोग बदस्तूर सिर्फ जारी ही नहीं बल्कि पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में इन कीटनाशकों के कारण बिहार में हुई 23 बच्चों की मौत की घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि यह बच्चे चावल और आलू की सब्जी खाने के कुछ मिनटों के भीतर ही मर गए थे। यह खाना उन्हें कुपोषण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार मिडडे मील के तहत दिया गया था। इस भोजन की फोरेंसिक जांच से पता चला था कि इस भोजन को जिस तेल में पकाया गया था उसमें कीटनाशक मोनोक्रोटोफॉस था, जो इन बच्चों की मौत की वजह था। आज न केवल हमारे खेतों बल्कि भोजन, फल, सब्जियों, शहद में भी कीटनाशकों के होने के सबूत मिले हैं। इतना ही नहीं यह जहर हमारे शरीर से लेकर हवा, पानी, पर्यावरण तक में घुल चुका है। सिर्फ इंसान ही क्या इस जहर से दूसरे जीव भी सुरक्षित नहीं है।वैश्विक स्तर पर खेतों में रहने वाली चिड़ियों और तितलियों की आबादी में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई है। पता चला है कि कीटनाशकों के चलते यूरोप में 10 में से एक मधुमक्खी पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। यह केमिकल इंसानों में उनकी प्रजनन क्षमता को नुकसान पहुंचाने से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों की भी वजह हैं। इतना ही नहीं हाल ही में किए एक अध्ययन से पता चला है कि दुनिया की 64 फीसदी कृषि योग्य भूमि पर कीटनाशक प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद दुनिया भर में इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है जो कहीं न कहीं इंसान में बढ़ते लालच को दशार्ता है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1990 के बाद से दुनिया भर में कीटनाशकों का उपयोग लगभग दोगुना हो गया है। इतना ही नहीं अनुमान है कि इसका वैश्विक बाजार अगले साल तक 10.8 लाख करोड़ रुपए (13,000 करोड़ डॉलर) तक पहुंच जाएगा। पता चला है कि 1990 से 2017 के बीच जहां दक्षिण अमेरिका में कीटनाशकों के उपयोग में 484 फीसदी की वृद्धि हुई है वहीं एशिया में 97 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं संगठन अनअर्थड और पब्लिक आई द्वारा की गयी संयुक्त जांच से पता चला है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कीटनाशक बनने वाली कम्पनियां अपनी आय का करीब एक तिहाई हिस्सा हानिकारक कीटनाशकों को बेच कर कमा रही हैं, जोकि पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। इन एग्रोकेमिकल दिग्गजों में बीएएसएफ, बेयर , कोटेर्वा, एफएमसी और सिन्जेंटा शामिल हैं। देखा जाए तो दुनिया भर की जानी-मानी कंपनियां कीटनाशकों के साथ जीएम खेती को भी बढ़ावा दे रही हैं, जो इन कीटनाशकों पर निर्भर हैं। विशेष रूप से यह कंपनियां ऐसे देशों में अपने उत्पाद बेच रही हैं जहां नियम कानून उतने कड़े नहीं हैं।

अर्थव्यवस्था

# ऐतिहासिक ऊंचाई पर शेयर मार्केट के मायने



शशांक भारद्वाज



***भारतीय*** शेयर मार्केट पिछले दो सप्ताह से तो सप्ताह के मध्य में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बना रहे हैं परन्तु फिर वहां से अनायास ही 200 से 400 निफ्टी की गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को निफ्टी ने 22794 का सार्वकालिक उच्च स्तर बनाया एवं फिर वहां से 446 अंक गिर 22348 का निचला स्तर बना 22475 पर बंद हुआ। शुक्रवार को निफ्टी के तेज होने के तो पर्याप्त कारण थे। क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गया था। अमेरिकी शेयर मार्केट के डाउ में भी 298 अंको के तेजी थी। अतः भारतीय शेयर मार्केट की नई ऊंचाई उतनी आश्चर्यजनक नहीं थी परंतु वहां से इतनी बड़ी गिरावट अवश्य आश्चर्यजनक थी। एक बार तो हतप्रभ सी स्थिति थी, बाद में यह बात भी सामने आई कि एक समाचार चैनल में टैक्स नियमों को लेकर किसी परिवर्तन होने की संभावना का ट्वीट आया जिसके कारण घबराहट मची। बाद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी का खण्डन भी आया। कारण जो ही बन रहे हों ,भारतीय शेयर मार्केट में पिछले कुछ सप्ताह से कुछ ही मिनटों में अनायास तेज गिरावट दिखती है। अतः फ्यूचर सट्टा के सौदा अतिरिक्त सावधानी के साथ करें, विशेषकर लोकसभा के चुनाव परिणाम आने तक तो अवश्य। वैसे भारतीय अर्थव्यवस्था तो सर्वोच्च गति में है। अप्रैल माह में जीएसटी संग्रह पहली बार 2 लाख से स्तर को पार कर 2 लाख 10 हजार करोड़ रूपए आया है। आन वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार में बड़ी बढ़त होगी, साथ ही कालेधन मे व्यापार पर और भी अंकुश लगेगा तो जीएसटी में इन स्तरों से भी बड़ा उछाल आएगा। यह भारत की बैलेंस शीट को भी अधिक शक्तिशाली बनाएगा, साथ ही आधारभूत संरचनाओं के लिए भी अधिक धन उपलब्ध करवाएगा। इससे विकसित भारत की आधारशिला निर्मित होगी। यह एक सुखद आर्थिक चक्र बनेगा। भारत में मात्र समृद्धि का विस्तार ही नही हो रहा ,समृद्धि का आकार भी बढ़ रहा है। कारों की बिक्री की श्रेणी में वित्त वर्ष 23 24 में सर्वाधिक उछाल लक्जरी कारों में आया है। महंगे घर कीर्तिमान की संख्या में बिक रहे हैं। इसे दकियानूसी वामपंथी दृष्टिकोण से ले थोथी आलोचना नहीं करनी चाहिए। इसका लाभ अन्य आय के वर्गो को भी मिलता है। समृद्धि रिस कर उन तक भी पहुंचती है। उनकी आय भी बढ़ती है,साधन बढ़ते हैं, परिवार का कोई बच्चा पढ़ लिख कर पूरे परिवार का वर्तमान तथा भविष्य अच्छा कर देता है। वैश्विक शेयर मार्केट,विशेषकर अमेरिकी शेयर मार्केट में अच्छी तेजी आई है। डाउ ने विगत सप्ताह गुरुवार को 322 अंकों की बढ़त दशार्यी तथा शुक्रवार को इस तेजी का विस्तार कर 450 अंकों की और तेजी की। भारत में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए था परंतु अभी यहां लोकसभा चुनावों के लिए मतदान चल रहा है, इसलिए थोड़ा संभलकर कर चलने का भाव तो है ही। वैसे मार्केट की चाल तथा दिशा यह दर्शा रही कि भारतीय शेयर बाजार के बड़े निवेशक मोदी सरकार की बड़े बहुमत से वापसी के लिए आश्वस्त हैं, नहीं तो मार्केट नई ऊंचाइयां नहीं बनाता रहता। बीच में मत प्रतिशत कम रहने पर कुछ आशंकाएं तैरी थी ,पर चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़े के बाद यह आशंका भी दूर ही हो गई।चूंकि बड़े निवेशकों के पास हजारों, लाखों करोड़ रूपए के शेयर होते हैं, तो इन बड़े निवेशकों का एक अपना यथार्थवादी सूचना तंत्र भी होता है, ऐसा लगता है, यह सूचना तंत्र उन्हें मोदी सरकार वापसी की सूचना ही दे रहा है। तभी खरीदारी चल रही है। साथ में खुदरा घरेलू निवेशक भी उत्साह के साथ मार्केट में डटे हुए हैं भी। भारत में 15 करोड़ डीमैट खाते खुल गए हैं परंतु इनमें 4 करोड़ ही सक्रिय खाते हैं। जब चार करोड़ डीमैट खाते में खुदरा निवेशक एक बड़ी शक्ति बन मार्केट को सहारा दे रहे हैं, तेजी में योगदान दे रहें हैं तो जब ये संख्या 25 से 30 करोड़ सक्रिय खाते तक पहुंचेगी तब भारतीय शेयर मार्केट में बहुत बहुत बड़ी तेजी का अनुमान सहस ही लगाया जा सकता है, तब तक भारतीय अर्थव्यवस्था भी विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगी। भारतीय शेयर मार्केट का सकारात्मक भाव तभी कुंद हो सकता है जब मोदी सरकार की वापसी न हो। मोदी सरकार की वापसी के पश्चात खुदरा निवेशकों की संख्या में तो आशातीत वृद्धि होगी ही, विदेशी निवेशकों का भी बड़ा धन भारत में आने की संभावना है। अभी एफपीआई के लिए निवेश आकर्षक करने के लिए भी कुछ कदम उठाए गए हैं। पिछले सप्ताह निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर मात्र 56 अंको की ही बढ़त आई। ये बढ़त अधिक अच्छी हो सकती थी परंतु शुक्रवार को ऊंचे स्तरों से निफ्टी 319 अंक नीचे बंद हुआ। पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 2115 करोड़ रुपए के शेयर बेचे तथापि यह कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है। इसमें भी 2931 करोड़ रुपए की बिकवाली शुक्रवार को ही रही। यद्यपि इंडेक्स फ्यूचर में एफआईआई लेवाल रहे। पूरे अप्रैल माह में एफआईआई ने 35692 करोड़ रूपए के शेयर बेचे। मई में भी अभी तक उन्होंने 3356 करोड़ के शेयर बेचें हैं। पूरी इस अवधि में उनकी इस बड़ी बिकवाली के पश्चात भी भारतीय शेयर मार्केट ने नई ऊंचाई बनाई जो इसकी अंतर्निहित शक्ति का परिचायक है। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह 4162 करोड़ रूपए के शेयर नकद संभाग में खरीदे। डीआईआई 22 अप्रैल से लगातार प्रतिदिन क्रय कर रहें हैं। यह उनके पास धन की उपलब्धता तथा भारतीय शेयर मार्केट में उनके विश्वास को भी दर्शाता है। क्रूड के मूल्य जो एक समय 90 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चले गए थे, पिछले सप्ताह बड़ी गिरावट के साथ 82.78 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। यह भारत के लिए सुखद संदेश है। साथ ही भारत में रूस से तेल की बड़ी खरीद पुनः प्रारंभ कर दी है। डॉलर इंडेक्स भी 106.36 के ऊपरी स्तर से गिर 104.96 आया है। यूएस बॉन्ड यील्ड भी गिर कर 4.509 हो गया है। यह सभी इक्विटी में निवेश के लिए लाभदायक है। यदि सोमवार को मार्केट तेज होते हैं, फिर कोई अप्रत्याशित गिरावट नहीं आती तो निफ्टी 23000 की ओर बढ़ सकता है। पीएसयू बैंक का एनपीए दशक के न्यूनतम स्तर स्तरों पर है। अतः ये एक अच्छा निवेश हो सकते हैं। गिरावट पर अच्छे शेयर इक्कठे करने चाहिए। मोदी 3.0 में इनमे और भी बहुत अच्छा प्रतिफल प्राप्त हो सकता है। मोदी सरकार के 10 वर्षों में शेयर मार्केट के विभिन्न आयामों में एक दृष्टि डालें।

| वर्ष 2014 |
|---|
| सेंसेक्स 25000 |
| म्यूचुअल फंड एएमयू 10 लाख करोड़ |
| एसआईपी 1200 करोड़ रुपए प्रति माह |
| डीमैट खाते 2.3 करोड़ |
| वर्ष 2024 |
| सेंसेक्स 75000 |
| म्यूचुअल फंड 54 लाख करोड़ रुपए |
| डीमैट खाते 15 करोड़ |

**इससे आप उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में शेयर मार्केट में कई गुणा वृद्धि का सहज अनुमान लगा सकते हैं। स्मरण रखें ,शेयर मार्केट में वृद्धि मात्र एक संख्या नहीं होती है,यह एक संपत्ति का निर्माण होता है।**

## आपकी बात

### क्या एनडीए सरकार को उनके कामों के लिए एक और मौका मिलना चाहिए?



डॉ. मनमोहन प्रकाश

***हमारे*** देश में पिछले दस वर्षों से एनडीए सरकार है, जिसका दूसरा कार्यकाल समाप्त होने को है। अब हमें तय करना है कि आगामी पांच वर्षों के लिए किस गठबंधन की सरकार को चुनें? लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। दो चरणों का मतदान हो चुका है, पांच चरणों में मतदान होना अभी शेष है। निर्वाचन में प्रमुख रूप से जहां एक ओर एनडीए गठबंधन है तो दूसरी तरफ आईएनडीआईए गठबंधन है, जो पहली बार एकजुट हुआ है, सत्तारूढ़ गठबंधन को मात देने की नीयत से बनाया गया है। यह नवीन गठबंधन लोकसभा में कितना सफल होगा यह चुनाव के नतीजों से ही पता चल सकेगा। आज जनता के समक्ष बड़ी असमंजस की स्थिति है - यदि इस नवीन गठबंधन की सरकार बनती है तो उसका प्रधानमंत्री कौन होगा? इस गठबंधन की कार्यशैली कैसी होगी? देश के दीन, दुःखी, गरीब, वंचित, शोषित तथा आरक्षित वर्ग के लिए नीतियां क्या होंगी? विदेश नीति कैसी होगी?, विकास के बारे में दृष्टिकोण कैसा होगा?, नक्सलवाद तथा आतंकवाद के खिलाफ रणनीति क्या होगी? आर्थिक नीति कैसी होगी? राष्ट्रवाद, अलगाववाद,अल्पसंख्यक , आरक्षण आदि के बारे में क्या रुख रहेगा?, देश की आतंरिक समस्याओं यथा प्रदूषण, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, महंगाई, मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति पर क्या सोच रहने वाला है? सरकार की प्राथमिकताएं क्या होंगी ? आदि के बारे में स्पष्ट रूप से अभी कहना कठिन है। यद्यपि आईएनडीआईए के सहयोगी पार्टियों के अलग अलग घोषणा पत्र से कुछ अनुमान लगाया जा सकता है। उसमें कितनी घोषणाएं धरातल पर उतरेंगी कहना मुश्किल है। वहीं दूसरी ओर एनडीए सरकार पिछले दस वर्षों से काम कर रही है। उसकी नीतियों जैसे सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान के लिए कार्य करते हुए संविधान से धारा 370 और 26 ए को हटाना, तीन तलाक को समाप्त करना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर ,नागरिक संशोधन कानून के प्रति संकल्पबद्ध रहना; देश प्रथम की नीति को अमल में लाना; भारत को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के बाद तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्प के साथ आगे बढ़ना, सशक्त विदेश नीति - जिसका लोहा आज विश्व के सभी देश मान रहे हैं, जिसके तहत विदेशों में फंसे भारतीयों को सकुशल भारत लाया गया, पाकिस्तान और चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

चुनाव

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन



ललित गर्ग

***लोकसभा*** के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


**कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं।**

## फेसबुक वॉल से





## X - से





**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# 'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'



सुरेश हिंदुस्तानी

***कांग्रेस*** नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

# हनुमानगढ़ी के इतिहास की 5 खास रोचक बातें

4. कहते हैं कि अयोध्या के महंत बाबा अभयराम ने नवाब शुजाउद्दौला (1739-1754) के शहजादे की जान बचाई थी। जब वैद्य और हकीम ने हाथ टेक दिए थे तब कहते हैं कि नावाब के मंत्रियों ने अभयरामदास से मिन्नत की थी कि एक बार आकर नवाब के पुत्र को देख लें। फिर बाबा अभयराम ने कुछ मंत्र पढ़कर हनुमानजी के चरणामृत का जल छिड़का था जिसके चलते उनके पुत्र की जान बच गई थी। नवाब ने प्रसन्न होकर बाबा से उस समय कहा कि कुछ मांग लीजिये। तब बाबा ने कहा कि हम तो साधु है हमें क्या चाहिए। हनुमानजी की कृपा से आपका पुत्र ठीक हुआ है यदि आपकी इच्छा हो तो हनुमान गढ़ी बनवा दीजिये। तब नवाब ने इसके लिए 52 बीघा भूमि उपलब्ध करवाई थी। यह भी कहा जाता है कि इस मंदिर के लिए भूमि को अवध के नबाव ने दी थी और लेकिन लगभग दसवीं शताब्दी के मध्य में उनकी रखैल के द्वारा बनवाया गया था। हालांकि कुछ लोग इस घटना को लखनऊ और फैजाबाद के प्रशासक सुल्तान मंसूर अली से भी जोड़कर देखते हैं। लेकिन यह भी कहा जाता है कि 300 साल पूर्व संत अभयारामदास के सहयोग से हनुमान मंदिर का विशाल निर्माण संपन्न हुआ था। संत अभयारामदास निवार्णी अखाड़ा के शिष्य थे। **(क्रमशः)**



टेक वर्ल्ड

# जी बोर्ड टिप्स और ट्रिक्स जो टाइपिंग को आसान बनाते है



***यदि*** आप मेरे जैसे हैं, जो टाइप करने के लिए एक विशाल उपकरण पकड़कर थक गए हैं, तो जी बोर्ड के फ्लोटिंग मोड को आजमाना सुनिश्चित करें। जैसा कि नाम से पता चलता है, फ्लोटिंग की बोर्ड को स्क्रीन पर कहीं भी रखा जा सकता है और आपकी पसंद के अनुसार इसका आकार बदला जा सकता है। 'फ्लोटिंग मोड का उपयोग करने के लिए, बस जी बोर्ड शीर्ष पंक्ति से सबसे बाईं ओर के बटन पर टैप करें और 'फ्लोटिंगट विकल्प चुनें। इसे अक्षम करने के लिए, उसी प्रक्रिया का पालन करें और आप जाने के लिए तैयार हैं।

**जैसे ही आप टाइप करें संदेशों का अनुवाद करें**

क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति को संदेश भेजने का प्रयास कर रहे हैं जो आपकी टाइप की गई भाषा नहीं समझता या जिस भाषा में बात करता है उसे नहीं समझता? जी बोर्ड का लाइव ट्रांसलेशन फीचर आपकी परेशानियों का जवाब हो सकता है। यह कार्यक्षमता बस एक क्लिक की दूरी पर है और गूगल ट्रांसलेट ऐप खोले बिना आपके टेक्स्ट का अनुवाद करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है।

**(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ : एनटीए

## सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट निराधार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बंध में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस आशय की पोस्ट पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने आगे कहा कि परीक्षा केंद्र बंद कर दिये गए थे और बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं थी, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं।

एनटीए ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 5 मई को अन्य देशों के 14 शहरों और देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2024 सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एनटीए ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि उनके सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं से यह पता चला है कि किसी भी पेपर लीक की ओर इशारा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से आधारहीन हैं।

### नीट पेपर लीक की अफवाह पर प्रियंका व राहुल ने भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव के बीच नीट (एनईईटी) परीक्षा पेपर लीक होने की अफवाह से देश की राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे मुद्दा बनाते हुए केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नीट का पेपर लीक होना छात्र-छात्राओं और उनके परिवारों के सपनों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि 12वीं पास कर कॉलेज में दाखिले का सपना संजोए छात्र हों या सरकारी नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे होनहार युवा, हर किसी के लिये यह सरकार अभिशाप बन चुकी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल इलेजिब्लिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी 2024) 5 मई को आयोजित किया था। उसी दिन नीट का पेपर लीक होने की अफवाह उड़ी थी। प्रियंका गांधी ने नीट का पेपर लीक होने की खबरों पर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि एक बार फिर से नीट का पेपर लीक होने की खबरें आ रही हैं। देश के 24 लाख युवाओं के भविष्य के साथ फिर से खिलवाड़ हुआ।

# पांच दशक बाद पुनः जीवित हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा



**नरेंद्र नगर/ ऋषिकेश।** बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। इससे पहले बदरीनाथ धाम से संबंधित पांच दशक पहले समाप्त हुई रावल पट्टाभिषेक की ऐतिहासिक परंपरा पुनः जीवित हो गयी। सोमवार को टिहरी राजदरबार नरेन्द्र नगर में पूजा-अर्चना और विधि-विधान से महाराजा टिहरी मनुज्येंद्र शाह की ओर से बदरीनाथ धाम के रावल का पट्टाभिषेक किया गया और सोने का कड़ा पहनाया। इससे पहले वर्ष 1977 में रावल टी केशवन नंबूदरी का पट्टाभिषेक हुआ था। इसके बाद यह परंपरा रुक गयी थी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए पहल की और आज राज दरबार में पूजा अर्चना के पश्चात रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी को महाराजा मनुज्येंद्र शाह सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, बेटी शिरजा शाह सहित बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय और उपाध्यक्ष किशोर पंवार की उपस्थिति में अंग वस्त्र भेंट कर सोने का कड़ा पहनाया गया। सोने का कड़ा राजशाही की परंपरा प्रतीक है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि रावल की नियुक्ति मंदिर समिति एक्ट 1939 से पहले महाराजा टिहरी की ओर से होती थी। यह पट्टाभिषेक और सोने का कड़ा उसी परंपरा का एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक प्रतीक चिह्न है। राजदरबार नरेंद्र नगर में इस अवसर पर राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, राजमहल के ओएसडी राजपाल जरधारी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड कैश कांड पर बोले तेजस्वी यादव मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं



**पटना।** लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव कुमार के निजी सचिव के नौकर के आवास से मिले 24 करोड़ की रकम पर कहा, मुझे इस बार में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, यह जांच का विषय है। जैसे ही इसकी विधिवत जांच होती है, तो तस्वीर साफ हो पाएगी। ईडी ने अपनी कार्रवाई से आलम गीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर से 24 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं। नोटों के जखीरे को गिनने के लिए बैंक से मशीनें भी मंगवाई गई। गौरतलब है कि आलम गीर के निजी सचिव के नौकर का वेतन महज 15 हजार रुपए है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर एक 15 हजार की नौकरी करने वाले शख्स के पास इतने नोट कहां से आए? पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एनडीए के तमाम नेता अब इस पूरे मामले को लेकर इंडिया गठबंधन पर हमलावर हो चुके हैं।

### गढ़चिरौली में विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट किए गए



**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले के टीपागढ़ इलाके में सी-60 के एक दस्ते और सीआरपीएफ की क्यूएटी की टीम ने सोमवार को मिट्टी की खदान में छिपाए गए विस्फोटकों को बरामद किया। बाद में टीम ने विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट करके बड़ा हादसा टाल दिया। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है। पुलिस को टीपागढ़ इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली थी। इस पर सी-60 की एक यूनिट और सीआरपीएफ की क्यूएटी टीम के साथ 2 बीडीडीएस टीमों को तैनात किया गया था। टीम के जवानों ने पहाड़ी पर छिपाए गए विस्फोटक, क्लेमोर माइंस और प्रेशर कुकर को ढूंढ निकाला। टीम को विस्फोटक और डेटोनेटर से भरे 6 प्रेशर कुकर, विस्फोटक और छर्रे से भरे 3 क्लेमोर पाइप भी मिले। इस दौरान टीम ने 9 आईईडी को नष्ट भी किया। टीमों को उसी स्थान पर एक प्लास्टिक बैग में बारूद, दवाइयां और कंबल भी मिले। बीडीडीएस टीम ने कुल 9 आईईडी और 3 क्लेमोर पाइप को नष्ट कर दिया गया।

### मोदी सरकार के कार्यों को लेकर दलित बस्तियों में पहुंच रहीं संतों की टोलियां



**लखनऊ।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साधु-संतों की टोलियां उप्र के गांव-गांव पहुंच रही हैं। विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में साधु-संत अपने मठ व आश्रमों से निकलकर दलित बस्तियों में जा रहे हैं। संत प्रवचनों के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान व राष्ट्रहित में मतदान की अपील कर रहे हैं। इसके लिए सभी प्रान्तों में अलग-अलग संतों की टोलियां बनाई गयी हैं। अवध प्रान्त में संत प्रवचन यात्रा का शुभारम्भ विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह की उपस्थित में नैमिषारण्य से हुआ था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के चारों प्रान्तों में संत प्रवचन यात्रा चल रही है। विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि यात्रा का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है। संतों की टोलियां गांव-गांव जाकर प्रवचन के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक कर रही हैं। कुछ स्थानों पर घंटे घड़ियाल के साथ गांवों में प्रभात फेरी भी निकाल रहे हैं।

### अब राम विरोधी कांग्रेस का नारा 'लड़की हो तो पिटोगी' हो गया है : राधिका खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र देने के बाद राधिका खेड़ा आज मीडिया के सामने कांग्रेस पर हमलावर दिखीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी की हर बैठक 'रघुपति राघव राजा राम' से शुरू होती थी, मैंने कभी सोचा नहीं था कि वह पार्टी राम विरोधी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कभी नहीं सोच सकती थी कि जिस पार्टी का नारा 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' उस पार्टी का नारा बदल कर 'लड़की हो तो पिटोगी', हो जाएगा। राधिका खेड़ा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता होने के साथ छत्तीसगढ़ में पार्टी का मीडिया विंग संभाल रही थीं। उन्होंने कल कांग्रेस से त्याग पत्र दे दिया। उसके बाद कांग्रेस पार्टी की ओर कोई अधिकारिक बयान नहीं आने पर वह काफी क्षुब्ध दिखीं। राधिका खेड़ा ने कहा कि उनके द्वारा शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जबलपुर में ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** जिले के थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम तिनेटा में सोमवार सुबह करीब 11.30 ट्रैक्टर पलटने से पांच बच्चों की मौत गई। मरने वाले बच्चों की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। पुलिस ने दो घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ग्राम तिनेटा देवरी के रहने वाले सभी बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। वे ट्रैक्टर से पानी का टैंकर लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर को 18 साल का धर्मेंद्र ठाकुर (गौंड) चला रहा था। उसकी बहन की सोमवार को शादी है। घर से 500 मीटर दूर ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर खेत में पलट गया। उन्होंने बताया कि मृतकों में धर्मेंद्र (18) पुत्र राम प्रसाद ठाकुर, देवेंद्र (15) पुत्र मोहन बरकड़े, राजवीर (13) पुत्र लखनलाल गौंड, अनूप बरकड़े (12) पुत्र गोविंद बडकडे और लकी (10) पुत्र लोचन मरकाम हैं। दो बच्चे 12 वर्षीय दलपत पुत्र निरंजन गौंड उम्र और 10 वर्षीय विकास पुत्र राम कुमार उइके घायल हुए हैं।

### नेपाल से चल रही थी आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टेबाजी, 13 भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती शहर बुटवल से 13 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर भारत में चल रहे आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी में शामिल होने का आरोप है। बुटवल पुलिस के डीएसपी विजयराज पंडित ने बताया कि बुटवल शहर के एक घर पर छापा मार कर इन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस को एक घर के फ्लैट में कुछ युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इस पर इलाका प्रहरी कार्यालय बुटवल और इलाका प्रहरी कार्यालय रामनगर ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर इन सबकी गिरफ्तारी की है। उन्होंने बताया कि बुटवल के कालिकानगर मोहल्ले में एक घर किराए पर लेकर यहीं से ऑनलाइन सट्टेबाजी का धंधा चलाया जा रहा था। छापामारी के दौरान उस घर से 13 भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, अभी इनके नाम सार्वजनिक नहीं किये गए हैं। इस रैकेट में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस को उस घर से 15 लैपटॉप, 38 मोबाइल फोन, 50 से अधिक सिमकार्ड बरामद किये हैं।

### चीन, फ्रांस और यूरोप के नेताओं के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ एलिसी पैलेस में चीन, फ्रांस और यूरोप के नेताओं के बीच त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की। शी चिनफिंग ने कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन से दोबारा मिलना बहुत खुशी की बात है। इस वर्ष मेरी यात्रा का पहला पड़ाव फ्रांस है और आज की त्रिपक्षीय बैठक ने यूरोप की इस यात्रा का महत्व बढ़ा दिया है। चीन हमेशा चीन-यूरोप संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखता है। चीनी विशेषताओं के साथ प्रमुख देश कूटनीति की एक महत्वपूर्ण दिशा और चीनी शैली के अधुनिकीकरण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है।

#### अमित शाह के वीडियो के साथ हुई छेड़छाड़

# कोर्ट ने अरुण रेड्डी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में आरोपी अरुण रेड्डी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रेड्डी को पहले दी गई तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना कांग्रेस के एक्स अकाउंट - 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' का प्रबंधन करने वाले अरुण रेड्डी को तीन मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में रेड्डी के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी। इस बीच, रेड्डी ने मामले में जमानत की मांग करते हुए एक आवेदन किया। अदालत ने जांच अधिकारी को इसका जवाब देने का निर्देश दिया है। रेड्डी की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। मामले में हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान पेंड्याला वामशी कृष्णा, सतीश मन्ने, पेट्टम नवीन, अस्मा तसलीम और कोया गीता के रूप में हुई है। ये सभी हैदराबाद के निवासी हैं और गृह मंत्री के छेड़छाड़ किए गए वीडियो को प्रसारित कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, गृह मंत्री शाह ने 23 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक में एक सार्वजनिक सभा में भाषण दिया था।

# भारतीयों को वीजा देने की संख्या भी आधा कर दी

## 2023 में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे थे

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में अच्छी शिक्षा व नौकरी मिलने की हालत लगातार खराब होते जाने के कारण भारत के छात्रों के विदेश में पढ़ने जाने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। संख्या इतनी ज्यादे होने लगी है कि कई देशों ने अपने यहाँ वीजा देने की पालिसी कड़ी करने के साथ ही वीजा देने की संख्या भी कम कर दी है। भारतीय छात्रों के पसंदीदा देशों में से एक ऑस्ट्रेलिया ने भी भारतीय छात्रों के लिए बाधा खड़ी कर दी।ऑस्ट्रेलिया ने अपनी वीजा पॉलिसी को काफी कड़ा कर दिया। कहा जा रहा है कि ऐसे छात्र जो पढ़ाई के नाम पर वहां जाकर पार्ट टाइम जॉब करते उसको रोकने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने सालाना इमिग्रेशन को आधा कर दिया है। जिस पर भारत में एक पूर्व ऑस्ट्रेलियाई राजनयिक ने इस फैसले पर चिंता व्यक्त की है कि इस तरह के कदम द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने अब इंटरनेशनल इंग्लिश लैग्वेज टेस्टिंग सिस्टम शामिल किया है। इस तरह सख्त मानदंडों और विशेष देशों के छात्रों को कथित तौर पर वीजा देने से इनकार करने के कारण 2023 के बाद से अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में गिरावट देखी गई है। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2022 और दिसंबर 2023 के बीच भारतीय छात्रों को दिए जाने वाले वीजा में 48% की गिरावट आई है। ब्रिटिश अखबार ऑस्ट्रेलियाई गृह मामलों के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के छात्रों को दिए जाने वाले वीजा में 53% और 55% की गिरावट आई है।भारतीय छात्रों के लिए यह चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया पढ़ने जाने वाले छात्रों में भारतीय छात्रों की तादाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा है। जनवरी-सितंबर 2023 की अवधि में 1.22 लाख भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे थे। द गार्जियन के अनुसार कठिन वीजा शर्तों के रहते ऑस्ट्रेलियाई संस्थानों भी काफी सख्त हो गए हैं, कुछ संस्थानों ने तो भारतीय छात्रों को एडमिशन देने से ही मना कर दिया है।

# कांग्रेस नेता चन्नी के बयान को भाजपा ने बताया शर्मनाक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमले का राजनीतिकरण करने के लिए कांग्रेस पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे शर्मनाक बताया है। सोमवार को भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स हैंडल लिखा है कि पंजाब के पूर्व सीएम और कांग्रेस के जालंधर से उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी का इसे 'स्टंट' बताना कई कारणों से चौंकाने वाला है। यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पंजाब से आने वाले सभी लोगों में से एक हैं चन्नी, उन्हें पता होना चाहिए कि आतंकवाद एक वास्तविक खतरा है। दो मई को पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था, दुर्भाग्य से, हाल के वर्षों में राज्य में आतंकवाद का पुनरुत्थान हुआ है। हमारी खुफिया इमारत पर हथगोले फेंके गए...।" क्या पंजाब के एजी का कोई स्टंट था? मालवीय ने कहा कि कांग्रेस आज तक पुलवामा में हमारे सैनिकों की शहादत पर सवाल उठा रही है। किसी को आश्चर्य होता है कि लगातार आतंकवाद समर्थक की तरह बोलने की कांग्रेस की क्या मजबूरी है? उल्लेखनीय है कि चन्नी ने जालंधर में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था, ये सभी स्टंट हैं और आतंकवादी हमले नहीं हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। भाजपा लोगों के जीवन और शवों के साथ खेल रही है। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले की ओर इशारा करते हुए कहा, ये हमले वास्तव में नहीं हो रहे हैं, बल्कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए हैं... जब भी चुनाव होते हैं, तो ऐसे स्टंट खेले जाते हैं, जैसा कि पिछली बार हुआ था।

# भारतीय सेना ने जारी किए दो आतंकियों के स्केच, 20 लाख का इनाम घोषित



**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षाबलों का सर्च अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। भारतीय सेना ने दो आतंकियों के स्केच जारी किए हैं और उन पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकवादी अबू हमजा के नेतृत्व में आतंकवादियों के एक समूह ने किया था। अधिकारियों ने बताया कि एके असॉल्ट राइफलों के अलावा आतंकवादियों ने अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शनिवार शाम घात लगाकर एयरफोर्स के काफिले पर आतंकियों की ओर से किए गए हमले में एक जवान बलिदान हो गया था जबकि चार अन्य घायल हैं। सोमवार को भी घायल जवानों का उपचार अस्पताल में जारी है। काफिले में शामिल दो वाहनों में से एक को आतंकियों ने निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थीं। आतंकवादियों की तलाश में सोमवार को भी अभियान जारी है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने जगह-जगह नाके लगा रखे हैं और हर एक इलाके में तलाशी अभियान जारी है। समाचार लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी था।

### राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार की तबीयत बिगड़ी सभी कार्यक्रम रद्द

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार की सोमवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई है। मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने शरद पवार को दो दिन तक आराम करने की सलाह दी है। इसलिए शरद पवार के आज के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये गये है। शरद पवार की पोते विधायक रोहित पवार ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि लगातार दौरों और प्रचार सभाओं के कारण शरद पवार थकान महसूस कर रहे थे। इसलिए उन्हें असहजता महसूस हो रही थी। रोहित पवार ने कहा कि अब सब कुछ ठीक है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। रोहित पवार ने बताया कि पिछले 20 दिन से वे सिर्फ चार घंटे ही सोते थे।

## आज का राशिफल

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**वृषभ:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने.में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला:** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक:** पर-प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुम्भ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

# 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को करें तैयार : राष्ट्रपति

### धर्मशाला के केंद्रीय विवि के सातवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति

### राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं




**एजेंसी। धर्मशाला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वह विद्यार्थियों के चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को सोमवार को धर्मशाला में स्थित हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान कीं। समारोह में राष्ट्रपति मुर्म ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अतीत में बदलाव की गति इतनी तेज नहीं थी। आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं। परिवर्तन की गति और परिमाण दोनों ही बहुत अधिक हैं, जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल बहुत तेजी से बदल रहे हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की शुरूआत में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। इसी तरह कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे। इसलिए हमें लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। हमारा ध्यान लचीला दिमाग विकसित करने पर होना चाहिए। जिससे युवा पीढ़ी तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बिठा सकें। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा।

# अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करना बंद करे फिलीपींस : चीन




**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन च्येन ने सोमवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन की अध्यक्षता की। दक्षिण चीन सागर की चर्चा में लिन च्येन ने कहा कि अगर फिलीपींस वास्तव में दक्षिण चीन सागर में स्थिति को शिथिल करना चाहता है, तो उसे चीन के नानशा द्वीप समूह और ह्वांगयेन द्वीप से सटे जल में घुसपैठ तुरंत बंद कर देनी चाहिए। साथ ही रनआईच्याओ में अवैध रूप से समुद्रतट पर रुके युद्धपोत तक निर्माण सामग्री पहुंचाकर स्थायी सुविधाओं का निर्माण करना बंद कर देना चाहिए, निर्जन द्वीपों और चट्टानों पर अवैध बोर्डिंग गतिविधियों को रोकना चाहिए, गुट बनाना और ताकत का दिखावा करना बंद करना चाहिए, और झूठी सूचना फैलाना और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करना बंद करना चाहिए। लिन च्येन के अनुसार चीन हमेशा बातचीत और परामर्श के माध्यम से रनआईच्याओ मुद्दे सहित फिलीपींस के साथ समुद्री विवादों के प्रबंधन और नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। चाहे वह पिछला समझौता, आंतरिक समझ, या नया मॉडल हो, वे सभी इस संबंध में चीन के प्रयासों और ईमानदारी को दर्शाते हैं। गौरतलब है कि 2021 के अंत में, चीन और फिलीपींस गहन संचार और बातचीत के बाद एक समझौते पर पहुंचे। वर्तमान फिलीपींस सरकार के शुरूआती दिनों में, दोनों पक्षों ने लगातार इस समझौते को लागू करना जारी रखा, हालांकि फिलीपींस ने फरवरी 2023 से इसका पालन नहीं किया है।





# भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की पुरुष एवं महिला वर्ग की रिले टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। 4 गुणा 400 मीटर रिले टीमों (महिला और पुरुष दोनों) ने सोमवार को बहामास के नासाऊ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स रिले में अपने-अपने दूसरे दौर की हीट में दूसरा स्थान हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।



महिलाओं के टूर्नामेंट की हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) पहले स्थान पर रही, जबकि रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन दूसरे स्थान पर रहीं और पेरिस खेलों के लिए टिकट हासिल किया। पुरुषों की टीम, जिसमें मुहम्मद अनस याहिया, मुहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब शामिल हैं, 3 मिनट और 3.23 सेकंड के संयुक्त समय के साथ अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रही। पहले स्थान पर यूएसए (2:59.95) की टीम रही। दूसरे दौर के दौरान तीनों हीट में सर्वोच्च स्थान पाने वाली दो टीमें ओलंपिक में प्रवेश करेंगी, जो 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में भारतीय महिला टीम 3 मिनट और 29.74 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। पुरुष टीम पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट पूरी नहीं कर पाई, क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजेश रमेश बीच में ऐंठन के कारण हट गए। इसके साथ भारत के 19 ट्रैक और फील्ड प्रतियोगी पेरिस जा रहे हैं, जिनमें भाला फेंक के मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पधाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा, यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है।' उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिए यह धमकी दी है।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम घोषित की

**ज्योति सिंह होंगी कप्तान तथा उप-कप्तान बनी साक्षी राणा**

**21 से 29 मई के बीच यूरोप का दौरा करेगी टीम**



- **गोलकीपर : अदिति माहेश्वरी, निधि।**
- **डिफेंडर : ज्योति सिंह (कप्तान), लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम, निरुकुल्लू।**
- **मिडफील्डर : क्षेत्रीमयुम सोनिया देवी, रजनी केरकेट्टा, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेइमा चानू, साक्षी राणा (उपकप्तान), अनिशा साहू, सुप्रिया कुजूर।**
- **फॉरवर्ड : बिनिमा धान, हिना बानो, लालरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम, कनिका सिवाच।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 21 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप का दौरा करेगी। टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड की दो क्लब टीमों ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ओरांजे रूड के खिलाफ तीन देशों में छह मैच खेलेगी।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच 21 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेगी और उसके बाद 22 मई को उसी स्थान पर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरी बार बेल्जियम के साथ खेलेगी, लेकिन इस बार बेल्जियम 24 मई को मेजबान के तौर पर खेलेगा। इसके बाद 26 मई को ब्रेडा में और 27 मई को जर्मनी के खिलाफ क्रमशः लगातार मैच होंगे। इसके बाद टीम 29 मई को ओरांजे रूड के खिलाफ दौरे का अपना अंतिम मैच खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी।

टीम की कमान डिफेंडर ज्योति सिंह संभालेंगी जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा को उनकी डिप्टी बनाया गया है। अदिति माहेश्वरी और निधि गोलकीपिंग विभाग संभालेंगी जबकि ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम और नीरू कुल्लू डिफेंस की जिम्मेदारी संभालेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, "टीम में बहुत अच्छा तालमेल है। हम सभी ने शिविर के दौरान एक-दूसरे को अच्छी तरह से जाना है। यहां हर कोई बहुत कुशल और प्रतिभाशाली है। विदेश में अन्य शीर्ष-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ खेलना मजेदार और सीखने का अच्छा अनुभव होगा।"

उप-कप्तान साक्षी राणा ने कहा, "अन्य देशों की अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से खेल के विभिन्न तरीकों की समझ विकसित करने में मदद मिलती है। इस तरह का एक्सपोजर टूर हम सभी को अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने का शानदार अवसर प्रदान करता है।"

## आद्या बुधिया का चयन 31 वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ



**रांची।** रांची की आद्या बुधिया का चयन 31st एशियाई जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए किया गया। इस्लामाबाद पाकिस्तान में 25 जून से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में आद्या बुधिया भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जो 25 से 29 जून तक चलेगा, गर्ल्स अंडर 13 आयु वर्ग के खिलाड़ी आध्या बुधिया ने इसके लिए एशियाई जूनियर इंडिविजुअल ट्रायल सेलेक्शन में भाग लिया। जो दिनांक 2 से 5 मई तक चला, गर्ल्स अंडर 13 में टॉप 7 खिलाड़ियों को ट्रायल सेलेक्शन में बुलाया गया था जिसमें आध्या बुधिया ने अपनी अच्छी परफॉर्मेंस करते हुए टॉप 1 में स्थान प्राप्त की। आध्या झारखंड बिशप वेस्टकोट गर्ल्स नामकुम रांची से अपनी पढ़ाई कर रही है और क्रास कोर्ट स्क्वैश क्लब की खिलाड़ी है जहां से वह स्क्वैश की ट्रेनिंग ले रही है। उनके कोच पुनीत पारीक नितेश पाल विजय उरांव उदय चंद्र राय और श्वेता बुधिया ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या


फाईल फोटो

**पटियाला :** राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।

# आइपीएल : झारखंड से पांच खिलाड़ी, चार को मिला मौका

### मात्र ईशान किशन ने ही लगाया है एक अर्द्धशतक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल-2024) में इस बार झारखंड के पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें चार तो खेल रहे हैं एक चोट लगने की वजह से आइपीएल में भाग नहीं ले सके। जो चार खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्होंने अब तक आंकड़ों की दृष्टि से कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है। हां धौनी ने जरूर एक-दो मैचों में शानदार फिनिशर की भूमिका निभाई। झारखंड के एक मात्र खिलाड़ी इशान किशन के द्वारा आईपीएल में एक अर्द्धशतक लगाया गया है। इस वर्ष आइपीएल में राज्य के तीन नये खिलाड़ियों को भी टीमों ने चुना था।



**कुशाग्र और अनुकूल राय को तीन-तीन मैच में मिला मौका**

पहली आइपीएल खेल रहे कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने तीन मैच खेलने का मौका दिया है। तीन मैच में कुमार कुशाग्र ने एक रन बनाया है। बोकारो के रहनेवाले बैटर-विकेटकीपर कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा है। इसी साल गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये सुशांत मिश्रा को अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2.20 करोड़ रुपये में खरीदा है। गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये रॉबिन मिंज घायल होने के कारण टीम का हिस्सा नहीं बन सके हैं। 21 साल के रॉबिन को गुजरात ने 3.30 करोड़ रुपये में खरीदा है। 2019 से आइपीएल का हिस्सा बने अनुकूल राय को अब तक केकेआर ने तीन मैचों में उतारा है। अनुकूल ने अब तक एक भी विकेट नहीं लिया है। उसे पांच ओवर से कुछ अधिक बॉलिंग करने का मौका मिला है। उन्हें एक मैच में बैटिंग का भी मौका मिला है। अनुकूल ने नॉट आउट तीन रन बनाये हैं।

**11 मैच में धौनी ने बनाये 110 रन**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धौनी इस वर्ष आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग की कप्तानी नहीं कर रहे हैं। धौनी 2024 में अब तक 11 मैच खेल चुके हैं। इसमें 110 रन बनाये हैं। 2008 से आइपीएल खेल रहे धौनी अब तक 261 आइपीएल मैच खेल चुके हैं। इस वर्ष सात बार नॉट आउट रहे हैं, उनका औसत 110 से ऊपर है।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जारी हुई लिस्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने अपने खिलाड़ियों का लिस्ट जारी किया । इसमें वही जगह बना पाए जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था। झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवंम सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता प्राप्त कर पाए थे । ये सभी प्लेयर्स नेशनल चैम्पियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**जो इस प्रकार है**

अलीशा केरकेट्टा, मुकेश बोदरा, चन्द्रप्रकाश उपाध्याय, अंकित धान, राजा घोष, निराली गुरिया, बालाजी होरो, विवेक कच्छप, संजय कुमार, प्रियंका कुमारी, रिया कुमारी, स्वेता कुमारी, आहना मंडल, अंशु मिश्रा, अमृत मुंडा, अमर उरांव, प्रिशा पंकज, सृष्टिपत पिंगुआ, आर्यन प्रमाणिक, दिव्यांश श्रीवास्तव , ऋषि राज सिंह, सलोमी बालमुचू स्नेहा, अभिषेक तिरु,संदीप टोपनो,शीतल टोपनो, तवीशी वर्मा, जॉनसन खेस।

प्रतियोगित देहरादून में 9 मई से 12 मई तक कराटे आयोजित की गई है। ऑफिशियल्स 8 मई को रिपोर्टिंग करेंगे। स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन के सी ई वो सेंसाई के के सिंह, अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा ,सचिव सेंसाई हेजाज अकसद , राष्ट्रीय कोच शिहान रंजीत मेहता, राष्ट्रीय रेफरी कोशी नरेंद्र सिन्हा,शिहान शशि पांडे,सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, सेंसाई उदय कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने कि अग्रिम शुभकामनाएं दिए है।

### टेस्ला सीईओ एलन मस्क का ऐलान

## डीपफेक-शैलोफेक के खतरों को मात देगा एक्स का नया अपडेट

**नई दिल्ली।** डीपफेक के कई मामलों ने दुनियाभर में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। वहीं कई एक्सपर्ट्स व सेलेब्रिटीज ने इस मसले पर अपनी-अपनी चिंताएं भी व्यक्त की हैं। डीपफेक के खतरे को मात देने के लिए अब दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी के सीईओ ने अपेडट दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर के मुताबिक टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि एक्स पर इम्प्रूव्ड इमेज मैचिंग का एक नया अपडेट लॉन्च किया जा रहा है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डीपफेक के साथ-साथ शैलोफेक की भी निगरानी करेगा। एक्स ने एक पोस्ट में कहा कि, हमने अभी अपडेट जारी किया है, जो किसी भी फर्जी इमेज की निगरानी करेगा। मस्क ने कहा कि इस कदम से डीपफेक को हराने में मदद मिलेगी। शैलोफेक्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या अक की मदद के बिना तैयार की गई फोटोज, वीडियो और वॉयस क्लिप हैं, और व्यापक रूप से उपलब्ध एडिटिंग और सॉफ्टवेयर टूल का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। ऐसे में एक्सपर्ट्स ने फर्जी खबरों और डीपफेक के प्रसार के बारे में चेतावनी दी है, जिसका उद्देश्य चुनाव को प्रभावित करना है। इंडिपेंडेंट ओवरसाइट बोर्ड ने वैश्विक चुनावों को खतरे में डालने वाले डीपफेक से निपटने के लिए तत्काल कार्वाई का आह्वान किया है।

## सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण पीएलआई विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता खत्म करेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण के लिए मानक बनाने की कवायद शुरू कर दी है। उद्योग हितधारकों ने सोमवार को कहा कि यह कदम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने व निर्यात को और बढ़ाने के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक क्षेत्र के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना तैयार करने के लिए विभिन्न हितधारकों से उनके दृष्टिकोण मांगे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि इस कदम से मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) की अपने उत्पादों के लिए विभिन्न घटकों और उप-असेंबली की खरीद के लिए चीन और वियतनाम जैसे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने आईएएनएस को बताया, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड देश में संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए सरकार के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुराज ने कहा, ₹हम देश में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना का विस्तार करने के सरकार के प्रस्ताव का स्वागत करते हैं, जो वास्तव में आत्मनिर्भर भारत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सरकार के इस कदम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होंगे।

# अगले महीने भारत में बजाज लांच करेगी दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में सबसे सस्ती 400 सीसी मोटरसाइकल पल्सर एनएस400जी लॉन्च करने के बाद बजाज ऑटो ने एक ऐतिहासिक घोषणा की है। बजाज ऑटो लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव बजाज ने घोषणा की है कि आगामी 18 जून को भारत में दुनिया की पहली सीएनजी मोटरसाइकल लॉन्च होगी, जिसे उनकी टीम में ग्राहकों को किफायती और बेहतर प्रोडक्ट देने के वादे के साथ तैयार किया है।

इसके साथ ही राजीव बजाज ने यह भी कहा कि बजाज की आगामी सीएनजी बाइक की रनिंग कॉस्ट पेट्रोल से चलने वाली बाइक के मुकाबले कम होगी और यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।

**प्लैटिना सीएनजी आ सकती है!**

लंबे समय से हम सब सुनते आ रहे हैं कि बजाज ऑटो टू-व्हीलर इंडस्ट्री में कुछ ऐसा करने जा रही है, जो कि अब तक किसी ने नहीं किया। अब दुनिया की पहली सीएनजी बाइक लाने की घोषणा के बाद इसपर मुहर लग गई है। माना जा रहा है कि यह प्लैटिना सीरीज के तहत 100 सीसी या 110 सीसी सेगमेंट में आ सकती है, जिसकी माइलेज काफी जबरदस्त होने की संभावना है। बजाज के आगामी सीएनजी मोटरसाइकल में सीएनजी सिलिंडर का सेटअप ऐसे किया जा सकता है।

**परफॉर्मेंस भी बेहतर मिले**

बजाज ऑटो का सीएनजी बाइक लॉन्च करना न केवल भारत में परिवहन के क्षेत्र में क्रांति लाने की क्षमता रखता है, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ पहुंचा सकता है। दरअसल, इसके काफी सारे फायदे हो सकते हैं, जिनके बारे में हम आपको एक-एक करके बताने जा रहे हैं।

**पेट्रोल की तुलना में कम खचीर्ला**

सीएनजी पेट्रोल की तुलना में काफी सस्ता होगा, जिससे मोटरसाइकल चलाने की लागत कम हो सकती है।

**ज्यादा माइलेज**

सीएनजी से चलने वाली बाइक्स पेट्रोल मोटरसाइकलों की तुलना में ज्यादा माइलेज देने में सक्षम होंगी, जिससे ईंधन खर्च कम हो सकता है।

## सिप्ला व ग्लेनमार्क ने अमेरिका से दवाएं वापस मंगाई

**नई दिल्ली।** दवा निमार्ता कंपनी सिप्ला और ग्लेनमार्क ने विनिर्माण संबंधी समस्याओं के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले लीं हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, न्यू जर्सी में सिप्ला की सहायक कंपनी इप्राट्रोपियम ब्रोमाइड और एल्ब्युटेरोल सल्फेट इनहेलेशन सॉल्यूशन के 59,244 पैक वापस ले रही है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा, "रिस्प्यूल्स में कम मात्रा भरने और थैली में कुछ लिक्विड देखे जाने की शिकायतें मिलीं।"

## जेएनयू में पीजी कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने विभिन्न विशेषज्ञताओं में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए), मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी), और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण विंडो खोल दी है। इच्छुक उम्मीदवार विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पाठ्यक्रमों के लिए अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पीजी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 रात 11.50 बजे तक है।

### जेएनयू पीजी 2024 एडमिशन योग्यता

एमए पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले छात्रों के लिए पात्रता मानदंड यह है कि उम्मीदवार के पास यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्थान से शिक्षा के 10+2+3 पैर्टन में तकरीबन 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।

# कम चलायें गर्मी में सीएनजी कार नहीं तो हो सकता है नुकसान

**एजेंसी/नई दिल्ली। गर्मी का मौसम आ चुका है और ऐसे में सीएनजी कार चलाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि ये बातें आपकी कार के साथ ही आपके हेल्थ के लिए बेहद जरूरी हैं। गर्मी में जिस तरह आप तपते हैं, उसी प्रकार गाड़ी भी तपती है और ऐसे में कई बार नुकसान सी स्थिति बन जाती है। हालांकि, सीएनजी कारें पेट्रोल और डीजल कारों की तुलना में ज्यादा सुरक्षित मानी जाती हैं, लेकिन फिर भी गर्मी के मौसम में कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी होती हैं।**

**टायर प्रेशर का जरूर रखें ध्यान**

गर्मी में टायर का प्रेशर कम हो जाता है। ऐसे में हर हफ्ते टायरों की जांच करें और मैन्युफैक्चरर्स द्वारा टायरों के लिए बताए गए प्रेशर के अनुसार हवा भरें। कम प्रेशर से टायर फटने का खतरा बढ़ जाता है।

**इंजन ऑयल**

गर्मी में इंजन ऑयल पतला हो जाता है। ऐसे में कार कंपनी द्वारा बताए गए ग्रेड का इंजन ऑयल इस्तेमाल करें और समय-समय पर इसकी जांच करवाते रहें, जिससे इंजन को किसी प्रकार का नुकसान ना हो।



**सीएनजी टैंक**

सीएनजी टैंक को सीधी धूप से बचाकर रखें। कार को हमेशा छाया वाली जगह पर पार्क करें या फिर टैंक पर सनस्क्रीन कवर लगाएं। यह सुनिश्चित करें कि आपकी कार का सीएनजी टैंक अच्छी स्थिति में है और उसमें कोई रिसाव नहीं है। तेज गर्मी से टैंक में मौजूद गैस का दबाव बढ़ सकता है, जिससे रिसाव होने का खतरा बढ़ जाता है।

**कूलिंग सिस्टम**

अपनी कार के कूलिंग सिस्टम की जांच करवाते रहें और अगर जरूरी हो तो इसमें पानी और कूलेंट भरवाएं। पंखे और रेडिएटर की भी जांच करवा लें तो आपके और आपकी कार के लिए बेहतर रहेगा।

**एयर कंडीशनिंग**

एयर कंडीशनिंग सिस्टम को ठीक से काम करने के लिए सर्विस करवाएं। साथ ही एयर फिल्टर को भी नियमित रूप से बदलें। कार के अंदर एसी सही से चलता रहे तो फिर आप बहुत सी परेशानियों से बच सकेंगे।

**ब्रेक**

ब्रेक ऑयल की जांच करवाएं और अगर जरूरत हो तो इसे बदलवा लें। ब्रेक पैड की भी जांच करवा लें।

**इलेक्ट्रिकल सिस्टम**


कारों में बैटरी, वायरिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल कॉम्पोनेंट्स की रेगुलर जांच करवाते रहें, जिससे कि आपकी कार का सेहत सही रहे।






## मुख्य सचिव को लिखा गोपनीय पत्र नोटों के बंडल के साथ बरामद

# सीएम मामले में प्राथमिकी दर्ज करा कर सीबीआई जांच की अनुशंसा करें : मरांडी


फाइलस/ .F. No.:ECIR/RNSZO/16/2020 / ... Date: .05.2023

To,
The Chief Secretary,
Government of Jharkhand,
1st floor, Project Bhawan Building,
Dhurwa, Ranchi, Jharkhand.

Sub :- Sharing of Information under the provision of Section 66(2) of PML Act, 2002 regarding Veerendra Kumar Ram, the erstwhile Chief Engineer, Rural Development Special Zone and in an additional charge of Rural Works Department, Govt. of Jharkhand -Reg.

Sir,

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और इंडी गठबंधन सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है, प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है, खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का ड्डी फर्जी कागजात बनाकर लूटा। भाजपा नेता सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### नौकर के घर में मिला ईडी का गोपनीय पत्र

पूर्व सीएम बाबूलाल ने कहा कि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, उस पत्र को मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को भेज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, उस पत्र पर कार्रवाई करने की जगह ईडी का वह पत्र नोटों का बंडल के साथ मिला है। ईडी की गोपनीय चिट्ठी नौकर के नोटखाना तक पहुंच जाना बेहद शर्मनाक और संवेदनशील है। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग करते हुए कहा कि उस पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं और पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे।



### शहजादे तक पहुंच सकती है जांच

मरांडी ने कहा कि उनके बीच के दलाल-इंजीनियर भी जेल में बंद है। आज मिले पैसे या 350 करोड़ की जांच होगी, तो इसके तार कांग्रेस के शहजादे तक भी पहुंच जाएगी। वसूली का धंधा पिछले 4 वर्षों तक राज्य में जारी रहा। कल्पना सोरेन कहती है कि पति को फंसाया गया। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता है। 350 करोड़ रुपये कांग्रेस नेता के यहां से मिले। 20 करोड़ रुपये एक आईएएस के ठिकानों से मिलता है। आज कांग्रेसी मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से पैसे मिले हैं।

### पैसे से लड़ना चाहते हैं चुनाव

नौकर के घर जब इतना पैसा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, दलाल- बिचौलियों के घर छापेमारी की जाए तो पता नहीं कितने रुपए मिलेंगे। इंडी गठबंधन पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहा है। हेमंत का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

### धीरज के घर मिला था 350 करोड़

पूर्व सीएम बाबूलाल ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती 1 दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। ठीक से जांच होने पर वर्तमान या पूर्व सीएम की संलिप्तता भी नजर आएगी। राज्य में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौलिया के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपए के नोट मिले थे। आज एक बार फिर राज्य के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपए मिले हैं। राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।

### पीएस के घर 40 करोड़ तो मंत्री के घर कितना होगा : अर्जुन मुंडा

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने



झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम के पीएस के घर ईडी की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपये पर सोमवार को कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस के घर से 25 से 30 करोड़ रुपये मिल रहे तो मंत्री के पास कितना होगा। उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं।

# गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी : सम्राट

*एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह सीट के लिए भरा नामांकन पर्चा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के बाद जैनामोड़ के बांधडीह हाई स्कूल मैदान में जन आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित किया। बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जन आशीर्वाद नामांकन सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। केंद्र सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई करना है। एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है।



### जेएमएम-कांग्रेस विकास विरोधी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। यह जमीन, पत्थर, कोयला, बालू लूटने वाली सरकार है। राज्य समेत देश की जनता गांव, गरीबों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी।

### भ्रष्टाचार की सभी हदें कर दी पार : सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे। कहा, झारखंड की सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। एक और काली कमाई ने चार साल की करतूतों को उजागर कर दिया है।

### जनता अपना समर्थन देगी : चंद्र प्रकाश

एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल जन सैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में इस कार्यकाल में कई विकास कार्यों की शुरूआत की गई है जिसका लाभ जनता को मिल रहा है। धन्यवाद ज्ञापन पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक लंबोदर महतो द्वारा किया गया।

# दो चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन को मिल रहा बहुमत : गुलाम अहमद मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यशस्वनी सहाय के नामांकन के उपरांत मोरहाबादी मैदान में एक विशाल सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रदेश कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस नामांकन सभा में प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता कांग्रेस विधायक दल सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश में अब तक 184 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है, जिनमें जनता के रूझान के मुताबिक लगभग 125 सीटें इंडिया गठबंधन को प्राप्त होने जा रहा है। यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है और झारखंड में इस बार क्रांति होने जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को जबरदस्त खतरा है। हम इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से इसके खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे।



# रांची से 33 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को 16 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। इस तरह रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किये हैं। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वालों में कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, निर्दलीय से संतोष कुमार जयसवाल, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय से ऐनुल अंसारी, निर्दलीय से संदीप उरांव, भागीदारी पार्टी (पी) से श्याम बिहारी प्रजापति, निर्दलीय से संजय कुमार महतो, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय से प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय से मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों की ओर से जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नामाकंन किया गया। इससे पहले नामांकन करने वालों में मिंटू पासवान, रामहरि गोप ,अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ, हरिनाथ साहू, अंजनी पांडे, धनंजय भगत, मनोरंजन भट्टाचार्य, मनोज कुमार, बिरेंद्र नाथ मांझी, धर्मेंद्र तिवारी, निपु सिंह, देवेंद्र नाथ महतो, प्रवीण कच्छप, कामेश्वर प्रसाद साव शामिल है।

### 07 मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक उम्मीदवार वापस ले सकेंगे नाम

उपायुक्त ने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल किये नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी सात मई को होगी। उम्मीदवार 09 मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और चार जून को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**पीए के करीबियों के पास से...**

सरकार को जोरदार तरीके से घेरा है वही मंत्री आलमगीर आलम ने पूरे मामले से पल्ला झाड़ लिया है।

**कैश की गिनती के लिए पीएनबी से आए मशीन और बक्से :** संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के गाड़ीखाना स्थित सैयद अपार्टमेंट में बरामद नोट की गिनती के लिए ईडी के अधिकारियों ने अरगोडा स्थित पंजाब नेशनल बैंक से मशीन और कर्मी बुला कर नोटों की गिनती कराई। जिसके बाद 12 बक्से में भर कर नोटों के बंडल को पीएनबी के चेस्ट में रखा गया।

**झारखंड में मिला नोटों का पहाड़ : मोदी**

ओडिशा के नबरंगपुर में जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में मिले नोटों के पहाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि वहां फिर नोटों का पहाड़ मिला है। मालूम हो कि इसके पूर्व भी एक कांग्रेसी राज्यसभा सदस्य के कई ठिकानों से 350 करोड़ रुपये मिले थे।

**गिरफ्तार इंजीनियर...**

सिविल इंजिनियर कुलदीप मिंज के घर पर छापेमारी की। जेल में बंद इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम कार्रवाई कर रही है। वहीं, तकरीबन एक साल पहले जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान अनियमितताओं और उसके एवज में धन अर्जित करने को लेकर गिरफ्तार किया था। दरअसल ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए शेल कंपनियों का सहारा लिया गया था। इसी क्रम में मिले इनपुट् के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। ईडी की छापेमारी में राजनेता, अधिकारी और इन से जुड़े करीबियों के यहां कार्रवाई चल रही है।

**कोविड-19 की कोविशील्ड वैक्सीन...**

हार्ट अटैक का आना हो सकते हैं। श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपने हार्ट अटैक पर बात की है। दावा किया है कि वो इस बात को नकार नहीं सकते हैं कि कोविड-19 वैक्सीन का उनके हार्ट अटैक से कोई लेना-देना नहीं।

**रांची से इंडी की यशस्विनी...**

आज से नए जीवन की शुरूआत कर रही है। उनकी बेटी सोशल एक्टिविस्ट रही है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है। जनता उसे आशीर्वाद देगी। वह पेशे से अधिवक्ता है। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि पूरे राज्य में इंडी गठबंधन की लहर है। सभी 14 सीटों पर गठबंधन की जीत होगी। वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। महतो ने बोकारो के निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के समक्ष दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से राजग के आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने भी सोमवार को नामांकन किया।

**नए लुक में दिखे हेमंत...**

से कुछ तस्वीरें भी साझा की गई हैं। इन तस्वीरों में भी वे पिता शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। साथ ही यह भी दिख रहा है कि उनकी मां उन्हें दुलार कर रही हैं। पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी हैं। एक शायरी भी साझा की गई है, जिसमें लिखा है 'उसे गुमां है कि मेरी उड़ान कुछ कम है, मुझे यकीं है कि ये आसमान कुछ कम है।'

# राहुल के दौरे को लेकर कांग्रसियों ने की तैयारियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कांग्रेस नेताओं के एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा की साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निदेर्शो से अवगत कराया। कांग्रेस प्रवक्ता शांति ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में टाटा कॉलेज मैदान तथा गुमला जिले के बसिया प्रखंड के कोनवीर में राहुल गांधी की सभा प्रायोजित है। सभा के माध्यम से देश और राज्य के हर वह मुद्दे उठेंगे जो देश की जनता के लिए जरूरी है। देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर मे देश की जनता की एकजुटता जरूरी है, जिस तरह से जनता ने चुनाव के दो चरणों में इंडिया गठबंधन के प्रति अपना विश्वास जगाया है आगे भी यह दौर जारी रहेगा। चुनाव के आगे के चरणों में जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझने की जरूरत है भाजपा जनता के बीच आपसी मतभेद बनाकर चुनाव का रुख दूसरी ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रही है जिसके कारण बौखलाहट में भाजपा नेता रोज तरह-तरह के झूठे बयानों का सहारा ले रहे हैं।

तैयारी की समीक्षा के लिए दल में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको,मानस सिन्हा, रविंद्र सिंह सतीश पॉल मुंजनी,मदन मोहन शर्मा, सुखेर भगत,चैतू उराँव भानु प्रताप बड़ाईक शामिल थे।



## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भाजपा में हुई घर वापसी



**रांची।** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सोमवार को भाजपा में वापसी कर ली। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ और पूर्व सांसद महेश पोद्दार की मौजूदगी में उनके आवास पर उन्हें पार्टी में शामिल कराया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर उनसे मुलाकात भी की थी। गौरतलब है कि रामटहल चौधरी रांची लोकसभा चुनाव में टिकट की आस में भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे। लेकिन कांग्रेस में टिकट नहीं मिलने पर पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मैं पार्टी से बाहर गया ही नहीं था। मैंने पार्टी से त्याग पत्र दे दिया था, लेकिन पार्टी ने उनके त्याग पत्र को स्वीकार ही नहीं किया और ना ही पार्टी से निष्कासित किया। तब मुझे लगा कि भाजपा मेरी कदर जानती है। इस वजह से मैं पुनः पार्टी में शामिल हो गया। भाजपा को हमारे अनुभव का फायदा मिलेगा। हम लोगों ने साइकिल से पार्टी को यहां तक पहुंचा है। आज आप जो देख रहे हैं वह हम लोगों की मेहनत का नतीजा है।

### हर साख पे आलमगीर बैठा है, अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा : तरुण चुग

**रांची ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग सोमवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर नई दिल्ली से रांची पहुंचे। तरुण चुग ने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गई है। अब तो मंत्री और कांग्रेस पार्टी विधायक दल के नेता के घर से ईडी की कार्रवाई में करोड़ों रुपये नकदी बरामद हो रहे हैं। तरुण ने कहा कि झारखंड के हर साख पर एक आलमगीर बैठा है। ऐसे में ठगबंधन की सरकार में अंजाम-ए-झारखंड क्या होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ये पैसे किनके हैं। साथ ही कहा कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

### यशस्विनी के नामांकन में भारी संख्या में युवा कांग्रेसी हुए शामिल

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन किया। इससे पूर्व अपने धुर्वा स्थित आवास से निकली, जिसमें युवा कांग्रेस महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में करीब दर्जनों मोटरसाइकिल में युवाओं की टोली जुलूस के रूप में आगे आगे चलती रही। युवा कांग्रेस कार्यकताओं का जत्था विभिन्न मार्गो से होते हुए समाहरणालय के समीप पहुंचा। यहां यशस्विनी सहाय के नामांकन के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में मोराबादी स्थित सभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची महानगर कांग्रेस के सचिव रविंद्र कुमार, नीतीश कुमार, सूरज शर्मा, केके वर्मा,नीरज सांगा, आर्या नायक, अभिषेक कुमार, छोटू वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।


नामांकन करने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सीएम से आशीर्वाद लिया।

### राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज जारी होगा अधिसूचना

**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा सीट के लिए एक जून को वोट डाले जायेंगे। सातवें चरण में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना निर्गत करने की तिथि सात मई को होगी। 14 मई तक नामांकन फाइल किया जा सकेगा। 15 मई को स्क्रूटनी होगी। नाम वापसी की तिथि 17 मई है। एक जून को वोटिंग और चार जून को मतगणना होगी। यह जानकारी सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने दी। अपर समाहर्ता ने बताया कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 17,02,033 मतदाता हैं। साहेबगंज जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 8,60,854 है। इसमें पुरुष वोटरों की संख्या 4,33,755 व महिलाओं की 4,27,094 है। थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 05 है। इसके अलावा पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल 8,41,179 वोटर हैं। इनमें पुरुषों की संख्या 4,16,158 व महिला 4,25,019 हैं। थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 02 है। साथ ही बताया कि सभी चेकपोस्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन संबंधी बिंदुओं की भी जानकारी दी। अपर समाहर्ता ने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो, इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। पोलिंग पार्टी का गठन भी रैंडमाइजेशन से होगा।

### झारखंड हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में मधुपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।






# बघेल को रायबरेली व गहलोत को अमेठी का बनाया ऑब्जर्वर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने अमेठी और रायबरेली संसदीय सीटों पर कांग्रेस के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को बतौर सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इस निर्णय के अंतर्गत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायबरेली सीट पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अमेठी सीट पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सीनियर ऑब्जर्वर बनाया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अमेठी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने किशोरी लाल शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर लंबे समय से नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य लोकसभा चुनाव लड़ते रहे हैं। राजनीतिक हलकों में इन सीटों को गांधी-नेहरू परिवार के गढ़ के रूप में भी देखा जाता है। हालांकि इस बार कांग्रेस पार्टी ने अमेठी संसदीय सीट से गैर नेहरू-गांधी परिवार वाले व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमेठी सीट से उम्मीदवार बनाए गए किशोरी लाल शर्मा को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का करीबी माना जाता है। सोनिया गांधी जब रायबरेली से सांसद थी, तब से किशोरी लाल शर्मा रायबरेली सीट पर सांसद प्रतिनिधि के रूप में काम करते रहे हैं। रायबरेली और अमेठी दोनों ही संसदीय क्षेत्रों में 20 मई को मतदान होना है। राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से और किशोरी लाल शर्मा अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

## ओडिशा से पीएम मोदी का इंडी गठबंधन पर जुबानी प्रहार

# 'झारखंड में मिला नोटों का पहाड़...'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओडिशा के नबरंगपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए झारखंड में ईडी की रेड का जिक्र किया और कांग्रेस के साथ ही इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा, मैं गरीब मां का बेटा हूं और मुझे गरीब का दर्द समझ में आता है। मैं एक रुपए भेजूंगा और एक पाई भी किसी को खाने नहीं दूंगा। जो खाएगा, वो जेल जाकर खाना खाएगा, जेल की रोटी चबाएगा। अभी आप घर जाकर टीवी में देखना, यहां पड़ोस में झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। लोगों का चोरी किया हुआ माल मोदी पकड़ रहा है। अगर मैं इनकी चोरी और लूट बंद कर दूं। ये मोदी को गाली देंगे या नहीं। लेकिन, मुझे गाली खाकर आपकी पाई-पाई और आपके हक का पैसा बचाना चाहिए या नहीं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, इसलिए मोदी ने जनधन खातों, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि गरीबों का पैसा लूटना बंद हो गया। अब घर बनाने का पैसा सीधा आपके खाते में, गैस का पैसा सीधा आपके खाते में, मनरेगा का पैसा सीधा आपके खाते में, किसान सम्मान निधि का पैसा आपके खाते में यानी सबको सीधा लाभ कोई भेदभाव नहीं और ये 'मोदी की गारंटी' है।

उन्होंने कहा, आपका उत्साह साफ-साफ बता रहा है कि इस बार बीजद जाएगी और भाजपा आएगी। ओडिशा में पहली बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। ओडिशा को भाजपा का पहला सीएम मिलेगा और ओडिशा की बेटी या बेटा ही यहां सीएम बनेगा। कोई बाहर वाला नहीं बनेगा। आपके पड़ोस में ही छत्तीसगढ़ है, वहां 15 साल भाजपा की सरकार रही, हाल ही में प्रदेश की जनता ने फिर से भाजपा को भारी बहुमत से चुन लिया। आज छत्तीसगढ़ की सरकार को एक आदिवासी बेटा चला रहा है। भाजपा, छत्तीसगढ़ को संवार रही है। बता दें कि झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव कुमार और उनके घरेलू नौकर के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में करीब 25 करोड़ कैश बरामद हुआ। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को चुनावी रैली में प्रतिक्रिया दी।

### ओडिशा अमीर, जनता गरीब, यह पाप कांग्रेस-बीजेडी ने किया : मोदी



**ब्रह्मपुर।** भाजपा के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया। वहां के लोगों ने भाजपा को जिताया और अब त्रिपुरा तेज गति से विकास कर रहा है। उत्तर प्रदेश कानून-व्यवस्था के लिए बदनाम हो चुका था। हमें मौका दिया योगी जी बैठे और आज उत्तर प्रदेश विकास कर रहा है। उन्होंने कहा, चार जून को बीजेडी सरकार की एक्सपाइरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है और छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## जंग-ए-मैदान



भोपाल में लोकसभा चुनाव से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) एकत्र करने के बाद मतदान अधिकारी मतदान केंद्रों के लिए सोमवार को रवाना हुए।



कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार सोमवार को नई दिल्ली में मंत्री गोपाल राय और अन्य की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



मेदिनीपुर से तृणमूल उम्मीदवार जून माल्या ने सोमवार को विभिन्न मंदिरों में पूजा कर नामांकन दाखिल किया। मेदिनीपुर में 25 मई को मतदान होगा। सोमवार को नामांकन जमा करने का आखिरी दिन है।



बसपा उम्मीदवार राज कुमार आनंद सोमवार को नई दिल्ली में लोस चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे।




बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश प्रसाद सिंह ने महाराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया।

### मुंगेर पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने की बाहुबली नेता अनंत सिंह की तारीफ

**मुंगेर।** मुंगेर पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पैरोल पर बाहर आए अनंत सिंह की खूब तारीफ की। उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के दौरान अनंत सिंह की पत्नी की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनको पता है कि इनके पति से मेरे पुराने संबंध रहे हैं। अनंत सिंह की पत्नी हाल ही में राजद छोड़ जदयू में शामिल हुई हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि बीच में थोड़ा बहुत इधर-उधर हो गए थे। अब इधर आ गए हैं। इनको मालूम है, उनके पति से हमारा संबंध पुराना है। इनके पिताजी से हमारे पिताजी का पुराना रिश्ता था। दो बार बीच में इधर-उधर हो गए। मोकामा से चार बार विधायक रहे अनंत सिंह हाल ही में 14 दिनों की पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। अनंत सिंह राजद और जदयू दोनों ही दलों से विधायक रह चुके हैं। 2005 में पहली बार वो जदयू की टिकट पर विधायक बने थे। लेकिन, 2015 में किसी बात पर असहमति होने की वजह से उनका जदयू से मोहभंग हो गया था। इसके बाद 2020 के विधानसभा चुनाव में वो राजद की टिकट पर चुनाव लड़े थे।

## भाजपा आरक्षण छीनने और संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही : राहुल



**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़ों से आरक्षण छीनना चाहती है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म की जाएगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ-रतलाम संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं कि उनकी सरकार बनने पर आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लिया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाएंगे। आरक्षण पर अदालत ने 50 प्रतिशत की लिमिट लगा रखी है, उसे हटा देंगे और गरीबों को, पिछड़ों को, दलितों और आदिवासियों को जितने आरक्षण की जरूरत है, उतना आरक्षण देने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। संविधान को भाजपा और आरएसएस खत्म करना चाहती है, इसे बदलना चाहती है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन का जो हक है, वह सब संविधान ने दिया है। मोदी सरकार आपके अधिकार को छीनना चाहती है, यह उनका लक्ष्य है। हम आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं। हमने फैसला किया है कि जातीय जनगणना कराई जाएगी। इससे देश की राजनीति बदलने जा रही है। इसके अलावा किसानों की कर्ज माफी की होगी। युवाओं को पहली नौकरी पक्की होगी, जिसमें एक साल तक साढ़े आठ हजार रुपये माह मिलेंगे।

# बंगाल में 30 से अधिक सीटों पर भाजपा की जीत पक्की : शाह



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि इस बार राज्य में 30 से अधिक लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत पक्की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय के समर्थन में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में एक रोड शो के मौके पर मीडियाकर्मियों से कहा, "हमें कम से कम 30 सीटों पर अपनी जीत का भरोसा है। यह भी संभव है कि इस बार राज्य से बीजेपी की कुल सीटें 35 तक पहुंच जाए।" गृह मंत्री ने कहा, "इस रोड शो में विशाल जनसमूह की उत्साहपूर्ण भागीदारी से मैं अभिभूत हूं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ रुकनी चाहिए या नहीं, सीएए लागू होना चाहिए या नहीं, ये गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए या नहीं? भ्रष्टाचार का ये युग खत्म होना चाहिए या नहीं।" उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस राज्य के लोगों को ऐसे खतरों से मुक्ति नहीं दिला सकती। उन्होंने लोगों से बिना किसी डर के मतदान करने की भी अपील की। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने इस बार राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गुंडों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे इस बार आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।"2019 में बीजेपी ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटें जीती थीं।

### प. बंगाल के कृष्णानगर में शाह ने किया रोड शो

**कृष्णानगर।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया। क्षेत्र के बेलडांगा मोड़ से दोपहर करीब 12:30 बजे रोड शो शुरू हुआ। अमित शाह प्रदेश भाजपा नेताओं के साथ एक सजे हुए वाहन की छत पर खड़े नजर आए। रोड शो के दौरान सैकड़ों लोग भाजपा के झंडे लहराते और "जय श्री राम", "नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद" और "भाजपा जिंदाबाद" जैसे नारे लगाते नजर आए। 2019 में भाजपा इस निर्वाचन क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रही थी और टीएमसी की महुआ मोइत्रा ने यह सीट जीती थी। मोइत्रा को पिछले साल कैश-फॉर-क्वेरी घोटाले में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। टीएमसी ने उन्हें इस सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता रॉय को उम्मीदवार बनाया है। रोड शो के दौरान अमृता रॉय भीड़ का अभिवादन करती नजर आईं। इस निर्वाचन क्षेत्र में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

# तीसरे चरण में 54 प्रत्याशियों की सियासी किस्मत का फैसला

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव के तहत बिहार में तीसरे चरण के होने वाले मतदान को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अंतिम समय में भी हर मुमकिन कोशिश में लगे हुए हैं। तीसरे चरण में मंगलवार को बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से पांच झंझारपुर, अररिया, सुपौल, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में मतदाता मतदान करेंगे। इस चरण में मतदाता जदयू के रामप्रीत मंडल, भाजपा के प्रदीप कुमार सिंह सहित 54 उम्मीदवारों के राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें तीन महिला प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण में 19 प्रत्याशी निर्दलीय हैं। इस चरण में सर्वाधिक 15 उम्मीदवार सुपौल और सबसे कम मधेपुरा में आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। बिहार निर्वाचन आयोग के मुताबिक बिहार में तीसरे चरण के चुनाव में कुल 98.60 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनके लिए 9,848 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। मतदान के मद्देनजर नेपाल की सीमा को सील कर दिया गया है तथा चौकसी बढ़ा दी गयी है। इस चरण में प्रमुख प्रत्याशियों की बात करें तो सभी पांच क्षेत्रों में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। सुपौल और झंझारपुर में लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने की कोशिश की जा रही है। इन सभी सीटों पर 2019 के संसदीय चुनाव में एनडीए ने परचम लहराया है। इस चुनाव में एनडीए ने जहां इन सभी सीटों को बरकरार रखने को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं, महागठबंधन इन सीटों पर जीत को लेकर प्रयासरत है। इन पांच सीटों में इस बार तीन सीटों पर एनडीए के मुकाबले राजद, जबकि एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और अन्य पर माकपा के उम्मीदवार हैं। मधेपुरा सीट पर जदयू ने एक बार फिर दिनेश चंद्र यादव को उतारा है, जिनका मुकाबला राजद के प्रो. कुमार चंद्रदीप से है। झंझारपुर में मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबले में जदयू ने एकबार फिर रामप्रीत मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है।

दिलचस्प चुनावी लड़ाई के आसार



### पीएम चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे : तेजस्वी

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मंगलवार को बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इससे पहले राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मोदी पर निशाना साधा। उनका कहना है कि पीएम मोदी चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने सोमवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, बचपन से सुनते आए हैं कि समाज के बड़े-बुजुर्ग ज्ञान-ध्यान और काम की बातें करते हैं, लेकिन यहां तो 74 वर्षीय प्रधानमंत्री बुजुर्ग होने के बावजूद चुनाव में एक भी काम की बात नहीं कर रहे है? उन्होंने आगे कहा, हम नव पीढ़ी के लोग केवल नौकरी, रोजगार, शिक्षा-चिकित्सा और विकास की सकारात्मक बातें ही कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री विभाजनकारी, वैर एवं नफरत को बढ़ावा देने वाली नकारात्मक बातें ही कर रहे है।

# आंध्र प्रदेश के भविष्य को आकार देंगे 13 मई के चुनाव : सीएम जगन

**एजेंसी। अमरावती**

लोकसभा चुनाव को लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि 13 मई को 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए एक साथ होने वाला चुनाव सिर्फ विधायकों या सांसदों को चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि यह चल रही योजनाओं को मजबूत कर राज्य के भविष्य को आकार देने के बारे में है। बापटला जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष ने लोगों से कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू पर भरोसा करने से अक्सर विश्वासघात होता है।

उन्होंने कहा कि पिछले 59 महीनों में राज्य में कल्याण और विकास की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।



सीएम रेड्डी ने कहा, "बिना किसी भ्रष्टाचार या भेदभाव के 2.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे राज्य के लोगों को सीधा लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, वाईएसआरसीपी ने 2019 के घोषणापत्र में किए गए 99 प्रतिशत वादों को पूरा किया। सरकार ने 2.31 लाख नौकरियां पैदा कीं। उन्होंने कहा, हमारा राज्य एक विशाल कृषि क्षेत्र है। पांच साल पहले, आपने इस खेत की देखभाल की जिम्मेदारी एक किसान, अपने बच्चे, जगन को सौंपी थी। पिछले पांच वर्षों में हमने कई योजनाएं शुरू की, परिवर्तन लागू किए, सुधार लागू किए और क्रांतिकारी पहलों का नेतृत्व किया।" सीएम रेड्डी ने कहा, आपके बच्चे ने, एक मेहनती किसान की तरह, प्रगति के इन बीजों को विकसित किया है, जिससे हर घर में विकास, कल्याण, खुशी और उज्जवल भविष्य की फसल पैदा हुई है।

"तब से पांच साल बीत चुके हैं। प्रत्येक घर, गांव, कस्बे और सामाजिक वर्ग में रोपे गए बीजों का पोषण और संवर्धन किया गया है। आज आपके किसान, आपके बच्चे, आपके भाई जगन ने विकास और कल्याण द्वारा चिह्नित भविष्य के बीज बोए हैं।" सीएम रेड्डी ने कहा, अगले 15 वर्षों में आप इन फसलों को मजबूत पेड़ों में परिपक्व होते हुए देखेंगे, जो गरीबों की नियति को नया आकार देंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

